# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : मंगलवार, 21 जुलाई, 2026 | वर्ष -01 | अंक-155 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 20 की मौत, 100 लापता

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के नूरिस्तान प्रांत में सोमवार को भारी बारिश के बाद अचानक आई बाढ़ में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। करीब 80 लोग घायल हुए हैं, जबकि 100 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। अफगानिस्तान की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्मद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बताया कि इस बाढ़ से प्रांत में भारी जान-माल का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रांतीय आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी प्रभावित इलाकों में पहुंच गए हैं। वहां राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। टीमें मृतकों के शव निकालने, घायलों को बचाने और लापता लोगों की तलाश में जुटी हैं।

### सिक्किम की निमार्णाधीन टनल पर लैंडस्लाइड, 27 मजदूर फंसे

**सिक्किम।** सिक्किम में सोमवार को एक टनल पर लैंडस्लाइड होने से उसका एंट्री गेट बंद हो गया, जिससे अंदर मौजूद 27 मजदूर फंस गए। नामची जिले के मामरिंग में बन रही समरदुंग सुरंग में निर्माण कार्य चल रहा था। जिला कलेक्टर अनुपा तामलिंग ने बताया कि सुरंग में फंसे मजदूरों की सही संख्या 27 से कम या ज्यादा भी हो सकती है। सुरंग के अंदर गैस होने की वजह से राहत और बचाव कार्य में काफी मुश्किलें आ रही हैं।

### पुंछ में बादल फटने से भूस्खलन, 7 की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के लोरन इलाके में बीती रात हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर तबाही मचा दी। लगातार हो रही भारी बारिश के बीच अचानक बादल फटने से एक बड़ा भूस्खलन हुआ, जिसने एक रिहायशी मकान को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना लोरन गांव के ऊंचाई वाले इलाके में हुई।

### मुजफ्फरपुर में रिटायर्ड बैंककर्मी दंपति की हत्या

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र स्थित रामबाग इलाके में सोमवार शाम बदमाशों ने घर में घुसकर पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी और उनकी पत्नी की हत्या कर दी। इस दोहरे हत्याकांड से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी गई है। मृतकों की पहचान पंजाब नेशनल बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी अशोक कुमार और उनकी पत्नी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने पहले अशोक कुमार पर चाकू से कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### घूसखोर थानाध्यक्ष रंगेहाथ गिरफ्तार

**पटना (एनएसबी)** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफे निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सोमवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने पटना जिले के साम्यागढ़ थाना परिसर में बड़ी कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष सौरभ कुमार को 27 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया. निगरानी की टीम उन्हें अपने साथ लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार इस मामले में निगरानी थाना कांड संख्या-085/26 दिनांक 17 जुलाई 2026 को दर्ज किया गया था। प्रहलादपुर निवासी मनोज कुमार ने ब्यूरो के समक्ष लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि साम्यागढ़ थानाध्यक्ष क्षेत्र में जेसीबी मशीन चलाने के एवज में उनसे साप्ताहिक रिश्वत की मांग कर रहे थे।

## मानसून सत्र के पहले दिन बिहार विधानसभा में हंगामा

# नीट पेपर लीक व वांगचुक का मुद्दा सदन में विपक्ष ने उठाया

## वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट किया पेश

**पटना (एनएसबी)।** बिहार विधान मंडल का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। कार्यवाही शुरू होने के साथ ही विपक्ष के विधायकों ने नीट पेपर लीक के विरोध में हंगामा किया और केंद्रीय शिक्षा मत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष के समझाने के बाद विधायक शांत हुए। नीतीश कुमार 21 साल बाद किसी भी सदन में दिखाई नहीं दिए। वहीं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सदन में नदारद रहे। वो परिवार के साथ विदेश दौरे पर हैं। हालांकि आज उनके पटना आने की खबर है।

### हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही आज स्थगित

**87 हजार करोड़ 383 करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट :** वहीं हंगामे के बीच सदन में वित्त मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ने वित्तीय वर्ष 2026-27 का पहला अनुपूरक बजट सदन पटल पर रखा। 87 हजार करोड़ 383 करोड़ रुपए का बजट पेश किया गया है। स्कीम मद में 57 हजार 77 करोड़ रुपए, वेतन पेंशन में 32 हजार 265 करोड़ रुपए, सेंट्रल स्कीम मद में 39.48 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके बाद दिवंगत नेताओं का श्रद्धांजलि दी गई। जिसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।





### बिहार को आगे ले जाना है : निशांत कुमार

विधान परिषद में सभापति ने एमएलसी को बोलने को कहा, तभी निशांत अचानक खड़े हो गए। सभापति ने कहा कि निशांत जी बोलेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेरा पहला दिन है। मुझसे भूल हुई हो, तो क्षमा करें। सदन में हम लोगों का प्रदर्शन बेहतर हो। हम एक टीम की तरह काम करें। निशांत ने कहा कि मैं युवाओं से कहना चाहूंगा कि सदन में आएं तो इसकी गरिमा बनाए रखें। 20 साल में हमारी सरकार ने शिक्षा, रोजगार, मजदूर, युवा सभी के लिए काम किया। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार को आगे ले जाना है।

### नीट पेपरलीक के विरोध में जमकर की नारेबाजी

इधर, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भी नीट पेपरलीक को लेकर विपक्षी विधायकों ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर पैदल मार्च किया। विपक्ष ने विधानसभा परिसर में पोस्टर के साथ नारेबाजी की।

**पहली बार सदन पहुंचे निशांत :** नीतीश कुमार के बेटे और स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार पहली बार विधान परिषद पहुंचे। निशांत कुमार का आज जन्मदिन भी है, जैसे ही वो विधानसभा पहुंचे तो सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं ने बधाई दी। इसी दौरान पोर्टिको में विपक्षी विधायक प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान पोर्टिको में विपक्ष के विधायकों के बीच फंसे दिखे।

# सूबे में आकाशीय बिजली गिरने से 11 की गई जान

दैनिक नव संदेश

**पटना ।** बिहार के कई जिलों में हो रही लगातार बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। बिहार और नेपाल में रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण कोसी नदी का जलस्तर में उतार-चढ़ाव जारी है। कोसी बराज के 56 में से 31 फाटक खोल दिए गए। सोमवार सुबह बराज से कुल 1,96,625 क्यूसेक पानी का डिस्चार्ज किया गया है। वहीं बीते 24 घंटे में राज्य के विभिन्न जिलों में आकाशीय बिजली गिरने से 11 लोगों को मौत हो गई है। नालंदा में 3, छपरा-सीवान-भोजपुर में 2-2 और बक्सर-रोहतास में एक-एक की जान चली गई।

पटना, समस्तीपुर, बक्सर, नालंदा, वैशाली, बेगूसराय, लखीसराय और खगड़िया में आज बारिश हुई। लखीसराय में कल से लगातार बारिश हो रही है। जमालपुर किउल रेल रूट के कजरा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक डूब गया है। रेलवे को 2 घंटे तक भागलपुर-सूरत सुपरफास्ट, जमालपुर-किऊल डीएमयू और गया-जमालपुर पैसेंजर समेत कई ट्रेनों को आसपास के स्टेशनों पर रोकना पड़ा। गति कम कर ट्रेनों को रवाना किया जा रहा है। मुंगेर में भी रात से लगातार हो रही बारिश के बाद जमालपुर रेल कारखाना का विभिन्न वर्कशॉप में पानी भर गया है, जिससे काम ठप पड़ गया है। वहीं खगड़िया, अररिया, जमुई में भी सड़कें पानी से लबालब हैं। बेगूसराय को मंसूरचक प्रखंड से जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर पानी भर गया है। जीडी कॉलेज जलमग्न है, सड़क किनारे बसे घरों में पानी घुस गया है।



### कई जिलों में हो रही लगातार बारिश, लखीसराय में रेलवे ट्रैक डूबा

### कोसी बराज के 31 फाटक खोले, 1,96,625 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज

पश्चिम चंपारण के भुलटोला सिरिसिया गांव में एक किसान की मगरमच्छ के हमले से मौत हो गई। मृतक की पहचान भुलटोला सिरिसिया निवासी केदार बैठा (45) के रूप में हुई है। बारिश की वजह से नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ था। केदार भपसा नदी पार कर रहे थे। इस दौरान मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मौसम विभाग की माने तो बिहार अगले 48 घंटे भारी बारिश का अलर्ट है।

## हंगामे के बीच संसद में मानसून सत्र की शुरुआत

# चढ़ावा चोरी, पेपर लीक को लेकर संसद में जमकर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार को संसद के मानसून सत्र का पहला दिन था । हालांकि पहले ही दिन संसद में सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जबरदस्त तकरार देखने को मिली। संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा होता और कार्यवाही स्थगित होती रही। राज्यसभा की कुल 6 बार कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इसके बावजूद भी हंगामे की स्थिति बनी रही और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। उधर लोकसभा में भी विपक्ष के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सात बार स्थगित की गई बाद में कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

### जंतर-मंतर पर लाठीचार्ज से बच्चों की आवाज दबा रही सरकार : खड़गे

लोकसभा की कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में सरकार और विपक्ष के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा को लेकर मतभेद सामने आए। विपक्षी दलों ने अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा ह्यघोटालेह्न, नीट प्रश्नपत्र लीक, एथनॉल नीति, मणिपुर की स्थिति, किसानों और निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली समेत कई विषयों पर चर्चा की मांग की, जबकि सरकार ने दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र के लिए आठ विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं और यदि कोई अतिरिक्त विधायी कामकाज होगा तो उसके बारे में कार्य मंत्रणा समिति में चर्चा की जाएगी और राजनीतिक दलों को सूचित किया जाएगा।



### भारत को अनुभवी सांसदों के ज्ञान की जरूरत है : पीएम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच, संसद के सुचारू कामकाज, सार्थक चर्चा और देश को आगे बढ़ाने के सामूहिक संकल्प को सुनिश्चित करने के लिए भारत को अनुभवी सांसदों के ज्ञान की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने सांसदों से उत्पादक बहस में शामिल होने और यह सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया कि 'हर आवाज को मौका मिले'।

## अयोध्या से लौट रहे मोतिहारी के 3 युवकों की सड़क हादसे में मौत

**अयोध्या (एजेंसी)।** मोतिहारी अयोध्या से मोतिहारी लौट रहे तीन युवकों की उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में भीषण सड़क हादसे (कार और बस की टक्कर) में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा 19 जुलाई की शाम बस्ती-अयोध्या हाईवे (NH-27) पर नगर थाना क्षेत्र के रिठिया ओवरब्रिज के पास हुआ कार चालक का तेज रफ्तार के कारण संतुलन बिगड़ गया, जिससे कार डिवाइडर तोड़कर दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रही एक प्राइवेट बस से टकरा गई इस दुर्घटना में पूर्वी चंपारण के पिपरा थाना क्षेत्र के चिंतावनपुर निवासी कुंदन कुमार (32), केसरिया थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासी पंकज कुमार (40), और रितिक कुमार (40) की जान चली गई।

# पटना सिटी में कारोबारी से 50 लाख की डकैती

दैनिक नव संदेश

### छत से घुसे 10 बदमाश, हथियार दिखाकर परिवार को बनाया बंधक

**पटना।** पटना सिटी के भगवानगंज थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित चांदनी अलंकार ज्वेलरी दुकान और घर में घुसकर हथियारबंद अपराधियों ने 50 लाख से अधिक की डकैती को अंजाम देकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दिया है।

अपराधियों ने हथियार के दम पर परिवार वालों को बंधक बनाया। फिर लगभग 50 लाख रुपये के सोने और चांदी के गहने लूटकर सभी बदमाश फरार हो गए। अपराधियों ने ज्वेलरी व्यवसायी की बाइक भी साथ ले गए, जो जहानाबाद में मिली। दुकान के मालिक दीपक सोनी ने बताया कि रविवार की रात हमारा परिवार सो रहा था। रात लगभग एक से डेढ़ बजे के बीच 10 हथियार बंद लुटेरे घर के पीछे से सीढ़ी के जरिए छत पर चढ़े और अंदर आ गए। घर में घुसते ही उन लोगों ने परिवार के सभी लोगों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद अपराधियों ने तिजोरी की चाबी मांगी। उसके बाद बदमाश ये कहने लगे कि साथ चलकर नीचे दुकान की तिजोरी खोलो। बार-बार हथियार दिखाने पर मैंने दुकान में जाकर तिजोरी खोल दी। इसके बाद अपराधियों ने तिजोरी में रखे लगभग 200-250 ग्राम सोने के जेवर और 15 किलो चांदी लूट लिए। दुकान लूटने के बाद अपराधियों ने घर की महिलाओं के पहने हुए जेवर भी उतरवा लिए। साथ ही गोदरेज में रखे गए सोना-चांदी के जेवर भी लूटे और फरार हो गए।



### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

घटना की सूचना मिलते ही भगवानगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाल रही है। पुलिस के मुताबिक कारोबारी की बाइक जहानाबाद से बरामद कर ली गई है। पुलिस अपराधियों की पहचान में जुटी है।

# CJP का जंतर-मंतर पर दोबारा प्रदर्शन शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी ने जंतर-मंतर पर सोमवार रात 10.30 बजे से फिर से प्रदर्शन शुरू कर दिया है। सीजेपी ने दोबारा मंच तैयार किया है और अब वे जंतर-मंतर के अंदर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले सुबह 8 से शाम 5 बजे तक सीजेपी के संसद तक मार्च निकालने के दौरान कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। इसके बाद पुलिस ने शाम 5 बजे तक जंतर-मंतर को खाली करा दिया था। दरअसल प्रदर्शनकारियों ने सुबह 10 बजे बैरिकेड तोड़कर संसद की ओर मार्च किया था। आंदोलनकारी जंतर-मंतर से संसद मार्ग, जनपथ चौराहा, वॉर मेमोरियल, कर्तव्य पथ, विजय चौक होते हुए संसद के करीब पहुंचे थे। संसद में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई, मुख्य द्वार बंद कर दिया गया। पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। देर शाम को पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं। इसमें 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी और इतने ही प्रदर्शनकारी भी घायल हुए।



### समर्थकों ने फिर मंच बनाया पुलिस ने संसद मार्च के बाद प्रदर्शनकारियों को हटाया था

## समस्तीपुर : स्कूल जा रही छात्रा की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर में छात्रा को गोली मारकर हत्यो कर दी गयी. घटना पूसा थाना क्षेत्र के केजिया वार्ड-13 मलंग स्थान की है। छात्रा स्कूल जा रही थी, इसी दौरान अपराधियों ने गोली मारकर उसे मौत के घाट उतार दिया. मृतक की पहचान 15 वर्षीय सोनम कुमारी, पिता उमेश ठाकुर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार मृतका पूसा कस्तूरबा विद्यालय की छात्रा थी. सोमवार की सुबह अपनी साइकिल से स्कूल जा रही थी।

# श्रद्धालु आस्था व स्वाभिमान का संदेश लेकर जा रहे सोमनाथ : सम्राट

## स्पेशल ट्रेन से जा रहे 1,150 श्रद्धालुओं के जत्थे को सीएम ने दिखाई हरी झंडी

**पटना (एनएसबी) ।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत सोमवार को पाटलिपुत्र जंक्शन से सोमनाथ यात्रा का शुभारंभ करते हुए 1,150 श्रद्धालुओं के जत्थे के स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


सीएम ने श्रद्धालुओं से ट्रेन में जाकर भेंट की, सुविधाओं की जानकारी ली और उनके सुखद यात्रा की कामना की। दीप प्रज्वलन, डमरू का वादन और शंख ध्वनि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने बिहारवासियों की तरफ से श्रद्धालु शोभा सिंह को कलश तथा अजीत कुमार को ध्वज सौंपा। कार्यक्रम का आयोजन सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (अटूट आस्था की गौरव गाथा) की भावना के अनुरूप श्रद्धा, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव के वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सीएम ने भगवान सोमनाथ की यात्रा पर जा रहे सभी श्रद्धालुओं का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि पूरे बिहार से 1,150 श्रद्धालु इस पावन यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के साथ जा रहे ध्वज एवं कलश बिहार की आस्था, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं। यह यात्रा कई राज्यों से होकर गुजरेगी, इसमें श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ख्याल रखा गया है। आप सभी श्रद्धालुओं से आग्रह है कि यात्रा के दौरान बिहार की आस्था और स्वाभिमान का संदेश फैलायें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान सोमनाथ के आशीर्वाद से गुजरात और देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भगवान सोमनाथ की कृपा से बिहार भी विकास, समृद्धि और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए शिखर को प्राप्त करेगा। इस अवसर पर कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम को उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सरावगी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजीव चौरसिया, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री ने शोभा सिंह को कलश तथा अजीत कुमार को ध्वज सौंपा

# लालू इलाज के लिए दिल्ली रवाना, एम्स में होगा चेकअप

**पटना (एनएसबी)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव बेहतर इलाज के लिए सोमवार को दिल्ली रवाना हो गए। उनके साथ पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और सांसद बेटी मीसा भारती भी मौजूद रहीं। दिल्ली रवाना होने के दौरान मीसा भारती ने बताया कि लालू यादव का इलाज पहले से ही दिल्ली एम्स में चल रहा है। इसी कारण उन्हें आगे के इलाज और डॉक्टरों की सलाह के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पत्नी को लेकर सवाल पूछे जाने पर मीसा भारती ने कहा, यह तो सरकार की देखने की चीज है कि उन्हें सुरक्षा मिली हुई है कि नहीं मिली हुई है। सुनने में यह आया है कि डीएम और एसपी भी उनके साथ थे। सरकार को तो उन डीएम और एसपी पर कार्रवाई करनी चाहिए, उनको जनता के लिए रखा गया है या फिर मुख्यमंत्री की पत्नी के लिए रखा है। किस हैसियत से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की पत्नी कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंची थी।



बता दें कि शुक्रवार को लालू यादव की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें पटना स्थित आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी स्वास्थ्य जांच की और करीब दो घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा।

## खबरें : एक नजर में

### मुख्यमंत्री आरएसएस के एजेंडों पर कार्य कर रहे हैं : डा. उर्मिला ठाकुर

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल की प्रदेश प्रवक्ता-सह-बिहार विधान परिषद की सदस्य डा. उर्मिला ठाकुर ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बड़ी ही चालाकी के साथ आरएसएस के एजेंडों पर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिहार के 551 विद्यालयों में बिना कोई विकास की राशि देकर, विद्यालयों का रंग भगवा कर मडल स्कूल बतलाकर, विद्यालयों का नाम सरस्वती विद्या निकेतन रख दिया और बिहार के गरीब जनता की गाढ़ी मेहनत से कमाई गई राशि को पानी की तरह बहाकर विद्यालयों का उद्घाटन कर सस्ती लोकप्रियता हासिल कर रहे हैं। बिहार के विभिन्न जिलों में जिन-जिन महापुरुषों ने अपनी करोड़ों की कीमती जमीनों को दान देकर शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया, उनकी आत्मा भी मर्माहत होगी। डा. ठाकुर ने कहा विद्यालयों का नाम बड़ी चालाकी के साथ मिटाने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है।


डा. उर्मिला ठाकुर।

### एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के अभ्यर्थी 22 से अंक पत्र देख सकेंगे

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बीपीएससी के परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक एकीकृत 70वीं संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अभ्यर्थी 22 जुलाई से अपना अंक पत्र आयोग के वेबसाइट पर अपने 69वीं एवं 70वीं ओटीआर के यूजर नेम एवं पासवर्ड से लगिंग करने के उपरांत अपने इंटीग्रेटेड 70जी के डैशबोर्ड पर इंटीग्रेटेड 70जी डंतो बटन पर क्लिक करके देख सकते है।

### मनीष सिन्हा ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट किया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक मनीष सिन्हा ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से उनके नई दिल्ली के निवास पर शिष्टाचार भेंट किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर संगठनात्मक विषयों, जनसेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं तथा पार्टी के कार्यक्रमों एवं बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के परिपेक्ष में विस्तृत एवं सार्थक चर्चा कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।


बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट करते मनीष सिन्हा।

### समय पर मिला बीमा का पैसा

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जीवन बीमा की असली अहमियत तब समझ आती है, जब मुश्किल समय में परिवार को बिना भागदौड़ और बिना देरी के पैसा मिल जाए। यही भरोसा मजबूत करने की दिशा में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अपने ग्राहकों को 4,666 करोड़ रुपए के क्लेम और मैच्योरिटी का भुगतान किया। इस दौरान, कंपनी ने 1,306 करोड़ रुपए मृत्यु दावों के तहत और 3,360 करोड़ रुपए मैच्योरिटी व सर्वाइवल बेनेफिट्स के रूप में दिए। कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेशियो 99.3 प्रतिशत रहा। वहीं, जिन दावों में जाँच की जरूरत नहीं थी, उनका भुगतान औसतन एक दिन में कर दिया गया। पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 27.8 प्रतिशत बढ़कर 386 करोड़ रुपए रहा। वहीं, टर्म प्लान (रिटेल प्रोटेक्शन) कारोबार में 60.4 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी के बोर्ड ने नाम बदलकर आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। हालाँकि, इसके लिए नियामकीय मंजूरी मिलना बाकी है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ अनुप बागची ने कहा, ग्राहक हमेशा हमारी पहली प्राथमिकता रहे हैं। 99.3 प्रतिशत क्लेम सेटलमेंट रेशियो और बिना जाँच वाले दावों का एक दिन में भुगतान इस बात का सबूत है कि जरूरत के समय हम अपने ग्राहकों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि कंपनी आगे भी एआई और डिजिटल तकनीक के जरिए सेवाओं को और आसान बनाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बेहतर और तेज बीमा सेवाएँ पहुँच सकें।

### जन सुराज पार्टी के दर्जनों नेताओं ने राजद की सदस्यता ग्रहण की

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के समक्ष जन सुराज पार्टी के मो फिरोज खान, मो इरशाद, मो साकिब, मो अयान, मो साहिल, मो जाहिद, मो असलम, मो राजिक सहित दर्जनों नेताओं ने आज राष्ट्रीय जनता दल की सदस्यता ग्रहण की।
इस अवसर पर प्रदेश राजद के पूर्व मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन, प्रदेश राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डक्टर अनवर आलम, पूर्व विधायक अबू दोजाना, प्रदेश महासचिव श्री


प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के साथ नेता।

विनोद यादव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव मो शहजाद अशरफी सहित अन्य गणमान्य नेतागण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर मंगनी लाल मंडल ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का परिणाम राष्ट्रीय जनता दल के पक्ष में जाएगा क्योंकि पिछले चार दशक से एक ही पार्टी और एक ही परिवार ने इस क्षेत्र को विकास से कोसों दूर रखा है । और सिर्फ आडंबर और जुमलाबाजी की राजनीति की है। पीआर एजेंसी के माध्यम से भ्रम की राजनीति को मजबूती प्रदान करने के लिए ही जन सुराज पार्टी चुनाव में खड़ी है, ताकि सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की धारा को कमजोर किया जा सके।

# मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता से समझौता नहीं : शिक्षा मंत्री

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने साफ तौर पर कहा है कि मध्याहन भोजन (मिड डे मील) की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्यालयों के बच्चों को सुरक्षित, पौष्टिक और गर्म भोजन उपलब्ध कराना सभी संबंधित संस्थाओं की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा जताया कि आधारभूत संरचना के मामले में बिहार एक वर्ष बाद अन्य राज्यों से आगे निकल जाएगा।

विकास भवन स्थित शिक्षा विभाग के सभागार में रविवार को मध्याहन भोजन योजना से संबद्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री ने योजना के संचालन, भोजन की गुणवत्ता तथा वितरण व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की।

बैठक के दौरान श्री तिवारी ने निर्देश दिया कि विद्यालयों में बच्चों को हर हाल में गर्म भोजन परोसा जाए। इसके लिए सभी सेंट्रलाइज्ड किचेन संचालित करने वाली संस्थाएं अगले दो माह के भीतर स्टील के बर्तनों के स्थान पर इंसुलेटेड बर्तनों की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि भोजन का तापमान और गुणवत्ता बनी रहे। उन्होंने हर प्रखंड में सेंट्रलाइज्ड किचेन और बड़े प्रखंडों में दो किचेन खोलने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भोजन तैयार होने से लेकर विद्यालयों


विकास भवन स्थित शिक्षा विभाग के सभागार में रविवार को मध्याह्न भोजन योजना से संबद्ध स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों व आपूर्तिकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री में।

में बच्चों को परोसे जाने तक की पूरी प्रक्रिया अधिकतम 3 से 4 घंटे के भीतर पूरी होनी चाहिए। कई स्थानों से ऐसी शिकायतें मिली हैं कि 7 से 8 घंटे पूर्व तैयार भोजन बच्चों को परोसा जा रहा है। यह स्थिति स्वीकार्य नहीं है और इसमें तत्काल सुधार किया जाना जरूरी है। अब प्रखंड साधनसेवी इसकी नियमित निगरानी करेंगे और पोर्टल पर तस्वीर अपलोड करेंगे। सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से इन सब पर नजर रखी जाएगी।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि मिड डे मील का संचालन करने वाली संस्थाएं यदि दूसरे को जिम्मेदारी सौंपने के बजाय खुद निगरानी की व्यवस्था मजबूत करें तो अधिकांश शिकायतों का स्वतः समाधान हो जाएगा। उन्होंने संस्थाओं को निर्देश दिया कि ऐसी व्यवस्था विकसित करें, जिसमें

**हर हाल में बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराएं, दो माह में इंसुलेटेड बर्तनों की व्यवस्था करें**

**हर प्रखंड में सेंट्रलाइज्ड किचेन और बड़े प्रखंडों में दो किचेन की व्यवस्था पर दिया जोर**

**एमडीएम पर सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से रखी जाएगी नजर**

**शिक्षा मंत्री ने मिड डे मील से जुड़ीं संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक में दिए कई निर्देश**

किसी भी अनधित व्यक्ति की भूमिका की गुंजाइश न रहे। श्री तिवारी ने कहा कि संचालन संबंधी किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल मध्याहन भोजन निदेशक अथवा उनके कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए ताकि समयबद्ध समाधान किया जा सके।

उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं बेहतर कार्य करेंगी और निर्धारित मानकों का पालन करेंगी, सरकार भविष्य में उनके हितों का भी समुचित ध्यान रखेगी। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि आने वाले समय में मध्या भोजन योजना से जुड़ी संस्थाओं की जिम्मेदारियां और बढ़ाई जाएंगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विभाग इस विषय पर गंभीरता से विचार कर रहा है कि भोजन निर्माण और उसके वितरण का काम एक ही संस्था को सौंपा जाए। इससे जवाबदेही तय होगी तथा भोजन की गुणवत्ता और वितरण व्यवस्था में और अधिक सुधार आएगा।

## जीरो अफिस डे : दो दिवसीय अभियान के तहत 45 हजार पीएम आवासों की हुई जमीनी जांच

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** ग्रामीण विकास विभाग की ओर से 16 और 17 जुलाई को पंचायतों में चलाए गए जीरो अफिस डे अभियान के तहत पीएम आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की जांच की गई। प्रशासनिक पदाधिकारियों के स्तर पर चलाए गए इस विशेष अभियान में राज्यभर में कुल 45 हजार 569 आवासों का निरीक्षण किया गया। इसमें 15 हजार 269 आवास प्लिंथ स्तर तक और 16 हजार 796 आवासों की छत ढलाई स्तर पूरे पाए गए। जबकि 13 हजार 504 लाभार्थियों के आवास का निर्माण कार्य लंबित पाया गया। लंबित कार्यो को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों के लिए जारी किए गए हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण के दौरान आवास एप के माध्यम से पूर्ण 13 हजार 73 आवासों की डिजिटल जियो-टैगिंग सुनिश्चित की गई। इनमें छत की ढलाई स्तर पर 8 हजार 290 आवास और प्लिंथ स्तर पर 4 हजार 783 आवास शामिल हैं। इस अभियान के दौरान भूमिहीन एवं प्रवासी लाभार्थियों का सर्वे कार्य भी किया

**सरकार के संयुक्त सचिव ने दिए थे सभी उप विकास आयुक्तों को निर्देश**

**डोर-टू-डोर पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों ने जाना आवास निर्माण का हाल**

गया। अधिकारियों ने प्रतीक्षा सूची में दर्ज 10 हजार 896 भूमिहीन परिवारों में 2 हजार 87 परिवारों का भौतिक सत्यापन पूरा करवाया। साथ ही संबंधित लोगों को अपूर्ण आवासों के निर्माण में तेजी लाने, आवास योजना के लाभार्थियों को किस्त की राशि पारदर्शी तरीके से मुहैया कराने और स्थाई रूप से पलायन कर चुके या अनिच्छुक लाभार्थियों की सूची को नियमानुसार अपडेट करने आदि के निर्देश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि पंचायत स्तर पर ग्रामीण विकास विभाग की संचालित योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन और अनुश्रवण की दिशा में विभाग ने दो दिवसीय जीरो अफिस डे मनाया।

## मानसून सत्र राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण : डा. प्रेम कुमार

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के प्रथम दिन अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने प्रारंभिक संबोधन में कहा कि मानसून सत्र राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान अनेक विधायी, वित्तीय एवं जनहित से जुड़े विषय सदन के समक्ष आएँगे। मैं सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों से आग्रह करता हूँ कि वे लोकतांत्रिक परंपराओं का सम्मान करते हुए सदन की कार्यवाही में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। स्वस्थ बहस, सार्थक विमर्श और रचनात्मक सहयोग ही लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति हैं। इसके माध्यम से ही यह सदन उच्च आदर्शों के अनुरूप नई कार्य-संस्कृति स्थापित कर पाएगी। इस पाँच दिवसीय सत्र के दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल, विधायी कार्य तथा विभिन्न विषयों पर होने वाली चर्चाओं में सक्रिय, तथ्यपूर्ण और रचनात्मक भागीदारी करें। बिहार के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के भविष्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और सुशासन जैसे विषयों पर सार्थक विमर्श करें। यह सदन बहस का मंच है, संघर्ष का नहीं: तर्क का मंच है, कटुता का नहीं: समाधान का मंच है, टकराव का नहीं।


अष्टादश बिहार विधान सभा के तृतीय सत्र के प्रथम दिन अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार से शिष्टाचार भेंट कर सत्र संचालन के लिए शुभकामनाएं देते मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी।

## बांकीपुर विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पूरी ताकत झोंकी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बांकीपुर विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने पूरी ताकत झोंक दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निर्देशन में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान, पिछड़ा-अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव महेन्द्र विश्वकर्मा, सुभाष प्रजापति, संजीव कुमार, पिछड़ा अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के पटना पूर्वी जिलाध्यक्ष माया देवी, रवि शंकर कुमार, सूरज कुमार गुप्ता ने सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। मीठापुर बी एरिया, पुरन्दरपुर, चांदपुर बेला, डीभीसी कलोनी में घर-घर जाकर लोगों से एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को कमल चुनाव चिन्ह पर वोट देकर भारी मतों से विजय बनाने का अपील किया। आगे डा. सत्यानंद शर्मा ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा के पक्ष में जनता गोलबंद है। रिकार्ड मतों से चुनाव में जीत होगी।


जनसंपर्क अभियान चलाते राष्ट्रीय महासचिव डा सत्यानंद शर्मा व अन्य।

## उच्च शिक्षा मंत्री से मिला बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय अधिनियम संशोधन पर जताई गंभीर आपत्ति

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वेंकटेश कुमार, महामंत्री रोहित कुमार एवं उपाध्यक्ष प्रेमचंद के नेतृत्व में महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उच्च शिक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट कर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित विश्वविद्यालय अधिनियम में संशोधन की तैयारियों पर महासंघ की गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा।

महासंघ ने कहा कि विश्वविद्यालय अधिनियम में किसी भी प्रकार का संशोधन करने से पूर्व विश्वविद्यालयों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा संबंधित सभी पक्षों से व्यापक विचार-विमर्श एवं समन्वय स्थापित किया जाना आवश्यक है। बिना संवाद एवं सहमति के किए गए संशोधन भविष्य में प्रशासनिक, शैक्षणिक तथा कर्मचारियों के सेवा हितों से संबंधित अनेक जटिल समस्याओं को जन्म दे सकते हैं। महासंघ ने मंत्री से आग्रह किया कि सरकार इस विषय पर सभी हितधारकों के साथ सार्थक संवाद स्थापित कर आपसी सहमति एवं समन्वय के आधार पर समाधान निकाले, जिससे उच्च शिक्षा व्यवस्था की गरिमा बनी रहे तथा भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या असंतोष उत्पन्न न हो।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी खेद व्यक्त किया कि पिछले कई वर्षो से राज्य सरकार एवं बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के बीच नियमित वार्ता का अभाव रहा है। महासंघ ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के समाधान तथा उच्च शिक्षा व्यवस्था के सुद्दीकरण के लिए सरकार और महासंघ के बीच नियमित संवाद एवं सकारात्मक वार्ता अत्यंत आवश्यक है। उच्च शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा ज्ञापन पर सकारात्मक विचार करने एवं संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बांकीपुर में रिकार्ड मत से जीतेंगे नीरज सिन्हा : प्रो. रणबीर नंदन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि पटना भाजपा का गढ़ रहा है और आगे भी भाजपा का गढ़ बना रहेगा । बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा रिकार्ड मत से जीत हासिल करेंगे। प्रो नंदन बांकीपुर विधान क्षेत्र के वार्ड नंबर 17 के जयप्रकाश नगर के नारायण उत्सव हल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भाजपा को देशभर में केवल दो सीटें आयी थी और आज देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकार है । यह सब हमारे देव दुलर्भ कार्यकर्ताओं की देन है। इस चुनाव में नया रिकार्ड बनाने के लिए एनडीए के कार्यकर्ता हरदिन दस लोगों को मतदान के लिए प्रेरति करें।

प्रो नंदन ने कहा कि एडीए की सरकार में लोगों के मन से 15 साल के आतंक का भय समाप्त हुआ है और प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। बिहार में मुख्यमंत्री साईकिल योजना ने तो बिहार में बालिका शिक्षा के क्षेत्र में नयी क्रांति ला दी है। इसी का देन है कि जहां पहले प्रदेश में नौवी कक्षा में एक से डेढ़ लाख बच्चियां पढ़ती थी आज बिहार में नौवीं कक्षा में पढ़ने वाली बालिकाओं की संख्या 13 लाख से ज्यादा है।


लोगो को संबोधित करते बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष व पूर्व विधान पार्षद प्रो रणबीर नंदन।

उन्होंने कहा कि एक नेता जो इस चुनाव प्रत्याशी हैं वे कभी नीतीश कुमार का तो कभी लालू प्रसाद तो कभी लालू प्रसाद की नाम का माला जपते थे। आज विधान सभा चुनाव में समाप्त हुए बजूद को बचाने के लिए चुनाव में हैं जनता उनको पहचानती हैऔर उनको सही सबक सिखाएगी।

इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू के सेक्टर अध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार सिंह, संचालन पूर्व वार्ड पार्षद मुकेश कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन वरीय भाजपा नेता अजय सिंह ने किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता संजय सहाय, हिमांशु चर्तुवेदी, अखिलानंद पांडेय, राजेश कुमार, विशाल वर्मा, विजय श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में एनडीए कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार को श्रवण कुमार ने जन्मदिवस की दी बधाई

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार सोमवार को 45 साल के हो गए। इस मौके पर विभिन्न नेताओं ने उन्हें जन्मदिवस की बधाई दी। ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री तथा जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने भी स्वास्थ्य मंत्री को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

श्री कुमार ने निशांत कुमार के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे बिहार की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने में अपना योगदान देते रहें। आगे कहा कि वे अपनी मेहनत, लगन और कर्मठता से एक अच्छे नेता के रूप में उभर रहें और युवाओं को भी प्रेरित कर रहे हैं। निशांत कुमार को जन्मदिन पर शुभेच्छाओं का सिलसिला लगातार जारी है।

## खबरें खास-खास

### राजद प्रत्याशी का रोड शो मीठापुर मुख्य कार्यालय एवं लंगर टोली में किया गया

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल प्रत्याशी रेखा गुप्ता के समर्थन में राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के द्वारा मीठापुर मुख्य कार्यालय से एक रोड शो का आयोजन किया गया रोड शो मीठापुर मंडी सब्जी मंडी गया लाइन गुमटी होते हुए अनीता सिंह हस्पिटल से पुरंदरपुर गोरिया मठ में जाकर समाप्त हो गया रोड शो में राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव रणविजय साहू पूर्व मंत्री आलोक मेहता प्रदेश महासचिव भाई अरुण कुमार अफरोज आलम महिला सेल अध्यक्ष अनीता भारती पासवान सुनीता कुशवाहा उपेंद्र चंद्रवंशी गणेश यादव प्रदीप गुप्ता संजीत गुप्ता जितेंद्र कुमार शाहित हजारों लोगों ने रोड मार्च में हिस्सा लिया दूसरा रोड मार्च साहू भवन नगर टोली से निकल गया। वहीं दूसरी ओर सिपारा वार्ड नंबर 30 में पूर्व विधायक सुदई यादव के नेतृत्व में एक बैठक हुई जिसमें बाढ़ से इसके अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के अलावा बल्ली यादव मदन शर्मा विक्की यादव गणेश यादव नगीना राय समेत सैकडो लोगों ने बैठक में भाग लिया और जनसंपर्क अभियान चलाया।


रोड शो का आयोजन।

### सम्राट चौधरी की सरकार ने शिक्षा के भगवाकरण की नीति अपनाई, घटक दल में चुप्पी क्यों : एजाज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने जनता दल यु और एनडीए के अन्य घटक दलों के नेताओं से पूछा है कि क्या बिहार में शिक्षा के भगवाकरण की राजनीति को इन लोगों ने स्वीकार कर लिया है । सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली भाजपा नीति सरकार ने 551 विद्यालयों को जिस तरह से भगवा रंग में रंग कर और सभी विद्यालय का नामकरण शिशु विद्या केंद्र रखकर जिस तरह से मडल स्कूल के नाम पर राजनीति की है उस मुद्दे पर जनता दल यू,लोजपा (राम विलास) ,हम पार्टी और लोक मोर्चा के नेताओं ने चुप्पी क्यों साध रखी हैं। एजाज ने आगे कहा कि बिहार में आरएसएस के विचारधारा के अनुसार शिक्षा में भगवाकरण का समावेश करके इसका आगाज सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली सरकार ने कर दिया गया है। बिहार के 551 विद्यालयों को मॉडल स्कूल के नाम पर सरस्वती विद्या केंद्र (आदर्श विद्यालय) नामकरण करके 551 विद्यालयों के भवन को भगवा रंग में रंग दिया है, जो भारत की गंगा जमुना संस्कृति के खिलाफ सोच को प्रकट करता है। जिस तरह से आरएसएस के विचारों के अनुसार शिक्षा के भगवाकरण की राजनीति की गई है उस मामले पर जनता दल यू और एनडीए के अन्य घटक दल भाजपा के विचारधारा के अनुसार सत्ता में भागीदारी करके इस तरह की राजनीति को स्वीकार कर लेने की स्वीति प्रदान कर दी है । इस संबंध में जनता दल यु और एनडीए के अन्य घटक दलों के नेताओं को स्थिति स्पष्ट करना चाहिए।


एजाज अहमद।

### राज्यभर में कैंसर, मधुमेह सहित अन्य बीमारियों की विशेष स्क्रीनिंग के लिए निर्देश जारी


**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्यभर में कैंसर सहित गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में स्वास्थ्य मंत्री श्री निशांत द्वारा हाल ही में की गई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मंत्री के निर्देशों के अनुपालन हेतु राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार ने राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष स्क्रीनिंग अभियान के सफल संचालन हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

असंयमित खानपान, तंबाकू एवं धूम्रपान के सेवन तथा अन्य जोखिम कारकों से होने वाले नुकसान के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए, स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रारंभिक चरण में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसे आगे और अधिक सघन बनाया जाएगा।' जारी आदेश के अनुसार राज्य के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल एवं जिला अस्पतालों में विशेष स्क्रीनिंग अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कैंसर के साथ-साथ उच्च रक्तचाप, मधुमेह, सीओपीडी, एनीमिया सहित अन्य गैर-संचारी रोगों की जांच एवं समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता लोगों को इलाज उपलब्ध कराने के साथ ही, राज्य के प्रत्येक नागरिक तक स्क्रीनिंग की सुविधा को पहुंचाकर बीमारी की प्रारंभिक अवस्था में पहचान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि कैंसर एवं अन्य गैर-संचारी रोगों का समय पर पता चलने से मरीजों का उपचार अधिक प्रभावी ढंग से हो पाएगा। राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा जारी निर्देशों में सभी स्वास्थ्य संस्थानों को आवश्यक दवाओं, डायगोस्टिक किट, रिएजेंट्स एवं कंज्यूमेबल्स की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आवश्यक जांच सुविधाओं को मजबूत करते हुए स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित मरीजों को शीघ्र उपचार एवं रेफरल सेवाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया है। पहचान एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार की रणनीति पर कार्य कर रही है। विभाग द्वारा जारी यह विशेष अभियान राज्य में कैंसर सहित अन्य गैर-संचारी रोगों के नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा तथा आमजन को उनके घर के निकट बेहतर जांच एवं उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### संसद मार्च कर रहे युवाओं पर लाठीचार्ज व आँसू गैस छोड़ना लोकतंत्र की हत्या : अरुण यादव

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद मार्च कर रहे शांतिपूर्ण आंदोलनकारी युवाओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा आँसू गैस के गोले छोड़े जाने और लाठीचार्ज की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में आंदोलनकारियों की आवाज को आँसू गैस और पुलिस बल के सहारे दबाया नहीं जा सकता। राजद प्रवक्ता ने कहा कि आंदोलनकारी युवा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा, पेपर लीक रोकने के लिए सख्त कानून बने, राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा सुधार, परीक्षा एजेंसियों की जवाबदेही और पारदर्शी व्यवस्था, प्रभावित छात्रों को मदद और परिजनों को मुआवजा की मांग को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से संसद की ओर मार्च कर रहे थे। आंदोलनकारियों की मांग पूरी तरह जायज है।


अरुण कुमार यादव।

देश का छात्र-युवा लगातार पेपर लीक, भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं और शिक्षा व्यवस्था की बदहाली से परेशान है। जिसके कारण लगातार छात्र-छात्रा आत्महत्या करने पर मजबूर हो रहे हैं।पिछले दिनों नीट पेपर लीक से आहत होकर दर्जनों छात्रों ने आत्महत्या कर ली। इन गंभीर सवालों का जवाब देने के बजाय केंद्र सरकार दमन का रास्ता अपना रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।


### जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए केंद्र से मांगा 100 करोड़ का विशेष पैकेज

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार की जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए राज्य सरकार ने केंद्र के समक्ष 100 करोड़ रुपये के विशेष पैकेज का प्रस्ताव रखा है। इस पैकेज की मदद से इन इलाकों में जनजाति समुदाय के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार, शोध संस्थान, कौशल विकास केंद्र समेत अन्य कई क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। सूबे के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र कुमार रौशन ने सोमवार को केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम से नई दिल्ली स्थित उनके मंत्रालय में मुलाकात कर जनजातीय समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और सांसतिक विकास से संबंधित ज्ञापन सौंपा। बिहार में अनुसूचित जनजाति समुदाय की संख्या करीब 22 लाख है, जिन्हें इस पैकेज से सीधा लाभ मिलेगा। मंत्री ने केंद्र सरकार के स्तर से चलाए जा रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत पटना एम्स में सेंटर ऑफ कम्पिटेंस फार सिकेल सेल एनेमिया बीमारी के उपचार के लिए विशेष सेंटर की स्थापना के लिए 7.86 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को जल्द मंजूरी देने का आग्रह किया।

# डीएम ने पंचायत सरकार भवन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व कार्य एवं राशन कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा

**वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, बीडीओ,सीओ एवं संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व कार्यों, फार्मर रजिस्ट्रेशन, राशन कार्ड निर्माण सहित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी तथा राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे।


समीक्षा करते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

बैठक की शुरूआत सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की समीक्षा से हुई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पेंशनधारियों का लाइफ सर्टिफिकेट एवं आधार सीडिंग समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी वृद्ध पेंशनधारी की मृत्यु हो जाती है, तो उसे समय पर चिन्हित कर सुनिश्चित करें।बैठक में पंचायत सरकार भवन के बारे मे अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में 24 स्थानों पर पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य लंबित है।इस पर जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों एवं पंचायती राज पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित पंचायत सरकार भवनों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाए। जहां निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां संबंधित अंचलाधिकारी एक सप्ताह के भीतर वैकल्पिक एवं उपयुक्त सरकारी भूमि चिन्हित कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जहां भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां बिना विलंब निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाय। विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों से निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतिम आदेश हेतु लंबित सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन किया जाए। राजस्व कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। परिमार्जन के लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक किसानों का फार्मर रजिस्ट्रेशन कराया जा सके।अगले सोमवार को विशेष अभियान चलाकर 4,000 फार्मर रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र परिवारों का अधिक से अधिक राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें।

## संभावित बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह सजग रहे प्रखंड प्रशासन : अंजनी भारती

**प्रखंड प्रमुख ने कहा कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**

**कुशेश्वरस्थान पूर्वी (एनएसबी)।** प्रखंड प्रशासन ने बाढ़ को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बाढ़ प्रबंधन एवं राहत कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजनी भारती ने की। बैठक में अंचलाधिकारी राकेश रोशन भारती समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


बैठक में प्रखंड प्रमुख, उप प्रमुख, बीडीओ एवं अन्य।

बैठक में सभी पंचायतों में बाढ़ की स्थिति पर 24 घंटे निगरानी रखने, प्रभावित क्षेत्रों में नावों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त नावों की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि किसी भी आपदा की सूचना मिलते ही राहत एवं बचाव दल तत्काल मौके पर पहुंचे। प्रखंड प्रमुख अंजनी भारती ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों तक समय पर राहत पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई होगी।बैठक में तटबंधों की सुरक्षा, कटाव संभावित स्थलों की निगरानी, बाढ़ शरण स्थलों की तैयारी, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्था, राहत सामग्री, दवाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति बनाए रखने तथा पशुओं के लिए चारा एवं टीकाकरण की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। समीक्षा बैठक में केवटगामा क्षेत्र में सिंचाई नाला और नलकूप के पास जलजमाव की समस्या भी उठी। अधिकारियों को जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था करने तथा भू-अतिक्रमण हटाकर आवागमन एवं सिंचाई व्यवस्था को सुचारु बनाने के निर्देश दिए गए।

अंचलाधिकारी राकेश रोशन भारती ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि बाढ़ सुरक्षा को देखते हुए तटबंधों की नियमित मरम्मत कराई जा रही है । प्रखंड प्रमुख ने कहा कि बाढ़ के दौरान लोगों को पेयजल, भोजन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। मौके पर उप मुखय पार्षद सुजीत पासवान, जिला परिषद प्रतिनिधि राम शंकर शर्मा,मुखिया राजेश पासवान,नगर पंचायत भाजपा महिला अध्यक्ष राखी आनंद, नवल राय, मोहम्मद इस्लाम, सज्जन राय सहित सम्बन्धित विभाग के कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे.

## अमृत सरोबर की योजना जांच में दोषी अभियंताओं अधिकारयों तथा निर्माण एजेंसी पर हो कार्रवाई: डॉ. गोपाल जी ठाकुर

**ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव से मिले सांसद, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों पर हुई चर्चा**

**दरभंगा (एनएसबी)।** भारत की आत्मा गांवों में बसती है तथा ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं है।विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का पारदर्शिता के साथ अनुपालन किया जाना आवश्यक है। दरभंगा जिले में ग्रामीण विकास विभाग से संचालित योजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन करने के लिए बिहार सरकार के प्रधान सचिव से भेंट कर उनके साथ विस्तार से चर्चा की गई है।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने पटना में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार से मुलाकात कर दरभंगा संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करने के बाद उपरोक्त बातें कही है। जिले में पूर्व में अमृत सरोबर की योजनाओं जांच में दोषी अभियंताओं अधिकारयों तथा निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई होना तय है।सांसद डा ठाकुरने प्रधान सचिव को ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ तथा जलजमाव के मुद्दे पर पंचायत तथा प्रखंड स्तर के अधिकारयों तथा कर्मियों को चौबीस घंटे सजग रखने का सुझाव देते हुए कहा कि आमजनों की हर आवश्यक सुविधा के लिए सरकारी मिशनरियों को एलर्ट मोड में रखने की ठोस पहल शुरू करें। इस मौके पर दरभंगा पूर्वी जिला के महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह सहित अन्य पार्टी नेता भी मौजूद थे।



## गम और आंसुओं के बीच पंचतत्व में विलीन हुए सेना का जवान अखिलेश आनंद

**पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार**

**कुशेश्वरस्थान (एनएसबी)।** प्रखंड के बड़गांव निवासी वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार राय के पुत्र अखिलेश आनंद का धबोलिया में सड़क हादसे के दौरान शनिवार की देर रात निधन हो गया था। दिवंगत हुए जवान का पार्थिक शरीर सोमवार को उनके पैतृक गांव बड़गांव पहुंचा। शव को पहुंचते ही परिवार सहित पूरे गांव में कोहराम मच गया। पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि परिवार वाले को सांत्वना दे रहे थे।वहीं अंतिम संस्कार के दौरान दिवंगत जवान को सेना की टुकरी द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तिरंगे में लिपटे उनके पार्थिक शरीर को पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान एवं पारंपरिक रिति रिवाज के अनुसार मुखाग्नि दी गई ।इस दौरान हवा में फायर कर सलामी दी गई। इस मौके पर पुलिस प्रशासन जनप्रतिनिधि सहित पूरे इलाके के लोग मौजूद थे। इधर जिला प्रशासन ने इस घटना को लेकर एक जांच टीम से पूरे घटनाक्रम की जांच कराई। घटनास्थल पर पुलिस प्रशासन की टीम ने पहुंचकर जांच की। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात होगी पुल पर खड़े ट्रक की वजह से ठोकर लगने से मोटरसाइकिल सवार दिवंगत जवान एवं उसके दो अन्य मित्रों की मौत हो गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है लेकिन प्रशासन इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।



## आध्यात्मिक यात्राएं भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम :ईश्वर मंडल

**दरभंगा (एनएसबी)।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल एवं भाजपा जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक ने कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा दरभंगा के दिल्ली मोड़ से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग तीर्थ दर्शन के लिए जा रहे एनडीए के कार्यकताओं की बस को हरी झंडी दिखाकर पटना के लिए रवाना किया।


बस को झंडा दिखाकर रवाना करते विधायक ईश्वर मंडल एवं सुजीत मल्लिक

एवं मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए भगवान सोमनाथ से प्रार्थना की कि देवों के देव महादेव सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण करें तथा उन्हें उत्तम स्वास्थ्य, सुख, समृद्धि और राष्ट्र सेवा का संबल प्रदान करें।श्री मंडल ने कहा कि एनडीए परिवार सदैव समाज सेवा, सांस्कृतिक मूल्यों और धार्मिक आस्था के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इस अवसर पर विधायक श्री मंडल ने कहा कि आध्यात्मिक यात्राएं भारतीय संस्कृति, आस्था और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। राष्ट्र निर्माण एवं संगठन को मजबूत बनाने में निरंतर सक्रिय रहने वाले कार्यकताओं का आध्यात्मिक रूप से समृद्ध होना भी उतना ही आवश्यक है। ऐसी यात्राएं कार्यकताओं में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच और सेवा भाव का संचार करती हैं। उन्होंने सभी यात्रियों के सुखद, सुरक्षित प्रतिबद्ध है। उन्होंने यात्रा में शामिल सभी साथियों से सुरक्षित यात्रा करने तथा दर्शन-पूजन के उपरांत सकुशल लौटने की शुभकामनाएं दीं। सोमनाथ दर्शन यात्रा में सम्मिलित लोगों में कार्तिकेय कुमार, विनोद आनंद झा, शशि प्रसाद, बीना देवी,मीना देवी ,आरती देवी, संतोष कुमार सिंह, अंजुला शर्मा, पप्पू चौधरी, सपना भारती, राजकुमार राय, राजेश राय, राकेश कुमार झा आदि शामिल हैं।

## डरहार व गोविंदपुर गांव में हुए बाल कटवा कांड का अभी तक नहीं हुआ खुलासा

**दोनों गांव के लगभग 70-80 लोग पुलिस के साथ कर रहे हैं रात्रि में गस्ती**

**दरभंगा (एनएसबी)।** बहादुरपुर थाना क्षेत्र के डरहार व गोविंदपुर गांव में हुए बाल कटवा कांड को हुए 11 दिन बीत गया है लेकिन पुलिस का हाथ अभी भी खाली है। तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी लेकिन सफलता नहीं मिला पुलिस उसे छोड़ दिया। वही एक और व्यक्ति को विरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। दोनों गांव के लोग रात्रि में पुलिस के साथ रतजगा कर रहे हैं। दोनों गांव के लगभग 70-80 लोग रात्रि में गस्ती कर रहे हैं। बता दें कि 9 जुलाई 2026 बृहस्पतिवार को कई लुटेरे डरहार गांव के डॉक्टर पवन कुमार मिश्र के घर में घुसकर 35 हजार रुपए सहित पांच लाख रुपए के आभूषण लूटपाट कर घर की महिला का बाल काट दिया था। ठीक 7 दिन बाद बृहस्पतिवार को ही निजी स्कूल के शिक्षक सुमन कुमार चौधरी के घर में घुसकर उनकी पुत्री का बाल काट दिया और पर्स में रखे 1000 रुपया लेकर फरार हो गया। शनिवार की रात गोविंदपुर गांव के किराना दुकानदार प्रशांत कुमार चौधरी उर्फ बबलू चौधरी के घर में घुसने का प्रयास किया लेकिन घर का लोग जगह हुआ था. इसलिए वह घटना को अंजाम नहीं दे सका। बबलू चौधरी की बड़ी पुत्री अपनी मां और बहन वह आवाज देकर बुलाई मां के आने के बाद घर में घुसे व्यक्ति को देखते हीं वह बेहोश हो गई। घर के लोग किसी तरह खींचकर उसे रूम में ले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिए। काफी मशक्कत के बाद उसे होश में लाया गया। घटना को अंजाम देने वाला व्यक्ति सभी काला कपड़ा पहन कर आता है। घटना को लेकर एसएसपी जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद कई निर्देश दिए हैं। एफएसएल की टीम, टेक्निकल सेल की टीम, डॉग एक्स्यार्ड टीम को लगाया गया है लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिला है।


पुलिस के साथ रात्रि गस्ती में मुखिया प्रतिनिधि एवं अन्य।

इधर डरहार गांव के डॉक्टर पवन कुमार मिश्रा ने लूट की घटना के बाद अपने घर के अगल-बगल सीसीटीवी कैमरा लगाए हैं। इस बीच यह भी जानकारी सामने आई की कोई व्यक्ति गांव के ही पवन चौधरी के घर का दरवाजा खटखटाकर भाग गया है। तीन आदमी था तीनों काला ड्रेस पहने हुए था। बगीचा की ओर भाग गया है। लेकिन गांव के मुखिया ने इस तरह की घटना को अपवाह बताया है।

## जानलेवा हमला का काउंटर केस दर्ज,एक गिरफ्तार

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र अंतर्गत राढ़ी पूर्वी पंचायत के ततैला गांव में हुए हिंसक हमले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है प्रथम दृश्या घटना की नाजुकता को देख कमतौल पुलिस ने दूसरे पक्ष से स्थानीय स्वर्गीय राम प्रीत सिंह के पुत्र कैलाश सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । एक पक्ष से ततैला गांव निवासी स्व0 किशुन ठाकुर के पुत्र राम कुमार ठाकुर ने आरोप लगाया है कि बीते रविवार की सुबह अपने खेत में किसानी कार्य कर रहे थे कि इसी गांव के कैलाश सिंह ने पहुंच कर अकारण गाली गलौज कर हाथ से कुदाल छीन लिया एवं हमला बोल दिया । घटना की जानकारी मिलने पर वादी की माता भूलर देवी एवं भाई संतोष कुमार शर्मा एवं अशोक कुमार शर्मा वादी के पास पहुँचे की हमलावर श्री सिंह ने चाकू से वादी की माता में पेट में चाकू घोप अतरी बाहर निकाल दिया एवं वादी के दोनों भाइयों पर भी हमला बोल दिया ।ग्रामीणों को जुटता देख हमलावर भाग गया।

## संक्षिप्त खबरें

### राजकीय बुनियादी विद्यालय रुपौली की भूमि पर अवैध कब्जा का आरोप

**हनुमाननगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय बुनियादी विद्यालय रूपौली की भूमि पर कई वर्षो से अबैध कब्जा को लेकर अंचलाधिकारी हनुमाननगर को आवेदन देते हुएअशोक चौधरी ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापिका के मिली भगत से विद्यालय की भूमि पर बिनोद चौधरी व आधा दर्जन से अधिक लोग अबैध कब्जा कर अपना अपना घर बना चुके हैं। वर्तमान में बिनोद चौधरी पक्का मकान बना रहें हैं जिसको लेकर अतिक्रमण हटाने के लिए शिकायत कि गई है।

### सीपीआईएम की एक दिवसीय बैठक संपन्न

**हनुमाननगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के बिशनपुर चौक के पास सामुदायिक भवन में पार्टी के जिला कमेटी सदस्य कॉ. सुधीर पासवान की अध्यक्षता में बिशनपुर चौक स्थित सामुदायिक भवन में सीपीआईएम की एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जल संकट, बिजली संकट और सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 25 जुलाई को रामस्वरूप चौक पर चक्का जाम कर आंदोलन किया जाएगा।बैठक को सुधीर पासवान उमेश राय उदय मिश्र व अन्य साथियों ने भी संबोधित किया।

### सफाई एजेंसी की मनमानी के खिलाफ सफाई कर्मियों ने किया काम ठप

**घनश्यामपुर नगर पंचायत में सफाई कर्मियों का धरना प्रदर्शन**

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** नगर पंचायत घनश्यामपुर में सफाई एजेंसी की मनमानी के खिलाफ सफाई कर्मियों ने सोमवार को कार्य ठप कर कार्यालय परिसर पर धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मियों का आरोप है कि सफाई एजेंसी द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है, ईपीएफ की कटौती के बाद राशि खाते में जमा नहीं की जा रही और साफ-सफाई के जरूरी उपकरण भी उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। कर्मियों ने बताया कि एजेंसी मनमाने ढंग से हाजरी काटती है। रविवार की छुट्टी होने के बावजूद उस दिन का वेतन भी काट लिया जाता है। इसी वजह से नगर क्षेत्र में साफ-सफाई सही ढंग से नहीं हो पा रही है। सफाई कर्मियों ने कार्यपालक पदाधिकारी से मांग की कि मौजूदा सफाई एजेंसी को हटाकर किसी बेहतर एजेंसी को लाया जाए, ताकि नियमित वेतन, ईपीएफ और उपकरणों की समस्या का समाधान हो सके और नगर में सफाई व्यवस्था सुचारू हो। धरना में शामिल कर्मी अरुण मलिक, डूबरी मलिक, छोटू मालिक, युनुस नदाफ, अरविंद मलिक, महेंद्र चौपाल, विदेशी मलिक, हुसैनी सहित नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मी मौजूद थे।




### नगर पंचायत बिरौल में आवंटन नहीं मिलने से सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई

**सरकार स्तर से 19 महीने से कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ, जिससे कर्मियों के सामने भूखमरी**

**बिरौल (एनएसबी)।** नगर पंचायत बिरौल को सरकार से पिछले कई महीनों से एक भी पैसा आवंटन नहीं मिलने के कारण नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वार्डों से कचरे का उठाव बंद होने के कारण आक्रोशित और मजबूर लोग अपने घरों की गंदगी सीधे अफजला खेबा पुलघाट स्थित सहायक कमला नदी में फेंकने को विवश हैं।जिससे नदी के प्रदूषित होने और गंभीर बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। एजेंसी द्वारा हाथ खींच लिए जाने और महीनों से मानदेय न मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों और सुपरवाइजरों के सामने भुखमरी की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। नगर पंचायत के मुख्य पार्षद विनोद सहनी ने इस गंभीर स्थिति पर चिंता जताते हुए बताया कि इस मद् में सरकार स्तर से 19 महीने से कोई आवंटन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद, कार्य बाधित न हो इसलिए संबंधित एजेंसी ने अपने स्तर से कुछ महीनों तक किसी तरह सफाई का काम जारी रखा, लेकिन अब वित्तीय संकट गहराने के बाद एजेंसी ने भी पूरी तरह से अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। सफाई कार्य बंद होने से केवल शहर की सुंदरता ही प्रभावित नहीं हुई है, बल्कि इससे जुड़े दर्जनों परिवारों के जीवन पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। मुख्य पार्षद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत के अधीन कुल 82 सफाई कर्मी और सुपरवाइजर कार्यरत हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह से इसी कार्य पर निर्भर है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन तथा राज्य सरकार से पुरजोर मांग की है कि इस मामले का तुरंत संज्ञान लिया जाए। नगर पंचायत बिरौल को जल्द से जल्द रुका हुआ वित्तीय आवंटन जारी किया जाए, ताकि शहर की सफाई व्यवस्था बहाल हो सके और भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके गरीब सफाई कर्मियों का बकाया भुगतान कर उन्हें राहत पहुंचाई जा सके।

### नल-जल योजना ठप रहने से महिलाओं ने किया सड़क जाम

**रिश्वत मांगने का लगाया आरोप**

**बहादुरपुर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र की बसतपुर पंचायत अंतर्गत कोकट गांव में सोमवार को नल-जल योजना से पेयजल आपूर्ति बंद रहने से नाराज दर्जनों महिलाओं ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बताया कि उनके घरों में नल तो लगे हैं,लेकिन पिछले करीब एक वर्ष से पानी की आपूर्ति बंद है।इससे उन्हें पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना था कि उन्होंने कई बार स्वयं पाइपलाइन की खुदाई कर जलापूर्ति बहाल कराने का प्रयास किया,लेकिन सफलता नहीं मिली।उनका आरोप था कि समस्या के समाधान के लिए पंचायत की मुखिया कुमारी नीलम एवं संबंधित वार्ड सदस्य से कई बार शिकायत की गई।जिसके बावजूद भी अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई।महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि जब भी वे पंचायत प्रतिनिधियों से नल-जल योजना चालू कराने की मांग करती हैं,तो उनसे रिश्वत की मांग की जाती है।हालांकि इस आरोप पर संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कोकट को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क को घंटों जाम रखा। जिससे आवागमन पूर्णतः प्रभावित रहा।सूचना मिलने पर पतोर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका।उक्त सम्बन्ध में प्रखंड विकास पदाधिकारी से कई बार दूरभाष पर सम्पर्क किया गया लेकिन बात नहीं हो सका।



### बिजली चोरी का मामला पकड़ा

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बिजली विभाग की टीम ने जरिसो पंचायत के त्रिमुहानी गांव में छापेमारी कर बिजली चोरी का मामला पकड़ा। कनीय अभियंता बृजेश कुमार के नेतृत्व में हुई जांच के दौरान शंकर सहनी पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने का आरोप पाया गया। विभाग ने बिजली चोरी से राजस्व की क्षति होने की बात कहते हुए संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध कार्रवाई की। कनीय अभियंता के आवेदन पर बहेड़ा थाना में शंकर सहनी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### धोखाघड़ी कर अस्सी हजार रुपए हड़प लेने की प्राथमिकी दर्ज

**जाले (एनएसबी)।** आरा जिला के बड़हरा थाना निवासी संगम राय के पुत्र राम बाबू राय ने बीते शनिवार को कमतौल थाना क्षेत्र के तीन नामजदों के विरुद्ध धोखागिरी कर अस्सी हजार रुपए हड़प लेने की एक प्राथमिकी कमतौल थाना में दर्ज कराया है जिसमें उल्लेख किया है कि वादी कर्ज लेकर दूध डेयरी का कारोबार करता है ।दूध डेयरी के लिए एक भैंस खरीदने शनिवार को कमतौल थाना क्षेत्र के ढढीया गांव पहुंचे जहां दहु यादव से संपर्क कर एक भैंस अस्सी हजार रुपए में सौदा कर पच्चास हजार नगद एवं तीस हजार ऑनलाइन भुगतान कर दिया और भैंस ले जाने के लिए वाहन भाड़े पर लाने के लिए निकला , जब वापस पहुंचा तो इधर उधर का बहाना बनाते हुए रकम इसी गांव के संतोष यादव एवं कमतौल गांव के साकेत बिहारी उर्फ छोटू को वापस दे देने की बात कह कर वादी को भैंस नहीं दी एवं रकम हड़प कर ली है।

# सिरफिरे ने बारहवीं की छात्रा को मारी गोली मौके पर मौत, गुस्साए लोगों ने काटा बवाल



छानबीन करते डीएसपी।



मृतका की फाइल फोटो



मौके पर मौजूद भीड़।

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वैनी थाना क्षेत्र के कैजिया विष्णुपुर गांव स्थित मलंग स्थान के पास सोमवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात हुई। बाइक सवार एक बदमाश ने पैदल स्कूल जा रही 12वीं की छात्रा को सीने में 4 गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान कैजिया विष्णुपुर वार्ड-14 निवासी उमेश कुमार ठाकुर की 19 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी के रूप में हुई है। वह कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय वैनी में पढ़ती थी। सुबह करीब सवा 9 बजे सुमन घर से स्कूल के लिए निकली थी। इसी दौरान चंदौली की तरफ से आया एक युवक बाइक से ओवरटेक कर उसे रोक लिया। इसके बाद बदमाश ने छात्रा का बाल पकड़कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी और चंदौली की ओर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से 4 खोखे बरामद किए हैं। स्कूल आते-जाते करता था परेशान, दी थी जान से मारने की धमकी। घटनास्थल पर मौजूद परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी युवक की पहचान चंदौली गांव के एक युवक के रूप में हुई है। वह पिछले कई दिनों से सुमन को स्कूल आते-जाते परेशान कर रहा था। आरोपी ने छात्रा को जान से मारने की धमकी भी दी थी। मृतक छात्रा सुमन ने आरोपी युवक के द्वारा परेशान किये जाने की जानकारी घरवालों को दी थी, लेकिन लोक-लज्जा के कारण परिवार ने इसे टाल दिया। मृतक छात्रा के पिता उमेश ठाकुर ने बताया कि अगर समय रहते पुलिस को सूचना दे दी होती तो शायद मेरी बेटी आज जिंदा होती। इधर घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया है। मृतका की मां संगीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। सुमन 5 बहनों में तीसरे नंबर की थी। दो बहनों की शादी हो चुकी है। घर में दो छोटी बहनें सलोनी, सीमा और छोटा भाई सन्नी है। पिता उमेश चंदौली दाहा चौक पर बाल-दाढ़ी की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस को शव उठाने से रोका, सड़क जाम कर हंगामा भी किया। छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की जानकारी जैसे ही लोगों को मिली सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जुट गए। वैनी पुलिस जब शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने पहुंची तो ग्रामीणों ने शव नहीं उठाने दिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने पूसा-ताजपुर मुख्य सड़क को थाने के सामने बांस-बल्ला लगाकर जाम भी कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया।आक्रोशित भीड़ के दो जत्थे वैनी थाने और आरोपी के चंदौली स्थित घर पर भी पहुंचे और हंगामा किया। पुलिस और ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। बाद में बुद्धिजीवियों के समझाने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेजा। घटनास्थल पर पहुँचे एसपी, आरोपी की पहचान और जल्द गिरफ्तारी का किया दावा। घटना की सूचना पर समस्तीपुर एसपी अरविंद प्रताप सिंह, एसडीपीओ सदर-1 संजय कुमार पांडेय, ताजपुर अंचल निरीक्षक संदीप कुमार, पूसा थानाध्यक्ष रमेश कुमार, वैनी थानाध्यक्ष कल्पना कुमारी समेत एफएसएल और डीआईयू की टीम ने घटनास्थल, आरोपी युवक के घर और थाने का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय ने बताया कि मृतका के पिता उमेश कुमार ठाकुर के बयान पर वैनी थाने में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। आरोपी युवक की पहचान कर ली गई है। पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार कर स्पीडी ट्रायल के तहत सख्त सजा दिलाएगी। फिलहाल पूरे क्षेत्र में तनाव को देखते हुए वैनी थाने, आरोपी युवक के घर व घटनास्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है।

वैनी थाना क्षेत्र के कैंजिया बिष्णुपुर गांव में छात्रा की गोली मारकर की गई हत्या मामले में पुलिस आरोपियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस मामले में मृतक छात्रा के पिता उमेश ठाकुर ने बताया कि चंदौली गाँव के बाहा टोला निवासी लालबाबू साह का पुत्र बबलू साह कई दिनों से सुमन को परेशान कर रहा था। उन्होंने बताया की कई प्रत्यक्षदर्शी हैं जिन्होंने आरोपी युवक को घटना को अंजाम देते देखा हैं। इधर घटना के बाद लोगों की भारी भीड़ आरोपी युवक के घर पहुँची तथा घर को घेर लिया। हालांकि तब तक आरोपी युवक और उसके परिवार के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए थे। बाद में आरोपी के घर पुलिस की टीम भी पहुँची तथा आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर वहां से हटाया। पुलिस इस मामले में क्षेत्र के कैंजिया, चन्दौली आदि जगहों से कई संदिग्ध युवकों को पकड़कर उससे पूछताछ भी कर रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** वारिसनगर प्रखंड अंतर्गत मथुरापुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सारी मोहल्ला से एक गैर जमानती वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान सारी मोहल्ला निवासी अंकेश कुमार, पिता संजीव महतो के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि लंबे समय से वारंटी की तलाश की जा रही थी। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा।

### प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह हजारों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार सिंह ने पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद डॉ. सिंह ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, विकास कार्यों तथा सुशासन से प्रभावित होकर उन्होंने भाजपा का दामन थामा है। उन्होंने कहा कि जननायक कपूरी ठाकुर को भारत रत्न से सम्मानित करने का निर्णय ऐतिहासिक रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, उद्योग एवं आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों से प्रेरित होकर उन्होंने पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत करने तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा, पूर्व विधायक प्रणव यादव, कार्यालय मंत्री विनय केसरी, मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, जिला अध्यक्ष नीलम सहनी, जिला उपाध्यक्ष मधुमाला, श्रीमती विमला सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं हजारों समर्थक मौजूद रहे।

### करंट लगने से युवक की दर्दनाक मौत, गांव में शोक

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के परतापुर गांव में सोमवार को करंट लगने से 37 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान माहिर के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार माहिर अपने घर में एसी के बोर्ड के पास से पलंग हटा रहे थे। इसी दौरान उनका शरीर विद्युत प्रवाहित हिस्से के संपर्क में आ गया और वे गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन उन्हें तत्काल समस्तीपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि परिजनों से सूचना प्राप्त हुई है तथा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

### आधा दर्जन घरों में चोरी, ग्रामीणों में दहशत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र की जितवारिया पंचायत के बकैनिया टोला में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने आधा दर्जन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की नकदी एवं आभूषणों की चोरी कर ली। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। पीड़ितों में अशोक राय, अरविंद राय, पंकज राय, विजय राय, सुनील महतो एवं अनिल महतो शामिल हैं। ग्रामीणों के अनुसार चोर जब अशोक राय के घर में घुसने का प्रयास कर रहे थे, तभी घर वालों की नींद खुल गई। शोर मचाने पर चोर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। अरविंद राय ने बताया कि उनके घर से लगभग दस हजार रुपये नकद तथा करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। थानाध्यक्ष रणवीर कुमार राउत ने बताया कि आवेदन मिलने के बाद विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि इसी महीने क्षेत्र के कई गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं हुई हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। उन्होंने पुलिस से शीघ्र चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में नौ लोग घायल

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में महिला सहित नौ लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। घायलों में कोयलाकुंड गांव की चंदेश्वरी देवी, हीरा देवी, छोटे लाल राय तथा बलुआहा गांव की पूनम कुमारी, सुशीला देवी, विकास कुमार, अजय कुमार, जितेंद्र कुमार एवं अमृता कुमारी शामिल हैं। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के. ठाकुर ने बताया कि सभी घायलों का इलाज जारी है तथा सभी की स्थिति खतरे से बाहर है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धर्मपुर में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, 50 लोगों की हुई स्क्रीनिंग

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** मोहिउद्दीननगर प्रखंड के धर्मपुर उप स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 लोगों की स्तन, मुख एवं सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन, सवेरा कैंसर हॉस्पिटल, पटना तथा आरएस मेमोरियल कैंसर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को कैंसर के शुरूआती लक्षण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच कराने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संस्था के निदेशक डॉ. वी.पी. सिंह ने बताया कि अभियान के तहत अब तक समस्तीपुर जिले में 15 हजार से अधिक लोगों की कैंसर जांच की जा चुकी है तथा 100 से अधिक मरीजों का निःशुल्क उपचार कराया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच कराने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

### निवर्तमान एसडीओ दिलीप कुमार को सामाजिक संगठनों ने दी विदाई, राकेश कुमार का किया भव्य स्वागत

**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के केशोनगर स्थित हिमगिरि विवाह भवन में सोमवार को विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों की ओर से निवर्तमान अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप कुमार के सम्मान-सह-विदाई समारोह तथा नवनियुक्त अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों अधिकारियों का मिथिला की परंपरा के अनुसार पाग, शाल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं एवं एनडीए समर्थकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि दिलीप कुमार ने अपने कार्यकाल में निष्पक्ष एवं जनहितकारी प्रशासन की मिसाल कायम की। वहीं राकेश कुमार से उम्मीद जताई गई कि वे विकास कार्यों को गति देंगे तथा अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी महेंद्र प्रधान, पूर्व जिला पार्षद वसीम राजा, कुंदन कुमार राय, रामअवतार सिंह, ठाकुर संग्राम सिंह, अविनाश सिंह चंदेल, दिलीप कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, संतोष कुमार साह, भरत भूषण ठाकुर, मो. तौहीद अंसारी उर्फ नन्हें, मुकेश सागर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर संग्राम सिंह ने, संचालन भरत भूषण ठाकुर एवं अविनाश सिंह चंदेल ने तथा धन्यवाद ज्ञापन मुकेश सागर ने किया।

### पूर्व जन सुराज पार्टी प्रत्याशी डॉ. मनोज कुमार सिंह भाजपा में शामिल

**ओईनी (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी समस्तीपुर उत्तरी जिला अंतर्गत चंदौली पंचायत टोला बनकूरवा निवासी, युवा कर्मठ समाजसेवी एवं समस्तीपुर जिला के जाने-माने चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह जी ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। डॉ. मनोज कुमार सिंह पूर्व में जन सुराज पार्टी से प्रत्याशी भी रहे हैं। इस उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकताओं ने उनका शॉल आदि से स्वागत अभिनंदन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनका अभिनंदन करते हुए कहा कि, डॉ. साहब के भाजपा में आने से समस्तीपुर विधानसभा संगठन और उत्तरी जिला संगठन को काफी मजबूती मिलेगी। उनके समाजसेवा के अनुभव और जनसंपर्क से पार्टी को जमीनी स्तर पर लाभ मिलेगा। इस अवसर पर शुभकामनाएं एवं बधाई देने वाले प्रमुख नेताओं में भाजपा मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि ताजपुर सुशील चौबे, भाजपा जिला प्रवक्ता सह सांसद प्रतिनिधि पूसा अशोक पासवान, भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा, कृष्ण मोहन प्रसाद गुप्ता, रवि कर उपाध्याय, अभिनव कुमार जिला महामंत्री मनोज कुमार सिंह, मंतोष कुमार, लाल बाबू सिंह, फूल बाबू, बसंत पंकज, मुकेश कुमार, विनोद कुमार सिंह, शिव शंकर पासवान, राज किशोर, सूरज कुमार रामप्रकाश दास, राजकुमार पंडित, अमरेश चौरसिया, धनु कुमार राय, प्रमोद प्रसाद सिंह, उदय चल गिरी, सज्जन कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जिले में स्वास्थ्य प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों के प्रशासनिक एवं वित्तीय पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ**




बैठक में शामिल डीएम, एसपी व अन्य।

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी, उत्तरदायी एवं जनहितैषी बनाने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिसके तहत जिलाधिकारी रौशन कुशवाहा के मार्गदर्शन में जिला स्वास्थ्य समिति ने प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों के प्रशासनिक एवं वित्तीय पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इसे जिले की स्वास्थ्य प्रशासनिक व्यवस्था में एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में देखी जा रही है।

गौरतलब है कि वर्ष 2006 के बाद जिले के छह अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उत्क्रमित कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा प्रदान किया गया था, किन्तु उनके अनुरूप प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों का पुनर्गठन नहीं होने के कारण कई व्यावहारिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही थीं। इससे स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, दवा एवं उपकरणों की उपलब्धता तथा दैनिक प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे।

इन समस्याओं के समाधान हेतु जिले के विभिन्न प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी के समक्ष आवश्यक सुधार का प्रस्ताव रखा गया। विषय की महत्ता एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी द्वारा त्वरित पहल की गई, जिसके आलोक में जिला स्वास्थ्य समिति ने पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। प्रस्तावित व्यवस्था के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर, विद्यापतिनगर, मोहनपुर एवं बिथान तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवाजीनगर, ताजपुर एवं पटोरी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को उनके संबंधित प्रखंड के अंतर्गत संचालित सभी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों का आहरण एवं संवितरण पदाधिकारी (उऋड) सहित आवश्यक प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकार प्रदान किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है।

नई व्यवस्था लागू होने के उपरांत प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन अधिक प्रभावी एवं विकेन्द्रित होगा। प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आएगी, वित्तीय कार्यों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित होगा, स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता आएगी तथा संस्थानों की जवाबदेही एवं कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसका प्रत्यक्ष लाभ जिले के आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाओं के रूप में प्राप्त होगा।

जिला प्रशासन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी तथा जनकेंद्रित बनाना है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरगामी कदम सिद्ध होगी।

## स्वतंत्रता दिवस राजकीय समारोह की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी 15 अगस्त 2026 को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस राजकीय समारोह की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह को गरिमामय, भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए सभी संबंधित विभागों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव, एकता एवं देशभक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का सफल संचालन सुनिश्चित करना सभी विभागों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं तथा प्रत्येक विभाग अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि जिले के सभी विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आकर्षक एवं अनुशासित प्रभात फेरी का आयोजन कराया जाए। प्रभात फेरी के मार्ग, समय एवं अन्य व्यवस्थाओं का पूर्व निर्धारण करते हुए सभी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश समय पर उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने पुलिस विभाग एवं पुलिस लाइन को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली परेड एवं सलामी समारोह की सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने, नियमित पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कराने तथा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

खेल विभाग को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं युवा गतिविधियों के आयोजन की कार्ययोजना तैयार कर सफल आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। वहीं कला, संस्कृति एवं युवा विभाग को स्वतंत्रता संग्राम, राष्ट्रभक्ति तथा बिहार की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित उच्चस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी करने एवं उत्कृष्ट प्रस्तुति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के सभी महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित कराने हेतु उपयुक्त स्थलों को चिन्हित कर उसकी सूची शीघ्र सामान्य शाखा को उपलब्ध कराएं। साथ ही सामान्य शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि चिन्हित स्थलों पर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति करते हुए उन्हें निर्धारित समय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आदेश निर्गत किया जाए। जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि नगर क्षेत्र के सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर स्थापित राष्ट्रपुरुषों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की स्वतंत्रता दिवस से पूर्व समुचित साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आसपास के परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित की जाए। साथ ही नजारत उप समाहर्ता को संबंधित स्थलों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

बैठक में समारोह स्थल की साफ-सफाई, मंच एवं पंडाल निर्माण, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था, यातायात एवं पार्किंग प्रबंधन, बैरिकेडिंग, ध्वनि विस्तारक यंत्र, झंडोत्तोलन समारोह, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था तथा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा कार्यक्रम से पूर्व सभी व्यवस्थाओं का पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) कराने का निर्देश दिया।

बैठक में आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण, यातायात नियंत्रण एवं समारोह के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन अलर्ट, अंचल अधिकारी व राजस्व अधिकारी ने बाया नदी का लिया जायजा

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** लगातार हो रही बारिश के कारण गंगा की सहायक बाया नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में अंचल अधिकारी कुमार हर्ष एवं राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा ने नदी के अखाड़ा घाट, कष्टहरनी घाट, शेरपुर घाट, बाजिदपुर पुल घाट सहित विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण कर जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने संभावित खतरे वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए संबंधित कर्मियों को सतर्क रहने तथा लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नदी किनारे एवं नदी के अंदर रहने वाले लोगों से सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है, इसलिए लोग अनावश्यक रूप से नदी के किनारे न जाएं तथा स्नान, मछली पकड़ने और नाव से आवागमन के दौरान विशेष सतर्कता बरतें। अभिभावकों से बच्चों को नदी के आसपास नहीं जाने देने की भी अपील की गई। अंचल अधिकारी ने बताया कि प्रशासन की ओर से नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। यदि जलस्तर और बढ़ता है तो आवश्यकतानुसार राहत एवं बचाव की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाएगी। राजस्व अधिकारियों को भी तटबंधों एवं संवेदनशील क्षेत्रों की नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने भी नदी के बढ़ते जलस्तर की जानकारी अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने लोगों को भरोसा दिलाया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है और संबंधित विभागों के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रशासन ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी आपात स्थिति या खतरे की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को देने की अपील की है, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।




### +2 राज्य संपोषित उच्च विद्यालय सखवा बना सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के +2 राज्य संपोषित उच्च विद्यालय, सखवा को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किए जाने के बाद रविवार को इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वर्चुअल माध्यम से रिमोट के जरिए सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों का उद्घाटन किया। वहीं स्थानीय स्तर पर हसनपुर विधायक राजकुमार राय ने फीता काटकर विद्यालय का उद्घाटन किया तथा परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर विधायक राजकुमार राय ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मॉडल स्कूल बनने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। उन्होंने छात्र-छात्राओं से नियमित अध्ययन कर अपने विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। विद्यालय को मॉडल स्कूल का दर्जा मिलने पर शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला कदम बताते हुए सरकार की पहल की सराहना की। उद्घाटन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा और छात्र-छात्राओं ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। कार्यक्रम में विजय कुमार यादव, कृष्ण देव कौशल, अवधेश यादव, संवेदक रविंद्र कुमार रवि, पैक्स अध्यक्ष जीवछ यादव, सेवानिवृत्त शिक्षक मकेश्वर यादव सहित विद्यालय के शिक्षक, जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



### बिहार राज्य मदरसा एजुकेशन बोर्ड के सदस्य का स्वागत

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) बिहार राज्य मदरसा एजुकेशन बोर्ड के सदस्य मौलाना इजहार अशरफ के आगमन पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर शारिक रहमान लवली एवं जदयू कला-संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदिल खान ने संयुक्त रूप से मौलाना इजहार अशरफ को पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जदयू की नीतियों, सिद्धांतों तथा क्षेत्र की जनसमस्याओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें नेताओं ने संगठन को मजबूत करने, अल्पसंख्यक समाज के हितों की रक्षा करने तथा सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने पर बल दिया। इस दौरान स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए भी आपसी विचार-विमर्श हुआ। मौके पर जसीम अंसारी, मो. नौशाद, मो. निसार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### मादक पदार्थ की तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई

**मधुबनी (एनएसबी)।** मधुबनी वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया है कि लौकहा थाना पुलिस द्वारा गश्ती के क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर 01 ऑटो से 18 किलोग्राम गांजा के साथ 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया हैं। बरामद मादक पदार्थ एवं ऑटो को विधिवत जब्त कर विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

### प्राथमिक विद्यालय लावाटोल में किया गया युथ एव इको क्लब का गठन

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लावाटोल में युको कल्ब का गठन किया गया. विद्यालय के सभागार में विद्यालय प्रधानाध्यापक मो अयूब की अध्यक्षता में विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की बैठक आयोजित किया गया. बैठक में यूथ एवं इको क्लब का गठन सर्वसम्मति किया गया.जिसमे प्रवीण कुमार, प्रिंस कुमार शर्मा, शुभम कुमार, आरूषी कुमारी, कामिनी कुमारी, आदित्य कुमार, प्रभास कुमार, मुस्कान कुमारी, प्रियंका कुमारी, कन्हैया कुमार, मीनाक्षी कुमारी, सतीश कुमार, सुधांशु कुमार शामिल है. वही विद्यालय के सभी बच्चों ने सर्वसम्मति से यूथ एवं इको क्लब के नोडल शिक्षक के लिए जगन्नाथ पंडित, ललित कुमार झा, कमली कुमारी, गौरी कुमारी का चयन किया. प्रधानाध्यापक मो अयूब ने बच्चों को बधाई एवं शुभकामना दी. एक पेड़ मॉ के नाम कार्यक्रम के दौरान बच्चों से कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने की जरूरत है. पर्यावरण को एक धरोहर के रूप में संभाल कर रखने को कहा. ताकि हमारे आने वाली पीढ़ियां खुले और स्वच्छ वातावरण में स्वस्थ रह सके. विद्यालय के सभी बच्चों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने, बिजली की खपत कम करने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करने एवं ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने का संकल्प एवं शपथ लिया.

### नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया है कि 18 जुलाई को बाबुबरही थाना को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने से संबंधित एक शिकायत प्राप्त हुआ। जिसमें पीड़ित मणिकांत चौधरी द्वारा विक्की कुमार झा, पे०- कृष्णकांत झा, सा०- बरदाहा, थाना- बाबूबरही पर संविदा के आधार पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8 लाख रुपये की ठगी करने का गंभीर आरोप लगाया गया। थानाध्यक्ष, बाबूबरही थाना द्वारा उक्त घटना से वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी को अवगत कराया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-2 के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।पुलिस टीम द्वारा वैज्ञानिक अनुसंधान एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर जांच करने पर यह खुलासा हुआ कि आरोपी विक्की कुमार झा एक शातिर ठग है। जो स्वयं को पदाधिकारी बताकर फर्जी जॉइनिंग लेटर जारी करने, प्रेम जाल में फंसाकर युवतियों का यौन शोषण करने एवं क्षेत्र के कई अन्य लोगों को भी ठगी का शिकार बनाने जैसे आपराधिक कृत्यों में संलिप्त रहा है। जांच के दौरान साक्ष्यों के पुख्ता होते ही, पुलिस टीम द्वारा त्वरित छापेमारी की गई और कुख्यात ठग विक्की कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ दौरान आरोपित ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।



### सोनम वांगचुक के समर्थन में माकपा का प्रतिरोध मार्च, फुलपरास अनुमंडल कार्यालय तक निकाला जुलूस

**फुलपरास।(एनएसबी)।** प्रसिद्ध शिक्षा एवं पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक समेत विभिन्न मांगों को लेकर अनशन पर बैठे लोगों के समर्थन में सोमवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [माकपा] के बैनर तले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रतिरोध मार्च निकाला गया। मार्च में बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं समर्थकों ने भाग लिया।प्रतिरोध मार्च की शुरूआत गोरगामा पेट्रोल पंप के समीप से हुई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए अनुमंडल कार्यालय, फुलपरास पहुंचा। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर रोक तथा लोकतांत्रिक तरीके से उठाई जा रही मांगों पर सरकार से सकारात्मक पहल करने की मांग की।कार्यक्रम में उमेश राय, नरेश यादव, डॉ. रामकृष्ण यादव, पूर्व जिला पार्षद बबीता राय, विद्यानंद शास्त्री, राम अवतार कामत सहित माकपा के कई नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिरोध मार्च में सैकड़ों लोगों की भागीदारी रही। मार्च के समापन पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर शांतिपूर्ण आंदोलन और संवाद को महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से अनशनकारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित पहल करने की अपील की।



### पूर्व विधान परिषद सदस्य प्रो. विनोद कुमार सिंह ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से दिया इस्तीफा

**मधुबनी, (एनएसबी)।** बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य प्रो. विनोद कुमार सिंह ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंडियन नेशनल कांग्रेस) की प्राथमिक सदस्यता सहित पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना त्यागपत्र कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संबोधित करते हुए भेजा है।अपने त्यागपत्र में प्रो. सिंह ने लिखा है कि पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी नैतिक मूल्यों की लगातार उपेक्षा तथा आधारहीन एवं भ्रामक कार्यशैली के कारण उनके लिए पार्टी में बने रहना असहनीय हो गया है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों को देखते हुए वह कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से अपना इस्तीफा दे रहे हैं।त्यागपत्र में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि पार्टी की वर्तमान कार्यप्रणाली से वे असंतुष्ट हैं और इसी कारण उन्होंने यह निर्णय लिया है।प्रो. विनोद कुमार सिंह बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य रह चुके हैं और मिथिलांचल की राजनीति में उनकी पहचान एक सक्रिय राजनीतिक चेहरे के रूप में रही है। ऐसे में उनका कांग्रेस छोड़ना जिले के साथ-साथ प्रदेश की राजनीति में महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। फिलहाल उन्होंने अपने अगले राजनीतिक कदम को लेकर कोई घोषणा नहीं की है। राजनीतिक हलकों में उनके इस्तीफे के बाद विभिन्न तरह की चचाएं तेज हो गई हैं।



### 28 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**फुलपरास (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के लोहियापट्टी गांव में 28 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में फुलपरास थाना पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में झंझारपुर जेल भेज दिया है।मृतका की पहचान पुतुल कुमारी (28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो लोहियापट्टी निवासी संतोष पासवान की पत्नी थी। विवाहिता की मौत के बाद उसके पिता सिफैत पासवान, निवासी बैका विशनपुर, ने फुलपरास थाना में लिखित आवेदन देकर दामाद संतोष पासवान सहित चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि लगभग 12 वर्ष पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री की शादी हिंदू रीति-रिवाज से अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज देकर की थी। इसके बावजूद शादी के बाद से ही पति और ससुराल पक्ष के लोग लगातार एक लाख रुपये नकद एवं एक मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर पुतुल कुमारी को प्रताड़ित किया जाता था।आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि बीती रात पति संतोष पासवान और उसके भाई ने मिलकर गला दबाकर पुतुल कुमारी की हत्या कर दी तथा घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया। धर, प्रभारी थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने बताया कि मृतका के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# रहीका थाना पुलिस टीम पर हमला मामले का खुलासा, अवैध हथियार, कारतूस व ब्राउन शुगर के साथ 5 गिरफ्तार

**मधुबनी (एनएसबी)।** रहीका थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में मधुबनी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, तीन जिंदा कारतूस, करीब 40 ग्राम ब्राउन शुगर, चार मोबाइल फोन तथा लूटी गई पुलिसकर्मी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मामले की जानकारी सोमवार को वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एसपी ने बताया कि 16 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे रहिका थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक रूपक कुमार अपने निजी मोटरसाइकिल से एक चौकीदार के साथ जा रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधियों ने उन्हें रोककर चौकीदार से मोबाइल छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर अपराधियों ने पुलिसकर्मी पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद अपराधी उनकी मोटरसाइकिल लूटकर फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही रहिका थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पुलिस अधिकारी को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्वयं घटनास्थल का निरीक्षण किया तथा सदर-1 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया।तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर 18 जुलाई को बसौली बलाट बगीचा में छापेमारी की गई, जहां दो मोटरसाइकिलों पर सवार पांच अपराधी किसी बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी भागने लगे, लेकिन पुलिस बल ने उन्हें घेरकर गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों में मनीष कुमार, अक्षय कुमार, कृष्णा कुमार, रविशंकर कुमार मंडल तथा बोबी कुमार चौपाल शामिल हैं। तलाशी के दौरान मनीष कुमार के पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस एवं मोबाइल, अक्षय कुमार के पास से स्टील के डिब्बे में करीब 40 ग्राम ब्राउन शुगर, कृष्णा कुमार के पास से एक जिंदा कारतूस एवं मोबाइल तथा अन्य दो अभियुक्तों के पास से मोबाइल फोन बरामद किए गए।पूछताछ में मनीष कुमार, अक्षय कुमार तथा उनके एक अन्य साथी ने 16 जुलाई की रात पुलिसकर्मी एवं चौकीदार पर हमले तथा मोटरसाइकिल लूट की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर लूटी गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई है।एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। मामले में फरार एक अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



गिरफ्तारी की जानकारी देते एसएसपी

## शस्त्र अधिनियम, सामान्य वाद एवं स्पीडी ट्रायल मामलों की वर्चुअल समीक्षा बैठक

**मधुबनी(एनएसबी)।** जिलाधिकारी के निर्देश के आलो क में पुलिस उपाधीक्षक की अध्यक्षता में शस्त्र अधिनियम, सामान्य वाद एवं स्पीडी ट्रायल मामलों की वर्चुअल समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिलाधिकारी आनंद शर्मा के दिए गए निर्देश के आलोक में पुलिस उपाधीक्षक मधुबनी की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में शस्त्र अधिनियम, सामान्य वाद एवं स्पीडी ट्रायल (लंबित/निष्पादित) कांडों की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में शस्त्र अधिनियम, सामान्य वाद एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित लंबित एवं निष्पादित मामलों की अद्यतन स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस उपाधीक्षक ने अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार, अभियोजन पक्ष के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान स्पीडी ट्रायल मामलों की प्रगति गत माह में हुई सजाओं , अंतिम निर्णय के निकट लंबित सामान्य एवं विशेष वादों एवं गवाह सुरक्षा योजना की बिंदुवार समीक्षा की गई। साथ ही लंबित प्रतिवेदनों एवं अन्य प्रक्रियागत बाधाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।पुलिस उपाधीक्षक ने सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीर एवं महत्वपूर्ण मामलों में अनुसंधान, साक्ष्य संकलन, वैज्ञानिक प्रतिवेदन की उपलब्धता तथा गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए समयबद्ध कार्रवाई करें, ताकि न्यायालयों में मामलों का शीघ्र निष्पादन हो सके। बैठक के अंत में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित प्रारूप में अद्यतन प्रतिवेदन समय पर उपलब्ध कराने तथा स्पीडी ट्रायल एवं सामान्य वादों के त्वरित निष्पादन हेतु समन्वित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष, जिला अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, सहायक अभियोजन पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी आनंद शर्मा

## नवजात की मौत के बाद परिजनों का हंगामा

**जयनगर (एनएसबी)।** अनुमंडल अस्पताल में रविवार को प्रसव के लिए भर्ती एक गर्भवती महिला के परिजनों ने अस्पताल कर्मियों पर अवैध वसूली और लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया। नवजात शिशु की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा किया। स्थिति बिगड़ती देख अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कर मामला नियंत्रित कराया।जानकारी के अनुसार, नन्द थाना क्षेत्र के कमला रोड वार्ड संख्या-7 निवासी सविता कुमारी ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी भाभी आंचल कुमारी, पति सुरेश कुमार मंडल, को प्रसव के लिए शनिवार को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सकीय जांच के बाद प्रसव में समय होने की बात कहकर उन्हें वापस घर भेज दिया गया। रविवार सुबह करीब छह बजे पुनः प्रसव के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।परिजनों का आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात एक एएनएम ने सुरक्षित और बेहतर प्रसव कराने के नाम पर पांच हजार रुपये की मांग की। उनका कहना है कि मजबूरी में उन्होंने उक्त राशि देने की सहमति जताई। इसके बाद सुबह करीब नौ बजे प्रसव हुआ, लेकिन नवजात शिशु की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि इसके बावजूद संबंधित एएनएम ने 700 रुपये और जबरन वसूल किए। साथ ही उन्होंने प्रसव के दौरान लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया।नवजात की मौत और कथित अवैध वसूली से आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया और दोषी कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण जच्चा को निजी अस्पताल ले जाने की तैयारी करनी पड़ी।इस संबंध में ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक डॉ. रेशमी कुमारी ने कहा कि वह दूसरी पाली में ड्यूटी पर थीं, इसलिए घटना के संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी नहीं है।वहीं अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. कुमार रोनित ने परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी कर्मी द्वारा अवैध राशि की मांग की गई थी तो परिजनों को तत्काल अस्पताल प्रबंधन, गार्ड या संबंधित अधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिलने पर आवश्यक तथ्यों की जांच की जाएगी और यदि किसी स्तर पर अनियमितता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल घटना को लेकर अस्पताल परिसर में चर्चा का माहौल है। परिजन मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।




अस्पताल में आक्रोश

## एनडीए और नई शिक्षा नीति के विरोध में माकपा का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका




प्रदर्शन करते

**जयनगर (एनएसबी)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जयनगर लोकल कमिटी ने राज्य पार्टी के आह्वान पर रविवार को जयनगर स्टेशन चौक पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर केंद्र सरकार की शिक्षा नीतियों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) और नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 को वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की। पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता जयनगर लोकल कमिटी के सचिव कॉमरेड कुमार राणा प्रताप सिंह ने की। इस अवसर पर पार्टी के जिला सचिव मंडल सदस्य कॉम रेड रामजी बाबू, लोकल कमिटी सदस्य कॉमरेड चन्देश्वर प्रसाद, कॉमरेड मंजू देवी, कॉमरेड शंकर कुमार यादव, कॉमरेड आत्मा राम, कॉमरेड मुकेश कुमार, कॉमरेड रविन्द्र बिहार उर्फ मोहन, कॉमरेड पवन कुमार यादव, श्याम प्रसाद गुप्ता, अनिल गुप्ता, डीवाईएफआई के श्याम यादव, एसएफआई के आनंद कुमार ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की शिक्षा व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे लाखों छात्रों का भविष्य संकट में पड़ रहा है और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 में राष्ट्रीय स्तर पर गठित राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को जेईई मेन, नीट-यूजी और सीयूईटी जैसी प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई थी। उनका आरोप था कि इसके गठन के बाद परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वसनीयता को लेकर लगातार सवाल उठते रहे हैं। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भी आलोचना करते हुए कहा कि इसकी कई व्यवस्थाएं छात्रों और शिक्षा व्यवस्था के हित में नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से एनटीए की कार्यप्रणाली की समीक्षा करने तथा नई शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं होती, तब तक पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगी। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और अंत में कार्यकताओं ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग दोहराई।

## भाजपा सरकार लोकतंत्र का हत्या कर रहा हैः - मनोज

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) मधुबनी जिला कमिटी द्वारा कर्मचारी महासंघ गेट मुख्य सड़क से थाना चौक पर सैकड़ों कार्यकर्ता जोरदार नारेबाजी करते हुए भारत सरकार मुदार्वाद, धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे गुंजायमान कर रहा था।थाना चौक पर पुतला दहन करते हुए माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप झा की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया।सभा को संबोधित करते हुए माकपा के जिला सचिव मनोज कुमार यादव ने कहा कि 20 जून से जंतर-मंतर दिल्ली में शुरू हुए काकरोच जनता पार्टी के प्रदर्शन में देश के प्रख्यात इंजीनियर, शिक्षाविद और पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने 28 जून से और वामपंथी छात्र संगठन ने भूख-हड़ताल आंदोलन शुरू किया था,नीट -यूजी पेपर लीक से देश में 20 से अधिक छात्र अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया मोदी सरकार हत्यारा सरकार है, शांति पूर्वक आंदोलन से मोदी सरकार घबरा गई और वह जनता के आंदोलन से डर कर मोदी सरकार सफेद चादर से ढक कर लोकतंत्र का हत्या कर रहा है,सोनम वांगचुक को जबरन डा भेष में पुलिस गिरफ्तार किया माकपा इसकी कड़ी निंदा करता है और मांग करता है कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अविलंब इस्तीफा दे, माकपा के जिला सचिव ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दोषी शिक्षा मंत्री के उपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग किया , उन्होंने कहा इस देश के जनता संघर्ष में विश्वास करता है, हमारे देश के नागरिक डरी हुई,मरी हुई नहीं है जिस तरह से आंदोलनकारी पर मोदी का पुलिस बल प्रयोग और लाठियां बरसाई वह घोर निंदनीय है । माकपा के जिला सचिव मंडल सदस्य दिलीप झा ने कहा कि आज दिल्ली जंतर-मंतर और देश के आंदोलन ने साफ कर दिया कि हम डरने वाले नहीं हैं, देश के जनता तानाशाही के खिलाफ एकजुट होकर आज संपूर्ण देश में लाखों लोग सड़कों पर मोदी सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद कर संघर्ष कर रहा है ,हम न्याय के लिए निरंतर लड़ते रहेंगे ,आज लोगों के ताकत के आगे बेबस है मोदी सरकार , उन्होंने कहा कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना होगा हम सब लड़ाई को आगे बढ़ाने तक पुरे देश में जंतर-मंतर बनाएंगे। मोदी सरकार से मांग करते हुए कहा कि पेपर लीक से छात्रों की आत्महत्या की जवाबदेही तय करे।सभा को माकपा के जिला कमिटी सदस्य राजेश मिश्र,डीवाईएफआई के जिला अध्यक्ष अरुण यादव, कैलाश पासवान, लक्ष्मी पासवान, बिहारी राम,सत्तो मंडल,रेखा देवी, मुन्नी खातून, अजमेरी खातून,हिना खातून,मुसनी खातून,रबाना खातून , गुड़िया , सोनिया देवी,रेखा देवी,किरन देवी,सनेचरी देवी, वीणा देवी,कुषमा देवी सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया।



प्रदर्शन करते

# अहियापुर क्षेत्र में पूजा के दौरान पीपल की डाल गिरने से 2 बच्चों की मौत

**ब्रह्मस्थान में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा चल रही थी, इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां मौजूद थे**

**दुर्घटना में 5 बच्चों सहित 8 घायल**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के काँटी प्रखंड अंतर्गत अहियापुर थाना क्षेत्र के लसगरीपुर पंचायत के मिठनसराय माधोपुर वार्ड 11 में स्थित ब्रह्मस्थान परिसर में सोमवार को चल रहे पूजा पाठ के दौरान अचानक पीपल के पेड़ की भारी डाली टूटकर श्रद्धालुओं पर गिर गई। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ब्रह्मस्थान में धार्मिक अनुष्ठान और पूजा चल रही थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां मौजूद थे, तभी अचानक पीपल के पेड़ की मोटी डाली टूटकर नीचे गिर गई। डाली की चपेट में आने से कई लोग दब गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने पेड़ की डाली के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। घटना की सूचना मिलते ही अहियापुर थाना पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंच गई। मृतक बच्चे की पहचान सोनू कुमार पिता किशोर साह उम्र 14 वर्ष व बच्ची की पहचान अनन्या कुमारी पिता दिलीप साह उम्र 8 वर्ष के रूप में हुई है। वही , घायलों में 52 वर्षीय राजा प्रताप सिंह, 50 वर्षीय हेमंत झा, 70 वर्षीय जंग बहादुर सिंह, 7 वर्षीय संस्कार कुमार, 7 वर्षीय अभिषेक कुमार, 9 वर्षीया काजल कुमारी, 10 वर्षीया ज्योति कुमारी, 8 वर्षीया अंशु कुमारी सभी ग्राम मिठनसराय माधोपुर, कांटी अंचल के निवासी के रूप में हुई है। हादसे में घायल सभी छह लोगों को इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और बड़ी संख्या में लोग पीड़ित परिवारों के घर पहुंच रहे हैं। वही, इस मामले की सूचना स्थानीय मुखिया इंद्रमोहन झा ने क्षेत्रीय विधायक सह पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार को दी। श्री कुमार बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में भाग ले रहे थे। उन्होंने मामले की जानकारी दूरभाष पर जिलाधिकारी कुमार गौरव को दी तथा बचाव कार्य शुरू कराने को कहा। इसके बाद वे तत्काल बिहार विधानसभा से घटनास्थल के लिए रवाना हुए और घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व लोगों से इस घटना की जानकारी प्राप्त किया एवं इस घटना पर गहरी शोक संवेदना प्रकट कर पीड़ित परिवार के लोगो को सांत्वना दी।


घटनास्थल पर रोते बिलखते मृतक बच्चे के परिजन, मौके पर जायजा लेने पहुँचे क्षेत्रीय विधायक।

विधायक अजीत कुमार ने कहा कि यह घटना काफी दुःखद है एवं हृदयविदारक है साथ ही उन्होंने मौके पर उपस्थित कांटी सीओ मुकेश कुमार व अहियापुर थानेदार शरत कुमार को मामले में त्वरित आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। इस मौके पर स्थानीय मुखिया इंद्र मोहन झा समेत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। वहीं घटना के बाद गांव में उदासी छा गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ पूर्व तैयारियों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा, संबंधित अधिकारियों को 247 सतर्क रहने का निर्देश

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संभावित बाढ़ आपदा के दृष्टिगत जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सोमवार को गंडक नदी के बाएं तट पर स्थित तिरहुत तटबंध के संवेदनशील स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सरैया प्रखंड अंतर्गत रेवा घाट तथा पारू प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर सहित अन्य संवेदनशील बिंदुओं का जायजा लेकर बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी 247 सतर्क रहकर कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने तटबंध पर स्थानीय बालू से भरे बोरे का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध एवं सुरक्षित रखने, बाढ़ सुरक्षा से संबंधित अन्य सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने तटबंधों एवं संवेदनशील स्थलों पर आवश्यक संख्या में हाई मास्ट/प्रकाश व्यवस्था, मजदूरों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि तटबंधों की निरंतर निगरानी की जाए तथा किसी भी प्रकार की क्षति, कटाव अथवा रिसाव की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए। साथ ही, सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाढ़ पूर्व तैयारियों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर पूर्ण करें ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


गंडक नदी के तटबंध के पास के तिरहुत तटबंध का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### मुजफ्फरपुर में पहली बार इस्कॉन मंदिर की ओर से निकली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 30 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर विराजे प्रभु

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** नगर में इस्कॉन मंदिर की ओर से पहली बार भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली गई। करीब 30 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा विराजमान हुए। रथ यात्रा में लगभग 10 हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में 'हरे कृष्ण, हरे राम' के जयघोष, हरिनाम संकीर्तन और भजन-कीर्तन से नगर का माहौल भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ रथ की रस्सी खींचकर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। पानी टंकी चौक स्थित इस्कॉन मंदिर से विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना के बाद रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा को 30 फीट ऊंचे हाइड्रोलिक रथ पर विराजमान कराया गया। रथ को कोलकाता से मंगाए गए बेला, रजनीगंधा और जूही के फूलों तथा पटना से लाए गए जरबेरा और गेंदे के फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रथयात्रा पानी टंकी चौक से हरिसभा चौक, कल्याणी, मोतीझील, तिलक मैदान रोड, सरैयागंज टावर, पुरानी बाजार, सोनारपट्टी और गरीबस्थान रोड होते हुए शहर का भ्रमण कर पुनः इस्कॉन मंदिर पहुंची। यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान जगन्नाथ का स्वागत किया। बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालु ढोल, मृदंग, झांझ और करताल की धुन पर हरिनाम संकीर्तन करते हुए झूमते रहे। रथयात्रा को लेकर पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। वहीं इस्कॉन मंदिर के स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की।


भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

### मुजफ्फरपुर जिला बालक अंडर 20 कबड्डी टीम गठित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार स्टेट कबड्डी एसोसिएशन के तत्वाधान में मुजफ्फरपुर जिला टीम का गठन एल एस कॉलेज ग्राउंड में ट्रायल के माध्यम से किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय एवं क्लब से 155 खिलाड़ियों ने भाग लिया। मुजफ्फरपुर ज़िला कबड्डी संघ के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का सलेक्शन बालक वर्ग के अंडर 20 में किया गया। ट्रायल के आधार पर कुल 18 खिलाड़ियों का चयन कैम्प के लिए किया गया। कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी जोनल कबड्डी प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि सिवान में आयोजित जूनियर जोनल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित टीम भाग लेगी। मौके पर निसार अहमद कादरी, मुजफ्फरपुर कुश्ती संघ के सचिव दिलमोहन झा, संयुक्त सचिव चंदन कुमार, संतोष कुमार, अंकित प्रकाश एवं अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे। चयनित खिलाड़ियों में बालक अंडर 20 टीम के लिए वेदांत कुमार, आनंद झा, कयाम हुसैन, सन्नी कुमार, अंकित कुमार, आर्यन कुमार, विवेक राज, विवेक कुमार, ऋषि कुमार, उत्कर्ष आनंद, आयुष ठाकुर रवि चौधरी, अविनाश गुप्ता, प्रिंस कुमार, नंवीत कुमार, आदर्श कुमार, आदित्य कुमार, प्रिंस कुमार एवं सनी कुमार शामिल है।



### पर्यटन मंत्री ने मुजफ्फरपुर प्रभारी मंत्री को लिखा पत्र


**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** 2 अगस्त से शुरू हो रहे मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम श्रावणी मेला 2026 को देखते हुए राज्य के पर्यटन मंत्री केदार प्र गुप्ता ने मुजफ्फरपुर पटना मार्ग पर दो प्रमुख सर्विस सड़कों की जर्जर स्थिति पर चिंता जताते हुए पहलेजा से मुजफ्फरपुर तक नंगे पाँव गंगाजल लेकर बाबा के जलाभिषेक के लिए आने वाले काँवरिया शिवभक्तों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इन सड़कों की तत्काल मरम्मत की मांग की है। उन्होंने इस मामले में मुजफ्फरपुर के प्रभारी मंत्री (राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग) डॉ दिलीप जयसवाल को पत्र लिखकर मुजफ्फरपुर-पटना मार्ग की दो प्रमुख सर्विस सड़कों की जर्जर स्थिति की शीघ्र मरम्मत कराने का आग्रह किया है। पर्यटन मंत्री ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मुजफ्फरपुर-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग पर फकुली से आगे बलिया ओवरब्रिज के पश्चिम तथा तुर्की ओवरब्रिज के पश्चिम स्थित सर्विस रोड की स्थिति काफी खराब है। इन मार्गों से श्रावणी मेले के दौरान बड़ी संख्या में काँवरिया शिवभक्त इन दोनों मार्गो से गुजरते है। उन्होंने श्रावणी मेला शुरू होने से पहले एनएचएआई के माध्यम से इन दोनों जर्जर सर्विस रोड का निर्माण एवं मरम्मत कार्य जल्द कराने का डॉ दिलीप जयसवाल से पत्र द्वार अनुरोध किया है।

# रिटायर्ड बैंककर्मी दंपति की हत्या सरेशाम घर में घुसकर मारी गोली

**अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम देकर हुए फरार, डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम के साथ पुलिस मामले की कर रही जांच**

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रामबाग इलाके में सोमवार देर शाम अपराधियों ने घर में घुसकर एक रिटायर्ड बैंक कर्मी और उनकी पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। शहर के बीचों-बीच हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल बन गया है। मृतकों की पहचान रिटायर बैंककर्मी अशोक कुमार और उनकी पत्नी के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अपराधियों ने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने सबसे पहले अशोक कुमार को घर के ग्राउंड फ्लोर पर गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उनकी पत्नी को घर की छत पर गोली मार दी गई। इस घटना में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। शहर के व्यस्त रिहायशी इलाके में हुई इस दोहरे हत्याकांड को लेकर स्थानीय लोगों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है। उधर,


घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़ और मामले की जांच को पहुंची पुलिस।

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची मिठनपुरा थाना पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटनास्थल को सील कर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि हत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं, जैसे आपसी रंजिश, लूटपाट का विरोध, संपत्ति विवाद और अन्य कारणों को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल की टीम और डॉग स्क्वायड को भी बुलाया गया है। वहीं, आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि अपराधियों की पहचान और उनके आने-जाने के रास्ते का पता लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डबल मर्डर से इलाके में सनसनी फैली हुई है। इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है। वही परिजनों के बीच कोहराम मचा हुआ है।

# माले सहित विभिन्न संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च

## जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण छात्र-युवा संसद मार्च पर लाठीचार्ज का किया विरोध



आक्रोश मार्च निकालते माले व बिभिन्न संगठनों के लोग।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** संसद मार्च के दौरान छात्र-नौजवानों पर लाठी चार्ज, पेपर लीक, परीक्षा लेने वाली निजी एजेंसी एनटीए तथा सोनम वांगचुक को जबरन अनशन स्थल से उठा लेने के खिलाफ देशव्यापी छात्र-युवा आक्रोश दिवस पर सोमवार को मुजफ्फरपुर में भी मार्च निकाला गया।

22 दिनों से भूख हड़ताल कर रहे आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा सहित राष्ट्रीय नेता मनीष और आमीन के साथ एकजुटता प्रकट करते हुए आइसा, इंकलाबी नौजवान सभा, इंसाफ मंच और भाकपा-माले ने संयुक्त रूप से शहर में मार्च निकाला गया। इस दौरान केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को भंग करने, नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करने, पेपर लीक से छात्रों की आत्महत्या की जवाबदेही तय करने, अनशनकारी पर बैठे शिक्षाविद सोनम वांगचुक व भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों से वार्ता करने तथा छात्र-युवा आंदोलन पर दमन पर रोक लगाने की मांग की गई।

इसके साथ ही मोदी सरकार शर्म करो और आंदोलनकारी छात्र-युवाओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाओ, बेहतर भविष्य के लिए छात्र-युवाओं का संघर्ष जिंदाबाद के नारे भी लगाए गये। आक्रोश मार्च मुखर्जी सेमिनरी रोड स्थित माले कार्यालय से निकला जिसका नेतृत्व आइसा की प्राची प्रभा, नौजवान सभा के जिला अध्यक्ष विवेक कुमार, इंसाफ मंच के राज्य सह सचिव जफर आजम, माले जिला सचिव जितेन्द्र यादव ने किया।

मार्च में महिला संगठन ऐपवा की जिला सचिव रानी प्रसाद, खेग्रामस के राज्य सचिव शत्रुघ्ध सहनी, जिला अध्यक्ष होरिल राय, मनरेगा सभा के वीरेन्द्र पासवान, किसान महासभा के जिला अध्यक्ष विन्देश्वर साह व प्रेमलाल राय, ऐक्टू के जिला सचिव मनोज यादव, इंसाफ मंच के नूर हसन, राम लखन दास, माले जिला कमिटी सदस्य रामबालक सहनी, विमलेश मिश्र, राजेश रंजन, विजय गुप्ता, नीलकमल, रजकिशोर प्रसाद सहित इंद्रदेव मांझी, शत्रुघ्ध महतो, नौजवान सभा के सुधीर कुमार, गुड्डू कुमार,पप्पू कुमार, फूलबाबू कुमार सहित और लोगों ने भाग लिया।

**एनटीए को भंग करने तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग**

**मोतीपुर में नवविवाहित दंपति की संदिग्ध मौत**

# अलग-अलग कमरे में फंदे से लटकते मिले पति पत्नी के शव

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नरियार गांव में रविवार रात एक नवविवाहित दंपति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पति पत्नी का शव घर के अलग-अलग कमरों में फंदे से लटकता मिला, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के हरसेर गांव निवासी विजय कुमार (21 वर्ष) और उनकी पत्नी अंजलि कुमारी (18 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों की शादी 13 मार्च 2026 को हुई थी। अंजलि पिछले 15 दिनों से तबीयत खराब होने के कारण मायके नरियार गांव में रह रही थी।

घटना के समय अंजलि के माता-पिता डॉक्टर के पास गए हुए थे। घर में केवल नवविवाहित दंपति ही मौजूद थे। लौटने पर परिजनों ने दोनों को अलग-अलग कमरों में फंदे से लटका देखा तो सन्न रह गए। बताया गया है कि जल्द ही विदाई की तैयारी चल रही थी, लेकिन घटना ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। सूचना मिलते ही मोतीपुर थाना पुलिस, एफएसएल टीम और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया है। एसडीपीओ पश्चिमी-1 सुचित्रा कुमारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। हत्या, आत्महत्या या अन्य किसी भी संभावना को ध्यान में रखकर वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार है।


मृतक दंपती की फाइल फोटो।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को गति देने के लिए डीएम की समीक्षा

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** टीबी मुक्त भारत अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा जिले में क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कुमार गौरव ने जिला स्वास्थ्य समिति के अधिकारियों, सिविल सर्जन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी तथा संबंधित पदाधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।

बैठक में अभियान के विभिन्न प्रमुख इंडिकेटरों की प्रखंडवार उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों की सराहना करते हुए अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन वाले प्रखंडों को विशेष कार्ययोजना बनाकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। टीबी उन्मूलन अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने तीन टीबी मरीजों को गोद लेते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा नियमित उपचार एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि टीबी जैसी बीमारी के प्रभावी उपचार के लिए दवाओं के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों से अपील की कि वे भी टीबी मरीजों को गोद लें और समय-समय पर उनके खान-पान, पोषण एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गोद लिए गए मरीजों की नियमित निगरानी की जाए तथा उन्हें सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सभी स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी योजनाओं का लाभ समय पर मिले। इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाना तथा मरीजों को बेहतर उपचार एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराना है। बैठक मे अवगत कराया गया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के संकल्प को साकार करने में प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी, आशा कार्यकर्ता, जीविका समूह, पंचायत प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके लिए टीबी की समय पर पहचान, जांच, उपचार, संपर्क अनुरेखण, टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी), निक्षय मित्र एवं पोषण सहायता जैसी सभी गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित किया जाए।

**सभी प्रखंडों लक्ष्य आधारित कार्य करने का निर्देश**


टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी कुमार गौरव।

बैठक में निक्षय मित्र कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंडों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक सामाजिक संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, उद्योगों, जनप्रतिनिधियों एवं सक्षम नागरिकों को निक्षय मित्र के रूप में जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिससे टीबी मरीजों को पोषण एवं अन्य आवश्यक सहयोग समय पर उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान करने तथा अधिक से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित किए जाने के साथ जिन संदिग्ध मरीजों में टीबी की संभावना हो, उनका समय पर एक्स-रे कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। बैठक में डिफरेंशिएटेड टीबी केयर की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि गंभीर एवं उच्च जोखिम वाले मरीजों की नियमित निगरानी की जाए तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं परामर्श उपलब्ध कराया जाए। टीबी मरीजों के निकट संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें समय पर टीपीटी उपलब्ध कराया जाए ताकि भविष्य में संक्रमण की संभावना को कम किया जा सके। फूड बास्केट की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के उपचार में पौष्टिक आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए अधिक से अधिक मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित विभाग एवं निक्षय मित्र समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

बैठक में सभी इंडिकेटरों के आधार पर प्रखंडवार रैंकिंग की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य प्रखंड भी उनसे सीख लेकर अपने प्रदर्शन में सुधार करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि कमजोर प्रदर्शन वाले प्रखंडों के लिए अलग से माइक्रो प्लान तैयार किया जाए तथा प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी कुमार गौरव ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि पूरे समाज का अभियान है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा प्रत्येक इंडिकेटर में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करें, ताकि मुजफ्फरपुर को टीबी मुक्त जिला बनाने का लक्ष्य समयबद्ध तरीके से प्राप्त किया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर (युगल) ने किया मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** 'सेवा ही सर्वोपरि' के रोटरी सिद्धांत को साकार करते हुए रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर एवं रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर (युगल) के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एसकेएमसीएच में मातृ एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम तथा मदर एंड चाइल्ड केयर किट वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रोटेरियन डॉ. विभा वर्मा ने सौ से अधिक गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व, संतुलित पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्तनपान, टीकाकरण एवं नवजात शिशु की समुचित देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता को स्वस्थ माँ और स्वस्थ शिशु के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। जागरूकता कार्यक्रम के उपरांत 50 मदर एंड चाइल्ड केयर किट का वितरण किया गया। इन किटों का वितरण रोटेरियन रूपा सिन्हा, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर एवं रोटेरियन मेनका गुप्ता, अध्यक्ष, रोटरी क्लब ऑफ मुजफ्फरपुर (युगल) द्वारा किया गया। दोनों क्लबों ने 25-25 किट प्रदान कर कुल 50 किट लाभार्थी माताओं को वितरित कीं। इस अवसर पर क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आवश्यक सहयोग समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में रोटेरियन रूपा सिन्हा, रोटेरियन निशर्ग शंकर, रोटेरियन डॉ विभा वर्मा, रोटेरियन निकुंज बजोरिया, रोटेरियन मेनका गुप्ता सहित 6 से अधिक रोटेरियन्स उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया। वही अस्पताल प्रशासन एवं लाभार्थियों ने इस सराहनीय पहल के लिए दोनों रोटरी क्लबों के प्रति आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में लाभार्थियों को मदर एन्ड चाइल्ड केयर किट का वितरण करती क्लब की अध्यक्ष द्वय।

### कांटी कोठिया डैम में डूबे 3 बच्चों के परिजनों को क्षेत्रीय विधायक ने सौपा एनटीपीसी द्वारा दिए गए मुआवजा राशि 25- 25 हजार का चेक

**कांटी (एनएसबी)।** कांटी नगर परिषद क्षेत्र के कांटी कोठिया स्थित डैम में पिछले दिनों डूबे तीन बच्चों के परिजनों को क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार ने सहायता राशि 25-25 हजार का चेक प्रदान किया। ज्ञात हो कि विधायक श्री कुमार के पहल पर एनटीपीसी के अधिकारी की टीम क्षेत्रीय विधायक के साथ एनटीपीसी के डैम में नहाने के दौरान डूबे तीन बच्चे दीनानाथ, आर्यव गुप्ता व आयुष कुमार के घर पहुँचे व उनके परिजनों को 25-25 हजार रुपये की सहयोग राशि का चेक सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर से भी तीनों मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपये की चेक पूर्व में दे दी गई है। इस मौके पर एनटीपीसी क जीएम उमेश कुमार, एजीएम ऐस यूटिलाइजेशन आनंद कुमार झा, डीजीएम एचआर संजीत कुमार, नगर परिषद के उपसभापति अजय कुमार गुप्ता, प्रो. अशोक गुप्ता, जदयू नगर अध्यक्ष सह पार्षद चंदन पांडेय, पार्षद प्रतिनिधि प्रतीक उर्फ सोमू गुप्ता, दीपक सिंह समेत रजनीश सिंह उर्फ फौजी, शिवेंद्र ठाकुर, विवेक रंजन, चुन्नू ठाकुर, नीरज सिंह, पप्पू सिंह, मनमोहन सिंह, नूनु सिंह, कामेश्वर सिंह, विरंजन ठाकुर, नीरज महतो, पप्पू महतो, पप्पू ठाकुर समेत स्थानीय सैकड़ो लोग उपस्थित थे।


सहयोग राशि का चेक देते बिधायक।

### रास वर्ल्ड, की वार्षिक आम सभा की बैठक सह बोर्ड कार्यकारिणी चुनाव

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** गोबरसही स्थित रास वर्ल्ड शाखा मुजफ्फरपुर में रास वर्ल्ड की वार्षिक आमसभा की बैठक सह कार्यकारिणी चुनाव संपन्न हुआ। जिसमे सभी सदस्यों की सहमति से रंजीत प्रसाद श्रीवास्तव-अध्यक्ष, शिहान ई. राहुल श्रीवास्तव-सचिव, सेंडाई शिल्पी सोनम- कोषाध्यक्ष, उपासना आनंद कार्यालय सचिव, सुरज कुमार, तन्नू श्री व कुणाल कुमार को कार्यकारी सदस्य चुना गया। इस आमसभा की बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने बिहार के खिलाड़ियों के खेल में भविष्य को और भी उज्जवल बनाने, खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता व रास वर्ल्ड की उपलब्धियों पर भी चर्चा हुई। साथ ही सभी प्रस्तावो को पारित किया गया। पदभार ग्रहण करने वाले सभी कार्यकारिणी सदस्यों को ओम प्रकाश, प्रभात कुमार, रोहित प्रजापति समेत तमाम सदस्यों द्वारा माला पहनाकर कर बधाई दिया गया।


नव मनोनीत पदाधिकारी व सदस्य।

### रोटरी क्लब ऑफ लिच्छवी का 19वां पदस्थापना समारोह संपन्न, आलोक सिंह बने अध्यक्ष, रूपेश कुमार सचिव

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** मिठनपुरा स्थित एक निजी होटल के सभागार में रोटरी क्लब ऑफ लिच्छवी का 19वां पदस्थापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जबकि मंच संचालन रोटेरियन कुमार प्रीतम ने किया। समारोह में वर्ष 2026-27 के लिए रोटेरियन आलोक सिंह को क्लब का अध्यक्ष तथा रोटेरियन रूपेश कुमार को सचिव के रूप में विधिवत पदस्थापित किया गया। डॉ. विजय कुमार ने आलोक सिंह को तथा रणधीर कुमार ने रूपेश कुमार को कॉलर पहनाकर उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजीव ठाकुर मुख्य अतिथि तथा असिस्टेंट गवर्नर अजीत अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि उनके कार्यकाल में रोटरी क्लब ऑफ लिच्छवी समाज हित के कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित करेगा। समारोह के दौरान क्लब के सभी सदस्यों ने नवपदस्थापित अध्यक्ष एवं सचिव का स्वागत करते हुए क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संजीत कुमार कर्ण, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, अफरोज आलम अंसारी, वी.एन. उपाध्याय, शैलेन्द्र कुमार शैल, आमोद कुमार, उमाकांत गुप्ता सहित क्लब के कई सदस्य उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में क्लब के नए पदाधिकारी।

### प्रभार सौंपने के बाद भी निपटाए गए दाखिल-खारिज के मामले, डीएम ने बैठाई उच्चस्तरीय जांच

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के कुढ़नी अंचल में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों को लेकर बड़ा प्रशासनिक विवाद सामने आया है। पूर्व अंचल अधिकारी (सीओ) द्वारा पदभार हस्तांतरित किए जाने के बाद भी बड़ी संख्या में दाखिल-खारिज के मामलों के निष्पादन का आरोप लगने पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है। जांच टीम को दो दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, तत्कालीन अंचल अधिकारी अनिल कुमार संतोषी ने 4 जुलाई 2026 की अपराह्न में कुढ़नी अंचल का प्रभार नई अंचल अधिकारी नीलम कुमारी को विधिवत सौंप दिया था। आरोप है कि प्रभार सौंपने के बावजूद पिछली तारीखों अथवा प्रभार हस्तांतरण के दौरान बड़ी संख्या में दाखिल-खारिज के मामलों का निष्पादन किया गया।

**266.66 एकड़ जमीन की मापी शुरू**

# 30 साल बाद मोतीपुर चीनी मिल को पुनर्जीवित करने की कवायद हुई तेज

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** करीब तीन दशक से बंद पड़ी ऐतिहासिक मोतीपुर चीनी मिल को फिर से चालू करने की दिशा में प्रशासनिक कार्रवाई तेज हो गई है। वर्षों से बंद इस चीनी मिल के पुनर्विकास की योजना अब फाइलों से निकलकर धरातल पर उतरने लगी है। बिहार सरकार के निर्देश पर सोमवार से मिल की 266.66 एकड़ लीज वाली भूमि की मापी और सीमांकन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

सरकार की इस पहल से क्षेत्र के किसानों, मजदूरों और स्थानीय व्यवसायियों में नई उम्मीद जगी है। लोगों का मानना है कि यदि मोतीपुर चीनी मिल दोबारा शुरू होती है तो पूरे इलाके की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। गन्ना उद्योग विभाग के निर्देश के बाद जिला प्रशासन ने इंडियन पोटाश लिमिटेड (आईपीएल) को लीज पर दी गई जमीन को वापस लेने की प्रक्रिया तेज कर दी है। प्रस्तावित योजना के तहत यहां आधुनिक तकनीक से युक्त चीनी मिल, गन्ना विकास केंद्र, अनुसंधान संस्थान तथा चीनी उद्योग से जुड़े सहायक उद्योग स्थापित किए जाने की योजना है। प्रशासन का उद्देश्य मोतीपुर को दोबारा उत्तर बिहार के प्रमुख कृषि आधारित औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। जमीन की सही स्थिति और सीमाओं का निर्धारण करने के लिए मुजफ्फरपुर के अपर समाहर्ता (राजस्व) प्रशांत कुमार ने विशेष आदेश जारी किया है। इसके तहत जिले के सात अंचलों—मोतीपुर, कुढ़नी, कांटी, पारू, साहेबगंज, मड़वन और सरैया—से 17 अमीनों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी अमीन संयुक्त रूप से जमीन की मापी और सीमांकन का कार्य कर रहे हैं। पूरी प्रक्रिया की निगरानी मोतीपुर के अंचलाधिकारी तरुण कुमार कर रहे हैं।


तीन दशक से बंद पड़ी मोतीपुर चीनी मिल परिसर की तस्वीर।

प्रशासन ने निर्देश दिया है कि तीन दिनों के भीतर मापी और सीमांकन का कार्य पूरा कर विस्तृत रिपोर्ट अंचल कार्यालय को सौंपी जाए। इसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी के माध्यम से राज्य के गन्ना उद्योग विभाग को भेजी जाएगी, जहां से आगे जमीन हस्तांतरण और पुनर्विकास की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा।

मोतीपुर चीनी मिल की 266.66 एकड़ लीज भूमि कई राजस्व गांवों में फैली हुई है। इसलिए सभी संबंधित क्षेत्रों में एक साथ सीमांकन कराया जा रहा है, ताकि भूमि संबंधी किसी भी विवाद या तकनीकी बाधा को समय रहते दूर किया जा सके। गन्ना उद्योग विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने भी मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी को भेजे पत्र में जमीन वापसी और औद्योगिक विकास की प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया है।

ज्ञात हो कि मोतीपुर चीनी मिल कभी उत्तर बिहार के हजारों गन्ना किसानों और श्रमिकों की आजीविका का प्रमुख आधार था। मिल बंद होने के बाद क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो गई थीं। अब पुनर्जीवन की दिशा में शुरू हुई इस पहल से किसानों को अपनी फसल का बेहतर बाजार मिलने, स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध होने और क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। यदि योजना समय पर पूरी होती है तो मोतीपुर चीनी मिल का दोबारा संचालन पूरे इलाके के लिए आर्थिक पुनर्जागरण की नई शुरूआत साबित हो सकता है।

## बीमार महिला को दवा देने पहुंचे सीएसपी संचालक की भीड़ ने की बेरहमी से पिटाई

### प्रेम प्रसंग का लगाया आरोप, चप्पलों की माला पहनाकर किया अपमानित

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले के औराई थाना क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। भरथुआ पंचायत के वार्ड संख्या-3 में बीमार पड़ोसी महिला को दवा देने पहुंचे सीएसपी संचालक एवं वार्ड सदस्य के पति मंटू साह के साथ कथित तौर पर दबंगों ने अमानवीय व्यवहार किया। आरोप है कि उन्हें कथित प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर बेरहमी से पीटा गया, गले में चप्पलों की माला पहनाकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया और जान से मारने की कोशिश भी की गई।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार मंटू साह को उनके पड़ोसी किशन राय की पत्नी का फोन आया था। महिला ने तबीयत खराब होने और घर में कोई सदस्य नहीं होने की बात कहते हुए दवा लाने का अनुरोध किया। मानवीय आधार पर मंटू साह दवा लेकर महिला के घर पहुंचे, लेकिन आरोप है कि वहां पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें पकड़ लिया। पीड़ित का आरोप है कि दबंगों ने उन पर महिला से अवैध संबंध होने का आरोप लगाते हुए पहले रस्सी से बांधा, फिर लाठी-डंडों से

**वीडियो किया वायरल**

जमकर मारपीट की। इसके बाद गले में चप्पलों की माला पहनाकर सार्वजनिक रूप से अपमानित किया गया। वायरल वीडियो में कथित तौर पर कई लोग घटना देखते नजर आ रहे हैं, जबकि कुछ लोग पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार करते दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल मंटू साह को आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराकर इलाज के लिए मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। सूत्रों के अनुसार, घटना के पीछे पुरानी रंजिश की भी आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि हाल ही में एक कथित शराब कारोबारी की गिरफ्तारी के बाद उसे संदेह था कि पुलिस को सूचना मंटू साह ने दी थी।

आरोप है कि जेल से बाहर आने के बाद उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कथित प्रेम प्रसंग का आरोप लगाकर इस घटना को अंजाम दिया। हालांकि, इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और इसकी सच्चाई पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। औराई थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सीएसपी संचालक के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। घायल का इलाज कराया जा रहा है तथा प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने वाले लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**हनी ट्रैप में डेढ़ करोड़ की रंगदारी का मामला आया सामने**

## नोटों में छिपे इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकर से पुलिस के रडार पर मुजफ्फरपुर का प्रेमी युगल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** हनी ट्रैप के जरिए डेढ़ करोड़ रुपये की कथित रंगदारी मांगने के मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। पटना के एक बड़े होटल संचालक ने ब्लैकमेलर्स के जाल से बचने के लिए फिरौती की रकम में इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकर छिपा दिया। इसी ट्रैकर की मदद से पुलिस मुजफ्फरपुर के एक कथित प्रेमी युगल तक पहुंचने में सफल रही, जिसके बाद पूरे मामले की जांच तेज कर दी गई है। इस हाई प्रोफाइल मामले में पीड़ित होटल संचालक के आवेदन पर मुजफ्फरपुर के अहियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित पटना के अगमकुंआ थाना क्षेत्र स्थित बड़ी पहाड़ी, बैरिया बस स्टैंड के पास का निवासी है।


खबर से संबंधित प्रतीकात्मक तस्वीर।

थानाध्यक्ष शरत कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और विभिन्न पहलुओं से जांच की जा रही है। पुलिस इलेक्ट्रॉनिक ट्रैकर से मिले इनपुट, तकनीकी साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध प्रमाणों के आधार पर आरोपितों की भूमिका की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, हनी ट्रैप और रंगदारी के इस मामले ने पटना और मुजफ्फरपुर दोनों जिलों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

## ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने खिलाड़ियों को सिखाईं आधुनिक रणनीतियां

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ द्वारा रामदयालु स्थित चंद्रविला में आयोजित विशेष शतरंज प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक समापन हो गया। शिविर में अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने युवा खिलाड़ियों को शतरंज की आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रैंडमास्टर थिप्से ने प्रतिभागियों को खेल के ओपनिंग, मिडिल गेम और एंड गेम की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने खिलाड़ियों को विभिन्न परिस्थितियों में बेहतर चाल चलने, रणनीति बनाने और खेल में मानसिक संतुलन बनाए रखने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। समापन समारोह में ग्रैंडमास्टर प्रवीण थिप्से ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए युवा खिलाड़ियों को लगातार मेहनत करते रहने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. शलभ सिन्हा ने कहा कि शतरंज मानसिक विकास और निर्णय क्षमता को मजबूत करने वाला खेल है। समारोह में सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंध निदेशक अमिताभ चंद्रा, जिला क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव उदय शंकर शर्मा, मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ के सचिव हिमांशु कुमार, उपाध्यक्ष आभास कुमार, संयुक्त सचिव मनीष कुमार एवं सुनील कुमार, अखिल बिहार शतरंज संघ के संयुक्त सचिव नंद किशोर श्रीवास्तव, आलोक कुमार, राहुल कुमार, हिमांशु हर्ष तथा सीतामढ़ी जिला शतरंज संघ के सचिव विजय कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में मुजफ्फरपुर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष विनय कुमार ने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।



प्रमाण पत्र के साथ हर्षित विशेष शतरंज प्रशिक्षण शिविर के प्रतिभागीगण।

## ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के विरोध में समाहरणालय पर गरजे किसान मजदूर

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिले में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना के विरोध में सोमवार को 'किसान मजदूर संगठन बिहार' के बैनर तले समाहरणालय परिसर में एक दिवसीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। सुबह 10 बजे से शुरू हुए इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसानों और कृषि मजदूरों ने भाग लेकर भूमि अधिग्रहण का विरोध किया। संगठन के संस्थापक-सह-अध्यक्ष सतीश कुमार के नेतृत्व में आयोजित धरने का मुख्य उद्देश्य टाउनशिप योजना के नाम पर उपजाऊ कृषि भूमि के अधिग्रहण का विरोध करना और किसानों के अधिकारों की रक्षा करना बताया गया।

प्रदर्शन के दौरान आंदोलनकारी "निकलो खेत-खलिहानों से, लड़ना है बेईमानों से" और "जमीन हमारी, अधिकार हमारा, निर्णय हमारा" जैसे नारों के साथ अपनी आवाज बुलंद करते रहे। वही धरना सभा को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना से स्थानीय किसानों और कृषि पर निर्भर मजदूरों के आशियाने और रोजगार पर गंभीर संकट उत्पन्न हो जाएगा। उनका कहना था कि विकास के नाम पर उपजाऊ कृषि भूमि का अधिग्रहण किसानों के हितों के विपरीत है और इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रशासन को एक मांग-पत्र भी सौंपा। इसमें टाउनशिप योजना की पुनः समीक्षा करने, किसानों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण नहीं करने तथा किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की गई। धरना शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। वहीं, जिला प्रशासन ने मांग-पत्र प्राप्त कर नियमानुसार आगे की कार्रवाई का भरोसा दिलाया।



समाहरणालय में प्रदर्शन करते किसान मजदूर।

## नीमा बिहार की राज्य परिषद बैठक, आयुर्वेद फोरम बनाने पर सहमति

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** होटल परमवीर माड़ीपुर में नीमा बिहार राज्य परिषद की बैठक राज्य अध्यक्ष डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन एवं स्तवन के साथ हुआ। कार्यक्रम में नीमा मुजफ्फरपुर द्वारा राज्य अध्यक्ष डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह, राज्य सचिव डॉ. आलोक कुमार, राज्य कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल विश्वकर्मा, नीमा सीसी महिला फोरम की सचिव डॉ प्रेमलता, नीमा बिहार महिला फोरम की सचिव डॉ. रीता वर्मा, एमबीएस प्रमुख डॉ अनिल कुमार सिंह, राज्य उपाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार सिंह सहित सभी अतिथियों को डॉ विपिन बिहारी राज्य मीडिया प्रभारी बिहार ने अंगवस्त्र, सम्मान पत्र व बुके देकर सम्मानित किया। इसके पश्चात राज्य सचिव डॉ आलोक कुमार ने वर्ष 2024झ26 का सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए नीमा बिहार आयुर्वेद फोरम के गठन का प्रारूप सदन के समक्ष रखा। इस पर विस्तृत चर्चा हुई तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया गया।



बैठक में संगठन के पदाधिकारी को सम्मानित करते संगठन के राज्य मीडिया प्रभारी।

एमबीएस प्रमुख डॉ. अनिल कुमार सिंह ने सदस्यता अभियान की अद्यतन जानकारी देते हुए जिला शाखाओं के चुनाव की प्रक्रिया समझाई और कहा कि आगामी संगठनात्मक चुनावों में एमबीएस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वही नीमा सीसी महिला फोरम की सचिव डॉ. प्रेमलता ने संगठन की एकजुटता, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी तथा आयुष चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया। राज्य उपाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार सिंह ने आईएसएम चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए नए एवं प्रभावी प्रयास करने का आह्वान किया। राज्य कोषाध्यक्ष डॉ. अनिल विश्वकर्मा ने वार्षिक आय-व्यय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. दिनेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि नीमा लगातार आईएसएम चिकित्सकों के अधिकारों, सम्मान एवं व्यावसायिक हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने चिकित्सकों से आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की उपयोगी जानकारियों से स्वयं को अद्यतन रखने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में डॉ. रितेश वर्मा ने स्वागत भाषण तथा डॉ. विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

बैठक में मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, बेतिया, गोपालगंज, गया, पटना, बेगूसराय, सीतामढ़ी, सिकरहना, बगहा, समस्तीपुर, दलसिंहसराय, जमुई एवं मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न नीमा शाखाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसके अलावा डॉ. अब्दुल खाबिर, डॉ एस कुमार, डॉ मझहर आलम, डॉ. उमैश अख्तर एवं डॉ. मिंतुल्लाह ने भी संगठन एवं आईएसएम चिकित्सकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। बैठक का समापन संगठन को मजबूत बनाने, आयुष चिकित्सा पद्धतियों के संरक्षण तथा आईएसए चिकित्सकों के हितों के लिए एकजुट होकर कार्य करने के संकल्प के साथ हुआ।

## सम्पादकीय

# जब विद्यालय मुस्कुराते हैं, तभी राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल होता है

विद्यालय केवल पाठ्यपुस्तकों का संसार नहीं, बल्कि विश्वास, संस्कार, संवेदना और सपनों की वह पाठशाला है, जहाँ से एक सभ्य, सशक्त और मानवीय समाज की शुरुआत होती है। किसी भी राष्ट्र की वास्तविक समृद्धि उसकी ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों, आधुनिक तकनीक या आर्थिक विकास से नहीं मापी जाती। उसकी सबसे बड़ी पूँजी उसके विद्यालय होते हैं, क्योंकि वहीं आने वाले कल का भारत आकार लेता है। प्रत्येक कक्षा में बैठा एक-एक बच्चा केवल विद्यार्थी नहीं होता, बल्कि वह भविष्य का वैज्ञानिक, चिकित्सक, शिक्षक, सैनिक, किसान, कलाकार, न्यायाधीश, प्रशासक और सबसे बढ़कर एक संवेदनशील नागरिक होता है। इसलिए विद्यालय केवल ज्ञान देने का केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रथम प्रयोगशाला है। इसी गहन मानवीय सोच को शब्द देते हुए बाढ़ के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार ने मॉडल स्कूल के उद्घाटन समारोह में शिक्षकों से जो आह्वान किया, वह केवल एक प्रशासनिक संदेश नहीं था, बल्कि शिक्षा के वास्तविक दर्शन का उद्घोष था। उनका यह कथन-ऐसा विद्यालय बनाइए, जहाँ हर बच्चा मुस्कुराते हुए आए और मुस्कुराते हुए घर लौटे-वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के लिए एक प्रेरक संकल्प है।

वास्तव में किसी विद्यालय की पहचान उसकी चमचमाती इमारतों, वातानुकूलित कक्षाओं, स्मार्ट बोर्डों या आधुनिक सुविधाओं से नहीं होती। उसकी पहचान बच्चों के चेहरों पर खिली मुस्कान से होती है। जिस विद्यालय में भय की जगह विश्वास, दंड की जगह संवाद, उपेक्षा की जगह अपनापन और प्रतिस्पर्धा के साथ सहयोग का वातावरण हो, वही शिक्षा का वास्तविक मंदिर कहलाने योग्य है।

आज शिक्षा के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई नहीं, बल्कि बच्चों का भावनात्मक संरक्षण भी है। बदलती सामाजिक परिस्थितियों, पारिवारिक व्यस्तताओं, डिजिटल दुनिया के बढ़ते प्रभाव और मानसिक तनाव के बीच विद्यालय बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित आश्रय बन सकता है। यदि विद्यालय उन्हें यह भरोसा दे दे कि यहाँ उनकी बात सुनी जाएगी, उनकी भावनाओं का सम्मान होगा और उनकी असफलताओं पर उन्हें अपमानित नहीं, बल्कि प्रेरित किया जाएगा, तो शिक्षा अपने सर्वोच्च उद्देश्य को प्राप्त कर लेगी।


एक सच्चा शिक्षक वह नहीं जो केवल पाठ्यक्रम पूरा कर दे, बल्कि वह है जो बच्चों की आँखों में छिपे सपनों को पढ़ सके। वह जानता है कि हर बच्चा अलग है, हर प्रतिभा का अपना रंग है और हर मन की अपनी गति है। कोई गणित में उत्कृष्ट होता है, कोई संगीत में, कोई चित्रकला में, कोई खेल में, तो कोई अपनी संवेदनशीलता से दुनिया को बेहतर बनाने की क्षमता रखता है। शिक्षा का उद्देश्य समानता नहीं, बल्कि प्रत्येक बच्चे की विशिष्टता को सम्मान देना है।

विद्यालय में बोला गया एक कठोर शब्द कई बार वर्षों तक बच्चे के मन पर घाव छोड़ देता है, जबकि एक स्नेहपूर्ण वाक्य उसके आत्मविश्वास को जीवनभर के लिए मजबूत बना सकता है। इसलिए शिक्षक का सबसे बड़ा शस्त्र ज्ञान नहीं, बल्कि संवेदना है। जो शिक्षक बच्चों को डाँटकर नहीं, समझाकर आगे बढ़ाता है, वही उनके जीवन में स्थायी प्रेरणा बनता है।

आज आवश्यकता ऐसी शिक्षा की है, जहाँ अंक सफलता का एकमात्र पैमाना न हों। शिक्षा का वास्तविक मूल्य इस बात से तय होना चाहिए कि विद्यालय से निकलने वाला विद्यार्थी कितना ईमानदार, संवेदनशील, अनुशासित, सहिष्णु और जिम्मेदार नागरिक बनता है। यदि विद्यालय बच्चों के भीतर करुणा, सत्य, सेवा और राष्ट्रप्रेम का दीप जला देता है, तो उसने अपना सबसे बड़ा दायित्व निभा दिया।

समावेशी शिक्षा आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय ऐसा होना चाहिए जहाँ कोई बच्चा अपनी गरीबी, सामाजिक पृष्ठभूमि, शारीरिक स्थिति या सीखने की गति के कारण स्वयं को कमतर महसूस न करे। कमजोर विद्यार्थियों को सहारा मिले, बालिकाओं को सुरक्षा मिले, दिव्यांग बच्चों को समान अवसर मिले और हर बच्चे को यह विश्वास मिले कि वह इस विद्यालय का सम्मानित सदस्य है। यही शिक्षा का लोकतांत्रिक स्वरूप है। शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं होना चाहिए। समय बीतने के साथ बच्चे सूत्र, परिभाषाएँ और अध्याय भूल सकते हैं, लेकिन वे उस शिक्षक को कभी नहीं भूलते जिसने उनके आँसू पोंछे, उनके मनोबल को संभाला, असफलता में उनका हाथ थामा और उन्हें स्वयं पर विश्वास करना सिखाया। शिक्षा का सबसे अमूल्य पुरस्कार परीक्षा परिणाम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के हृदय में शिक्षक के प्रति आजीवन बना रहने वाला सम्मान है।

# शनि वक्री, गुरु अतिचारी : विश्व में अशांति की तैयारी



बी कृष्णा
(ज्योतिष, योग एवं आध्यात्मिक चिंतक)

27 जुलाई 2026 को शनि मीन राशि में वक्री होगा। उसी समय कर्क राशि में स्थित उच्चस्थ बृहस्पति पहले से ही अतिचारी गति से संचरण कर रहा है। ज्योतिषाचार्य वराहमिहिर ने शनि की वक्र गति और बृहस्पति के अतिचार को राजनीतिक उथल पुथल, युद्ध, शासकीय चुनौतियों तथा व्यापक परिवर्तनकारी काल के संकेतों से जोड़ा है।

### आखिर वक्री और अतिचारी का अर्थ क्या है

ज्योतिष में अतिचारी उस अवस्था को कहा जाता है, जब कोई ग्रह सूर्य के अपेक्षाकृत निकट होने के कारण अपनी सामान्य गति से अधिक तीव गति से संचरण करता हुआ प्रतीत होता है। इसके विपरीत वक्री ग्रह वह होता है, जो सूर्य से अपेक्षाकृत दूर होने पर पृथ्वी से देखने पर उलटी दिशा में चलता हुआ दिखाई देता है। यह वास्तविक उलटी गति नहीं, बल्कि पृथ्वी और ग्रहों की सापेक्ष गति का परिणाम है।

यहाँ एक रोचक तथ्य ध्यान आकर्षित करता है। मीन राशि में वक्री शनि और कर्क राशि में अतिचारी गुरु का लगभग यही ग्रहयोग वर्ष 1967 में भी निर्मित हुआ था। ऐसे में स्वाभाविक प्रश्न उठता हैय क्या 2026 में भी इतिहास स्वयं को दोहराएगा।

आइए, इसे शास्त्रीय दृष्टि से समझने का प्रयास करें।

### आर्थिक संकेत

भारत की वर्तमान मंगल महादशा, इस ग्रहयोग का एक महवपूर्ण प्रभाव भारत की अर्थव्यवस्था पर दिखाई दे सकता है। किंतु इसका स्वरूप केवल राजकोषीय स्थिति तक सीमित न रहकर आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक निवेश, रक्षा उत्पादन, ऊर्जा आपूर्ति, औद्योगिक आत्मनिर्भरता तथा राष्ट्रीय आर्थिक संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में अधिक प्रकट हो सकता है।

राष्ट्र कुण्डली में मंगल सप्तम एवं द्वादश भाव का स्वामी होकर द्वितीय भाव में स्थित है। फलतः आर्थिक विषय विदेश नीति, रक्षा व्यय, सामरिक उद्योगों तथा राष्ट्रीय संपदा की सुरक्षा से भी गहराई से जुड़ जाते हैं।

### शासन और प्रशासन

मीन राशि में वक्री शनि शासन-व्यवस्था, प्रशासन, न्यायिक संस्थाओं तथा नीतिगत कार्यप्रणाली की समीक्षा का संकेत देता है। ऐसे समय में लंबित सुधार, प्रशासनिक जवाबदेही, नीतियों के पुनर्मूल्यांकन तथा संस्थागत दक्षता जैसे विषय प्रमुखता प्राप्त कर सकते हैं।

वर्तमान में भारत मंगल महादशा के प्रभाव में है। इसलिए इन संकेतों का स्वरूप अधिक निर्णायक, सुरक्षा केंद्रित तथा रणनीतिक प्रशासन की दिशा में दिखाई दे सकता है। यह समय त्वरित निर्णयों, सीमा सुरक्षा, आंतरिक व्यवस्था तथा प्रशासनिक समन्वय की परीक्षा का भी हो सकता है।

### विदेश नीति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा

इस ग्रह योग का एक महवपूर्ण प्रभाव भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी दिखाई दे सकता है। सीमा सुरक्षा, सामरिक साझेदारियाँ, रक्षा उत्पादन, समुद्री हित तथा वैश्विक शक्ति-संतुलन से जुड़े विषय इस काल में अधिक सक्रिय हो सकते हैं।

इसका ज्योतिषीय आधार वर्तमान मंगल महादशा में निहित है। राष्ट्र कुण्डली में मंगल सप्तम एवं द्वादश भाव का स्वामी है। सप्तम भाव अंतरराष्ट्रीय संबंधों, संधियों और कूटनीति का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि द्वादश भाव सीमाओं, विदेश, रक्षा व्यय तथा सामरिक तैयारियों से संबंधित माना जाता है। इसलिए इस ग्रह योग का प्रभाव स्वाभाविक रूप से भारत के सामरिक और वैश्विक आयामों पर अधिक दिखाई दे सकता है।

**मीन राशि में वक्री शनि और कर्क राशि में अतिचारी गुरु का यह योग निस्संदेह परिवर्तनकारी है। यह विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था, जल-संसाधनों और सामरिक संतुलन में नई चुनौतियों के साथ-साथ नए अवसरों का भी संकेत देता है। इसका अंतिम स्वरूप राष्ट्रों की आंतरिक शक्ति, उनकी नीतिगत दूरदृष्टि तथा संबंधित राष्ट्र कुंडलियों में सक्रिय दशाओं पर निर्भर करेगा**

### कृषि, जल और प्राकृतिक संसाधन

मीन राशि में वक्री शनि जल, नदियों, समुद्री क्षेत्रों, सिंचाई व्यवस्था तथा प्राकृतिक संसाधनों से गहरा संबंध रखता है। इसलिए यह ग्रहयोग कृषि को केवल उत्पादन के स्तर पर नहीं, बल्कि जल प्रबंधन, भंडारण, आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य सुरक्षा तथा जलवायु अनुकूलन के संदर्भ में भी प्रभावित कर सकता है।

वर्तमान मंगल महादशा में कृषि का प्रश्न केवल अन्न उत्पादन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रीय खाद्य-सुरक्षा, रणनीतिक भंडारण, आपूर्ति तंत्र तथा जल-संसाधनों के दीर्घकालिक प्रबंधन से भी जुड़ सकता है।

### विश्व व्यवस्था

शनि और गुरु दोनों ही वैश्विक स्तर पर दीर्घकालीन परिवर्तन के कारक ग्रह हैं। वक्री शनि पुरानी व्यवस्थाओं, शासन-प्रणालियों और संस्थागत संरचनाओं की परीक्षा लेता है, जबकि अतिचारी गुरु नई नीतियों, गठबंधनों और शक्ति-संतुलन की प्रक्रिया को गति देता है। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय गठबंधन, आर्थिक ध्रुवीकरण, समुद्री भू-राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा तथा क्षेत्रीय संघर्षों में परिवर्तन की संभावनाएं बढ़ सकती हैं।

यह ग्रहयोग केवल राजनीतिक और आर्थिक पुनर्संतुलन का ही नहीं, बल्कि जल-चक्र के असंतुलन का भी संकेत देता है। परिणामस्वरूप विश्व के एक भाग में अतिवृष्टि, बाढ़ और समुद्री संकट, तो दूसरे भाग में जलाभाव, सूखा तथा पेयजल संकट जैसी विपरीत परिस्थितियाँ एक साथ उभर सकती हैं।

### क्या 1967 का इतिहास दोहराएगा

यहाँ एक रोचक तथ्य ध्यान देने योग्य है कि मीन राशि में वक्री शनि और कर्क राशि में अतिचारी गुरु का लगभग यही ग्रहयोग वर्ष 1967 में भी निर्मित हुआ था। उस समय भारत बुध महादशा के प्रभाव में था। राष्ट्र कुण्डली में बुध द्वितीय एवं पंचमेश होने के कारण राष्ट्रीय प्राथमिकताएँ अर्थव्यवस्था, खाद्यान्न उत्पादन, कृषि, वित्तीय संसाधनों तथा नीतिगत पुनर्गठन पर अधिक केंद्रित रहीं।

वर्तमान में भारत मंगल महादशा के प्रभाव में है। राष्ट्र कुण्डली में मंगल सप्तम एवं द्वादश भाव का स्वामी होकर द्वितीय भाव में स्थित है। इसलिए यही ग्रहयोग अब राष्ट्रीय सुरक्षा, सामरिक निवेश, विदेश नीति, रक्षा उत्पादन, ऊर्जा सुरक्षा तथा आर्थिक आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को अपेक्षात अधिक सक्रिय कर सकता है।

कोई भी गोचरीय योग अकेले फल प्रदान नहीं करता। उसका वास्तविक प्रभाव तभी प्रकट होता है, जब वह राष्ट्र कुंडली में चल रही महादशा, विद्यमान योगों के साथ सामंजस्य स्थापित करता है। यही कारण है कि समान ग्रह योग भी प्रत्येक कालखंड में समान परिणाम नहीं देता।

अतः मीन राशि में वक्री शनि और कर्क राशि में अतिचारी गुरु का यह योग निस्संदेह परिवर्तनकारी है। यह विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था, जल-संसाधनों और सामरिक संतुलन में नई चुनौतियों के साथ-साथ नए अवसरों का भी संकेत देता है। इसका अंतिम स्वरूप राष्ट्रों की आंतरिक शक्ति, उनकी नीतिगत दूरदृष्टि तथा संबंधित राष्ट्र कुंडलियों में सक्रिय दशाओं पर निर्भर करेगा। इसलिए इस ग्रहयोग को भय का नहीं, बल्कि सजगता और दूरदृष्टि का संकेत मानना अधिक उपयुक्त होगा। भारत के लिए यह समय आर्थिक सुदृढ़ता, सामरिक क्षमता, सुशासन तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन की कसौटी सिद्ध हो सकता है।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

# टाटा एआईए की बड़ी उपलब्धि, एजेंसी डिस्ट्रीब्यूशन में मजबूत प्रदर्शन, बिहार में 14 एजेंट बने एमडीआरटी क्वालिफायर

**बेगूसराय में 8 एमडीआरटी हैं**

**पूरे भारत में 1,397 एमडीआरटी बीमा सलाहकारों के साथ, कंपनी उपभोक्ताओं को विश्व स्तरीय वित्तीय सलाह देने के लिए समर्पित है**

**लगातार चौथे वर्ष भारत में नंबर 1 स्थान पर, वैश्विक स्तर पर 13 वां स्थान मिला**

**भारत** की एक प्रमुख जीवन बीमा कंपनी, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने घोषणा की है कि बिहार में उसके 14 सलाहकार मिलियन डॉलर राउंड टेबल के लिए क्वालिफाई हुए हैं। यह कामयाबी ग्राहकों को बेहतरीन वित्तीय सलाह देने के कंपनी के वादे को मजबूत करती है। साल 2026 की ग्लोबल एमडीआरटी रैंकिंग के मुताबिक, इस प्रतिष्ठित एमडीआरटी खिताब को हासिल करने वालों में अकेले बेगुसराय से 8 सलाहकार शामिल हैं।

यह पड़ाव टाटा एआईए के सलाहकार नेटवर्क के बड़े पैमाने, बेहतरीन गुणवत्ता और निरंतरता को दर्शाता है। खास बात यह है कि क्वालिफाई करने वाले सलाहकारों में 695 यानी लगभग आधी महिलाएं हैं। यह इस बात का एक बड़ा और सकारात्मक संकेत है कि भारतीय वित्तीय सलाह के क्षेत्र में सबसे आगे रहकर कौन अपना करियर बना रहा है। साथ ही, यह सभी को समान अवसर देने वाले सलाहकार इकोसिस्टम के प्रति टाटा एआईए की प्रतिबद्धता को भी दिखाता है।

यह रैंकिंग फुल-टाइम और प्रोफेशनल सलाहकारों पर टाटा एआईए के फोकस को रेखांकित करती है, जो ग्राहकों को उनके सपनों को सुरक्षित रखने में मदद करते हैं। इसका उद्देश्य सलाहकारों की एक ऐसी टीम तैयार करना है, जो ग्राहकों की जरूरतों को समझे, ईमानदारी से काम करे और अपने काम में माहिर हो।

**एमडीआरटी की मुख्य विशेषताएं**

देश भर में नेटवर्क : टाटा एआईए के पूरे नेटवर्क में 1,397 एमडीआरटी-योग्य सलाहकार हैं।

एमडीआरटी के कुल सदस्यों में से लगभग 50 प्रतिशत यानी 695 महिलाएं हैं।

ग्लोबल रैंकिंग : एमडीआरटी सदस्यों की संख्या के मामले में कंपनी वैश्विक स्तर पर 13वें स्थान पर है।

भारत में पहले स्थान पर : 5 से 9 वर्षों की एमडीआरटी योग्यता वाले सलाहकारों की श्रेणी में कंपनी भारत में पहले स्थान पर है, इस श्रेणी में कंपनी के 207 सलाहकार शामिल हैं।

एमडीआरटी : वित्तीय सलाह का एक वैश्विक मानक : मिलियन डॉलर राउंड टेबल, यानी एमडीआरटी को जीवन बीमा और वित्तीय सेवा क्षेत्र में उत्कृष्टता का एक वैश्विक मानक माना जाता है। एमडीआरटी-योग्य सलाहकार अपने पेशेवर ज्ञान, ईमानदारी, काम करने की बेहतर क्षमता और ग्राहकों को बेहतरीन सेवा देने के वादे के लिए जाने जाते हैं।

चाहे ग्राहकों को अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करना हो, बच्चों की शिक्षा की योजना बनानी हो, रिटायरमेंट की तैयारी करनी हो या फिर लंबे समय के लिए संपत्ति बनानी हो टाटा एआईए के एमडीआरटी-योग्य सलाहकार उनकी जरूरतों को समझने और भरोसेमंद वित्तीय फैसले लेने में उनकी मदद करते हैं।

फुल-टाइम सलाहकार उद्यमी तैयार करना : टाटा एआईए उन लोगों के लिए फुल-टाइम करियर के अवसर पैदा करने के लिए पूरी तरह समर्पित है, जो दूसरों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाते हुए पेशेवर सफलता हासिल करना चाहते हैं।

टाटा एआईए अरा प्लेटफार्म की मदद से सलाहकारों को व्यवस्थित ट्रेनिंग, मेंटरशिप, लगातार क्षमता विकास और डिजिटल टूल्स के जरिए उच्च क्षमता वाली प्रतिभा के रूप में निखारा जाता है। यह सलाहकारों को बेहतरीन वित्तीय सलाह देने के लिए जरूरी ज्ञान और साधनों से लैस करता है, जिससे वे वित्तीय सेवा क्षेत्र में एक मजबूत और फुल-टाइम करियर बना सकें।

एमडीआरटी क्वालिफाई करने वालों में लगभग आधी संख्या महिलाओं की होना यह दिखाता है कि टाटा एआईए इस पेशे के शीर्ष स्तर पर सफलता की परिभाषा को बदल रहा है। यह इस बात का सबूत है कि वित्तीय सलाह के क्षेत्र में फुल-टाइम करियर अब वास्तव में हर किसी के लिए खुला है और महिलाएं वित्तीय सलाहकारों के रूप में एक सम्मानित और शानदार करियर बना रही हैं।

टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर : प्रोप्रायटरी बिजनेस, राकेश शर्मा ने कहा, भारत में लगातार चार वर्षों तक एमडीआरटी क्वालिफायर के मामले में नंबर 1 स्थान पर रहने से हम बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह सम्मान हमारे सलाहकारों की बेहतरीन क्षमता, निरंतरता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पुरानी एमडीआरटी सदस्यता को बरकरार रखने वाले और 5 से 9 वर्षों की योग्यता वाले सलाहकारों को मिली यह पहचान विशेष रूप से उत्साहजनक है, क्योंकि यह लगातार बनी रहने वाली उत्कृष्टता को साबित करती है। हम आगे भी एक ऐसा फ्यूचर-रेडी सलाहकार समुदाय तैयार करना जारी रखेंगे जो इस नेक पेशे के लिए पूरी तरह समर्पित हो और पूरे भारत में भरोसेमंद व जरूरतों के अनुसार वित्तीय सलाह दे सके।

ग्राहकों के दीर्घकालिक भरोसे को मजबूत करना : एमडीआरटी योग्य सलाहकार ग्राहकों को उनकी जरूरत के अनुसार सही समाधान बताकर और पलिसी के पूरे सफर के दौरान लगातार मदद देकर उनके साथ संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 में, टाटा एआईए पर्सिस्टेंसी के पांच में से चार मापदंडों में पहले स्थान पर रही, जो सीधे तौर पर यह दर्शाता है कि कितने ग्राहक अपनी पॉलिसियों को चालू रख रहे हैं। पॉलिसी को जारी रखने, ग्राहकों को अपने साथ जोड़े रखने और उनके दीर्घकालिक भरोसे को मापने के लिए पर्सिस्टेंसी एक बहुत ही महत्वपूर्ण इंडिकेटर है।

व्यवसाय के आकार और विंटेज पर्सिस्टेंसी के आधार पर शीर्ष बीमा कंपनियों की रैंकिंग और तुलना के आंकड़े दशमलव के एक स्थान तक मापे गए हैं।

कुल मिलाकर, टाटा एआईए की एमडीआरटी क्षेत्र में अग्रणी भूमिका और पर्सिस्टेंसी का बेहतरीन प्रदर्शन ग्राहकों के लिए स्थायी मूल्य के साथ पेशेवर वित्तीय मार्गदर्शन प्रदान करने की उसकी प्रतिबद्धता को साबित करता है।

# संजीव गुप्ता एवं सोनी गुप्ता को मिला बीआईबी अवार्ड




**विश्वप्रसिद्ध श्री काली साह खाजा** के संचालक संजीव गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी सोनी गुप्ता को पटना स्थित ताज सिटी सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिष्ठित बीआईबी अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में श्री काली साह खाजा की गौरवशाली परंपरा, गुणवत्ता और विशिष्ट पहचान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया। श्री काली साह खाजा लगभग 200 वर्षों से अपनी पारंपरिक विरासत और स्वाद को आगे बढ़ाते हुए बिहार की समृद्ध खाद्य विरासत और पारंपरिक मिठास का गौरव बन चुका है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए संजीव गुप्ता ने आयोजकों एवं सभी शुभचिंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया । संजीव के पिता का नाम संजय लाल गुप्ता एवं माता का नाम इंदु गुप्ता है । संजीव गुप्ता और संदीप गुप्ता दोनों भाई मिलकर इस बिजनेस को चला रहे है ,यह पांचवां पीढ़ी है जो वही पुराना स्वाद दे रहा है। उन्होंने बताया कि वह और उनके भाई संदीप गुप्ता मिलकर वर्षो पुरानी विरासत को आगे बढ़ाने और इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। ग्राहकों के लिए कई तरह के नए और अनोखे स्वाद भी उपलब्ध हैं , इनमें मैंगो फ्लेवर खाजा, चाकलेट फ्लेवर खाजा, नमकीन घी फ्लेवर खाजा, गुड़ फ्लेवर खाजा और चकलेट-पिस्ता फ्लेवर खाजा जैसे विशेष स्वाद शामिल हैं। श्री काली साह खाजा अब सिलाव, नालंदा ही नहीं, बल्कि बिहार की एक ऐसी पहचान बन चुका है, जिसे देश-विदेश में भी लोग पसंद कर रहे हैं। यह प्रतिष्ठित बीआईबी अवार्ड श्री काली साह खाजा की यात्रा में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ता है।

# अनुराग ने साइक्लिंग में जीता स्वर्ण पदक






**इंटर विद्यालय** नारदीगंज की शारीरिक शिक्षिका सिमरन सिंहा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के दशम वर्ग के छात्र नारदीगंज प्रखंड के असाढ़ी ग्राम निवासी विकास कुमार के पुत्र अनुराग कुमार ने साइक्लिंग में स्वर्ण पदक जीतकर नवादा का नाम रौशन किया है । बताते चले कि 18 वीं राज्य सीनियर, जूनियर एवं सब जूनियर रोड साइक्लिंग चैंपियनशिप के यूथ बालक वर्ग 10 किलोमीटर मास स्टार्ट में अनुराग ने स्वर्ण पदक जीता।सिमरन सिंहा ने बताया कि पूर्व में भी अनुराग का मशाल प्रतिभा खोज में साइक्लिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है । मशाल के प्रेरणा छात्रवृत्ति में भी अनुराग का नाम आया है ।

## प्रवचन

# सृष्टि संचालन में संतानोत्पत्ति गृहस्थ धर्म का परम यज्ञ : जीयर स्वामी

**घर बंधन का और जंगल मोक्ष का कारण नहीं**

**शरीर त्याग के समय वस्तु में आशक्ति न हो**

**संसारिक प्रेम में परमात्मा को न भूले**

सृष्टि के विकास के लिए संतानोत्पत्ति गृहस्थ आश्रम का परम यज्ञ है। इसमें सद्विचार और पवित्रता अपनानी चाहिए ताकि होने वाली संतान सुख का कारण बने। जैसे मंदिर में जाते समय पवित्रता का ख्याल रखा जाता है, वैसे ही सहवास की प्रक्रिया में सद्विचार और चित को परमात्मा में लगाये रखें। इस पवित्र संयोग से उत्पन्न संतान निश्चित रूप से सदाचारी और संस्कारी पैदा होगी। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कहीं।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि गृहस्थ जीवन में संतानोत्पत्ति एक सामान्य एवं अनिवार्य परम्परा है। इसके निर्वहन में सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि वंश परम्परा में संस्कारी और सदाचारी संतान पैदा हो।

उन्होंने कहा कि संतानोत्पत्ति हेतु गृहस्थ धर्म पालन करने के समय आहार शुद्धि, विचार शुद्धि एवं व्यवहार शुद्धि होनी चाहिए। संसार संचालन एवं कुल वृद्धि के निमित यज्ञ मानकर संभोग क्रिया करनी चाहिए। गर्भकाल में गर्भकाल संस्कार और जन्म के बाद जन्म संस्कार करनी चाहिए। ऐसा करने वाले गृहस्थ दम्पति के पुत्र-पुत्री अवश्य संस्कारी होंगे।

स्वामी जी ने कहा कि ऋषभन्दन भरत अपने पुत्रों को राज-पाठ सौंप कर गंडकी नदी के समीप आश्रम में रहने लगे। एक दिन गंडकी नदी में संध्या करते समय देखे कि गर्भवती मृगी शेर के दहाड़ पर नदी में छलांग लगा दी, जिससे मृग शावक जन्म लिया। मृगी मर गयी। शावक को भरत जी आश्रम में लाये। वे जिस उद्देश्य से प्रजा और परिवार छोड़कर जंगल में आये थे, उससे भटककर शावक में आसक्त हो गये।

स्वामी जी ने कहा कि किसी की मदद अवश्य करें, लेकिन अपने लक्ष्य से न भटकें। उन्होंने कहा कि घर में रहना बंधन का कारण नहीं और जंगल मोक्ष का कारण नहीं। ऐसा होता तो जंगल के हर प्राणी को मोक्ष हो जाता। मोक्ष का कारण अनासक्ति है। गृहस्थ भी अनासक्त हो सकते और आरण्यवासी भी आसक्त हो सकते हैं। प्रेम ही परमात्मा है, लेकिन सांसारिक प्रेम में परमात्मा को नहीं भूलनी चाहिए। मृग बड़ा होने के बाद एक दिन झुण्ड में चला गया और राजा से बिछुड़ गया। विछोह में राजा शरीर त्याग दिये। उनका पुनर्जन्म मृग में हुआ। इसीलिए शरीर त्याग के समय किसी विषय-वस्तु में आसक्ति उचित नहीं। आसक्ति सिर्फ परमात्मा में होनी चाहिए। देह त्याग के समय जिस वस्तु में भावना होगी, उसी योनि में जन्म होगा।



श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

स्वामी जी ने कहा कि आज-कल कुत्ता पालने एवं उससे प्रेम का दिखावा बहुप्रचलित है। कुता के लिये नौकर और गाड़ी आदि संसाधन की व्यवस्था भी की जाती है, लेकिन अपने-पिता को यथोचित आदर की बातें भुलते जा रहे हैं। माता-पिता का अपमान कर उन्हें बोझ समझने वाले पुत्रों का कभी कल्याण संभव नहीं। ऐसे पुत्रों का जन्म कुत्ते में ही होगा। अगले जन्म में भरत जी अंगीरा गोत्र ब्राह्मण परिवार में जन्म लिये। वे नौ भाई थे। उन्हें पूर्व जन्म की स्मृति थी। जनेऊ संस्कार के समय पिता के बहुत समझाने के बाद भी गायत्री मंत्र का उच्चारण नहीं किये लेकिन मन में कर लिये। पिता ने उन्हें जड़ भरत कहा। उसी समय से वे जड़ भरत कहलाये। माता-पिता की मृत्यु के बाद जंगल में चले गये।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### हर मंगलवार चलेगा 'साइबर मंगलवार' अभियान, जिलेभर में लोगों को किया जाएगा जागरूक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण में साइबर अपराधों की रोकथाम और आम लोगों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए जिला पुलिस ने 'साइबर मंगलवार' अभियान शुरू किया है। इसके तहत प्रत्येक मंगलवार को साइबर थाना एवं जिले के सभी थानों द्वारा व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के तहत जिले के प्रत्येक थाना में एक साइबर कानून एवं जागरूकता पदाधिकारी नामित किया गया है। ये पदाधिकारी स्कूलों, कलेजों, हाट-बाजारों, गांवों, सार्वजनिक स्थलों तथा सहयोग शिविरों में जाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी देंगे।जागरूकता कार्यक्रमों में अनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, फर्जी कल, ओटीपी एवं यूपीआई फ्रड, डिजिटल अरेस्ट, सोशल मीडिया ठगी और अन्य साइबर अपराधों के प्रति लोगों को सचेत किया जाएगा। साथ ही साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल के माध्यम से शिकायत करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष प्रितेश कुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधियों के नए-नए तरीकों से अवगत कराकर उन्हें आर्थिक एवं डिजिटल ठगी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान कल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें और साइबर ठगी की आशंका होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कहा कि 'साइबर मंगलवार' के माध्यम से जिले में साइबर सुरक्षा को जनआंदोलन का रूप देने का प्रयास किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना-2026 के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना-2026 के अन्तर्गत पात्र छात्रध्छात्राओं से अनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के तहत आवेदन केवल अनलाईन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। पात्र अभ्यर्थी निर्धारित पोर्टल पर स्वयं अनलाईन आवेदन कर सकते हैंस योजना के अन्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण अल्पसंख्यक समुदाय की 2904 छात्राओं तथा बिहार मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित मौलवी परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 700 छात्राओं को 15000ध्- रुपये प्रति छात्रा की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार, बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित फौकानिया परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण 899 छात्रध्छात्राओं को 10000ध्- रुपये प्रति छात्रध्छात्रा की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।सभी पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते अपना अनलाईन आवेदन करना सुनिश्चित करें, ताकि अंतिम दिनों में पोर्टल पर अत्यधिक भार अथवा तकनीकी कारणों से होने वाली असुविधा से बचा जा सके। आवेदन हेतु अधिकारिक पोर्टल- ीजजचेरूध्ध्मांसलंदइपींत्हवअ्पद है।योजना से संबंधित दिशा-निर्देश पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया उक्त पोर्टल पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कार्यालय अवधी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी से सम्पर्क किया जा सकता है।

### कर्तव्यहीनता पर कार्यक्रम पदाधिकारी के मानदेय में 25 प्रतिशत कटौती

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चम्पारण में मनरेगा कार्यो के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले एक कार्यक्रम पदाधिकारी पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक सौरभ सुमन यादव ने मोतिहारी सदर के कार्यक्रम पदाधिकारी जीवन चंद्रा के मूल मानदेय में तीन वर्षो तक 25 प्रतिशत कटौती करने का दंड अधिरोपित किया है।बताया गया कि जीवन चंद्रा के विरुद्ध मानव दिवस सृजन में अपेक्षित प्रगति नहीं करने, जीरो अफिस डे के दौरान प्रखंड मुख्यालय से अनुपस्थित रहने, प्रखंड मुख्यालय में आवासन नहीं करने, ई-केवाईसी कार्य में संतोषजनक प्रगति नहीं करने तथा टठळ त।ड-ळ के अंतर्गत किसी भी पंचायत में डिमांड सृजित नहीं करने को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके बावजूद उन्होंने किसी भी स्पष्टीकरण का जवाब नहीं दिया तथा प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र से भी अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने इन त्यों को घोर लापरवाही, कर्तव्यहीनता, स्वेच्छाचारिता एवं वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना मानते हुए विभागीय पत्रांक-196, दिनांक 25 मार्च 2022 के प्रावधानों के तहत यह दंडात्मक कार्रवाई की है।जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही और अनुशासनहीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# टीबी मुक्त भारत अभियान को जनभागीदारी से मिलेगी नई मजबूती

# रेडक्रॉस 150 मरीजों को छह माह तक देगा पोषण आहार

**मोतिहारी(एनएसबी)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टीबी से ग्रसित मरीजों को फूड बास्केट (पोषण आहार) उपलब्ध कराने के लिए जनभागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सोमवार को भारतीय रेड क्रस सोसाइटी, जिला शाखा, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेड क्रस सोसाइटी के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), पूर्वी चंपारण, श्री शैलेंद्र कुमार भारती ने की।



बैइक में भाग लेते लोग।

बैठक में रेड क्रस सोसाइटी के कार्यकारी सदस्य सचिव एवं प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि प्रशाखा, कार्यकारी सदस्य एवं असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य एवं प्रभारी पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्रशाखा तथा कार्यकारी सदस्य एवं प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य प्रशाखा सहित जिला यक्ष्मा केंद्र, मोतिहारी के अपर उपाधीक्षक-सह-सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (संचारी रोगध्यक्ष्मा नियंत्रण) ड़ संजीव, सदर अस्पताल के डीपीएम श्री ठाकुर विश्वमोहन तथा सेंट्रल बैंक अफ इंडिया के अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) ष्ण मुरारी सिंह उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य तभी सफल होगा, जब सरकारी प्रयासों के साथ समाज के सभी वर्गो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि टीबी का प्रभावी उपचार केवल दवाओं से ही नहीं, बल्कि संतुलित पोषण, नियमित उपचार और सामाजिक सहयोग से भी संभव है। उन्होंने सक्षम नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों से निक्षय मित्र बनकर टीबी मरीजों के सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया।बैठक के दौरान रेड क्रस सोसाइटी, मोतिहारी की ओर से 150 टीबी मरीजों को लगातार छह माह तक प्रत्येक माह फूड बास्केट (पोषण आहार) उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को रेड क्रस सोसाइटी की कार्यकारिणी समिति के सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीति प्रदान की।

बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान को जनसहयोग के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने तथा जरूरतमंद मरीजों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में समन्वित प्रयास करने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित

**मोतिहारी(एनएसबी)।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, दिनांक 12 सितंबर 2026 के सफल आयोजन एवं अधिकाधिक मामलों के निष्पादन के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी द्वारा सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों एवं जिला अग्रणी प्रबंधक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए सचिव श्री नितिन त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत न्याय प्राप्ति का एक सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी माध्यम है, जिसके माध्यम से बैंक ऋण, वसूली एवं अन्य समझौतायोग्य मामलों का आपसी सहमति से निस्तारण किया जाता है। उन्होंने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर संबंधित ऋणियों एवं पक्षकारों को समय से नोटिस तामिला कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक वादों का सौहार्दपूर्ण निष्पादन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से वादकारियों का समय एवं धन दोनों की बचत होती है तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के भार को कम करने में भी सहायता मिलती है।बैठक में जिला अग्रणी प्रबंधक के़ एम़ सिंह, बिमल कुमार, सत्यम भारद्वाज सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक एवं अन्य बैंक पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों ने राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी ने आमजन से भी अपील की है कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने समझौतायोग्य मामलों का निस्तारण कर इस वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली का लाभ उठाएं।


बैइक में भाग लेते लोग।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर योजना के लंबित ऋण आवेदनों की समीक्षा बैठक आयोजित

मोतिहारी(एनएसबी)स जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घररू मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत लंबित ऋण (लोन) आवेदनों की समीक्षा हेतु उनके कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत विभाग के तीनों कार्यपालक अभियंता तथा भारतीय स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक अफ इंडिया, केनरा बैंक, पंजाब नेशनल बैंक सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत प्राप्त ऋण आवेदनों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान बताया गया कि मोतिहारी जिले में योजना के तहत लगभग 1,400 ऋण आवेदन लंबित हैं, जिनमें से 199 आवेदनों की स्वीति शेष है।साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि 718 ऋण आवेदन विभिन्न कारणों से अस्वीत किए गए हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित बैंक प्रतिनिधियों को अस्वीति के कारणों का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराने तथा पात्र लाभार्थियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान कर ऋण स्वीति की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने सभी बैंक प्रतिनिधियों एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक पात्र उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का लाभ दिलाने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## एमजीसीयू में युवा संवाद, 'पंच परिवर्तन' से व्यवहार परिवर्तन का आह्वान

**मोतिहारी(एनएसबी)।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) के मीडिया अध्ययन विभाग में शनिवार को 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय 'पंच परिवर्तन आधारित युवा संकल्प' रहा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी, सामाजिक समरसता और स्वबोध जैसे विषयों पर युवाओं को सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष ड़ अंजनी कुमार झा के स्वागत उेधन से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक शिवम जी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल विचार-विमर्श का विषय नहीं, बल्कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को '3पी' का संदेश देते हुए जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक से परहेज तथा अधिक से अधिक पौधारोपण एवं उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलाव ही बड़े सामाजिक परिवर्तन का आधार बनते हैं।पूर्व बीपीएससी सदस्य एवं मीडिया अध्ययन विभाग के प्रोफेसर अरुण कुमार भगत ने जल और वायु प्रदूषण पर चिंता व्यक्त करते हुए प्लास्टिक के उपयोग को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने की आवश्यकता बताई।वक्ताओं ने नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन, स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, मातृभाषा एवं भारतीय संस्ति के सम्मान तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर भी बल दिया।कार्यक्रम के अंत में मीडिया अध्ययन विभाग के सहायक आचार्य ड़ परमात्मा कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने कहा कि देशभर में 'पंच परिवर्तन' को लेकर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है और सभी को इन मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी, मातृभाषा के सम्मान, नागरिक कर्तव्य और राष्ट्र प्रथम सहित 10 संकल्प भी दिलाए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य ड़ सुनील दीपक घोडके ने किया। इस अवसर पर ड़ साकेत रमन, ड़ उमा यादव, ड़ अरुण दुबे सहित विभाग के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


बैइक में भाग लेते लोग।

## आज जिले के 71 पंचायतों में लगेगा सहयोग शिविर, समस्याओं का होगा त्वरित समाधान

**मोतिहारी(एनएसबी)।** पूर्वी चंपारण जिले के शेष बचे सभी 23 प्रखंडों के 71 पंचायतों में मंगलवार, 21 जुलाई को पांचवें चरण के सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। बिहार सरकार के निर्देश पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं सुझावों का पंचायत स्तर पर ही त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि उन्हें जिन प्रखंडों एवं पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहां प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर सहयोग शिविर का सफल संचालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निष्पादन किया जाए। इसके लिए प्रखंड एवं पंचायत स्तर के सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन के अनुसार सहयोग शिविर से संबंधित जानकारी टोल फ्री नंबर 1100 पर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। वहीं, नागरिक विभागीय पोर्टल ेलवह्इपींत्हवअ्पद पर भी अपनी शिकायत या आवेदन अनलाइन दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने बताया कि प्राप्त परिवादों का निष्पादन 30 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। मंगलवार को आदापुर, छौरादानो, रामगढ़वा, रक्सौल, बनकटवा, चिरैया, ढाका, घोड़ासहन, मधुबन, पताही, बंजरिया, कोटवा, मोतिहारी, सुगौली, तुरकौलिया, चकिया, कल्याणपुर, केसरिया, मेहसी, अरेराज, हरसिद्धि, पहाड़पुर एवं संग्रामपुर प्रखंडों के कुल 71 पंचायतों में सहयोग शिविर आयोजित होंगे। प्रत्येक शिविर के लिए संबंधित जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी ने शिविर से पूर्व संबंधित पंचायतों में अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने तथा सभी मामलों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सहयोग शिविर सरकार और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही सुनिश्चित किया जा सकेगा।उल्लेखनीय है कि इससे पहले फेनहारा, पिपराकोठी, तेतरिया एवं पकड़ीदयाल प्रखंडों के सभी पंचायतों में सहयोग शिविर का सफल आयोजन किया जा चुका है।

# 'पंच परिवर्तन' से विकसित भारत का सपना होगा साकार : प्रो. शिवेंद्र सिंह

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एलएनडी कलेज, मोतिहारी में 'पंच परिवर्तन आधारित युवा संकल्प' विषय पर युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एमजीसीयू के प्राध्यापक एवं संघ के उत्तर बिहार प्रांत के महाविद्यालय छात्र कार्य प्रमुख प्रो़ शिवेंद्र सिंह ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।कार्यक्रम का उद्‌घाटन प्रो़ शिवेंद्र सिंह, हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो़ प्रभाकर कुमार, बीबीए विभाग के व्याख्याता सत्यम कार्तिकेय वत्स एवं राजीव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया।अपने संबोधन में प्रो़ शिवेंद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान समय केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन का भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संकट, सामाजिक विघटन और सांस्तिक चुनौतियों का समाधान जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिकों से ही संभव है। उन्होंने कहा कि 'पंच परिवर्तन' अभियान समाज में कर्तव्यबोध, अनुशासन और सकारात्मक सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देता है। यदि युवा सेवा, संस्कार और राष्ट्रभाव को अपने जीवन में अपनाएं तो विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य शीघ्र साकार हो सकता है।संघ के जिला प्रचारक शिवम् सोनू ने पर्यावरण संरक्षण, जल बचाने, वृक्षारोपण और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने मातृभाषा, भारतीय संस्ति और पारिवारिक मूल्यों के संरक्षण को भी आवश्यक बताते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को संविधान का सम्मान, कानून का पालन, स्वच्छता, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करना चाहिए। संवाद सत्र में विद्यार्थियों ने नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और विकसित भारत से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका वक्ताओं ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, स्वदेशी और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो़ प्रभाकर कुमार ने तथा संचालन सत्यम कार्तिकेय वत्स ने किया। इस अवसर पर प्रो़ अरुण दुबे, ऋषभ राज, तान्या दुबे, अखिलेश्वर मिश्रा, आयुष किशन सहित विभिन्न विभागों के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।


उद्‌घाटन करते अधिकारी।

## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या से दर्शन कर घर लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में हुई मौत

**पीपरा/कल्याणपुर(एनएसबी)।** अयोध्या से दर्शन कर कार से लौट रहे पूर्वी चंपारण के तीन दोस्तों की उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों में पिपरा थाना क्षेत्र के चिंतामणपुर निवासी मुरारी मोहन सिंह के सुपुत्र कुंदन कुमार 30 वर्ष कल्याणपुर के माधोपुर दामु निवासी राम तपस्या सिंह के पुत्र पंकज सिंह (40) और केसरिया के फुलतकिया निवासी रितिक कुमार (40) शामिल हैं। घटना के बाद से तीनों गांवों में कोहराम मचा हुआ है। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद तीनों शवों को एम्बुलेंस से गृह जिला लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। डिवाइडर तोड़कर बस से टकराई कार, गैस कटर से काटे गए हिस्सेस मिली जानकारी के अनुसार, कुंदन की शादी चार साल पहले हुई थी इसे एक पुत्र और एक पुत्री है अपने माता पिता के दो पुत्रों में कुंदन बड़ा पुत्र था।तीनों दोस्त कार से अयोध्या घूमने गए थे। रविवार शाम को वापसी के दौरान उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-27 (छभ्-27) पर रिठिया ओवरब्रिज के पास उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई। रफ्तार इतनी तेज थी कि कार डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई और सामने से आ रही एक निजी बस से सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय पुलिस ने गैस कटर से कार के हिस्सों को काटकर तीनों को बाहर निकाला, लेकिन तब तक कुंदन और पंकज की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि रितिक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया।

### विधायक ने की पहल, शवों को लाने बस्ती पहुंचे परिजन

हादसे की सूचना मिलते ही कल्याणपुर के भाजपा विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने उत्तर प्रदेश के स्थानीय प्रशासन और बस्ती पुलिस से संपर्क साधा। विधायक ने सोशल मीडिया पर भी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासनिक कार्रवाई में तेजी लाने को कहा। इधर, रविवार रात को ही रोते-बिलखते परिजन और ग्रामीण शवों को लेने के लिए बस्ती के लिए रवाना हो गए थे। सोमवार सुबह बस्ती जिला अस्पताल में पंचनामा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद, प्रशासन के सहयोग से तीनों शवों को मोतिहारी के लिए रवाना किया जा रहा है। देर शाम तक शवों के पैतृक गांव पहुंचने की उम्मीद है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता कामेश्वर चौरसिया के निधन पर शोक

**मोतिहारी(एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी, मोतिहारी विधानसभा के सह-संयोजक एवं पिपराकोठी मंडल के दक्षिणी ढेकहाँ पंचायत अंतर्गत विशुनपुर निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर चौरसिया का गत रात्रि असामयिक निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है।सांसद एवं पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कामेश्वर चौरसिया पार्टी के समर्पित, कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता थे। उनका असामयिक निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। उनके निधन पर मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, जिलाध्यक्ष पवन राज, उपमहापौर ड़ लालबाबू प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, जिला उपाध्यक्ष सुधांशु रंजन, जिला महामंत्री योगेंद्र प्रसाद, मार्तण्ड नारायण सिंह एवं संजय चौधरी, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, जिला मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, सह मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, आईटी सेल प्रभारी ऋषभ झा, मोतिहारी विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिंह, मैनेजर सिंह, रवीन्द्र सहनी, उपेन्द्र चौधरी, नवल कुशवाहा, मुकेश सिन्हा, कुन्दन पासवान, राजेश कुमार, उत्तम मिश्रा, राजू सिंह, गौरी शंकर, राजकिशोर सिंह, दुखित राय, मदन सिंह, अखिलेश कुमार, टुन्ना गिरी, ष्णा सहनी, सियावर सिंह, इंद्रदेव सिंह, जीतेन्द्र सहनी सहित अनेक नेताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### पार्टी का डिजिटल ट्रेनिंग एवं तीनों शक्ति केन्द्रों का मासिक बैठक

**सोनपुर (एनएसबी)** विधायक कार्यालय सोनपुर मे पार्टी का डिजिटल ट्रेनिंग एवं तीनो शक्ति केन्द्रों का मासिक बैठक भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह (बब्लु)की अध्यक्षता एवं संचालन अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष अनवर अली द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरुवात ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र पर पुष्पांजलि एवं वन्देमातरम से किया गया। पुरे महीने पार्टी के कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सोनपुर विधानसभा प्रभारी राजेश ओझा जी ने सभी कार्यकर्त्ताओं को डिजिटल प्रशिक्षण देते हुए कहा की पार्टी का सोच है की आप लोग प्रशिक्षण लेकर जनता के बीच भी प्रशिक्षण दे, एवं डबल इंजन की सरकार के योजना को जनता को समझावे। मेरी पार्टी 365 दिन कार्य करती है। और दूसरी पार्टी सिर्फ चुनाव के समय ही कार्य करती है। इस कार्यक्रम के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं की टीम शामिल हुए।

### नागालैंड के राज्यपाल नंदकिशोर यादव ने बाबा हरिहर नाथ की पूजा-अर्चना की

सोनपुर (एनएसबी) दिनांक 20--07--2026 दिन सोमवार नंदकिशोर यादव को नागालैंड के राज्यपाल बनने पर पहली बार बाबा हरिहरनाथ की पूजा करने आने पर एवं साथ मे सोनपुर के विधायक विनय कुमार सिंह द्वारा सबसे पहले बाबा हरिहरनाथ मंदिर के गर्भगृह मे मुख्य अर्चक सुशील शास्त्री जी एवं पवन शास्त्री जी द्वारा विधि विधान द्वारा पुजा कराया गया द्यइसके बाद मंदिर परिसर मे विधायक विनय कुमार सिंह,मंदिर कमिटी के सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु एवं पुरे भाजपा टीम द्वारा अंग-वस्त्र देकर सम्मानित किया गया द्य सम्मान पाकर राज्यपाल महोदय जी काफी खुश हुए, और उन्होंने कहा की मै आप लोगो का ऋणी हो गया हुँ। इस मौके ओम कुमार सिंह सहित सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल हुए।


पूजा अर्चन करते नंद किशोर यादव।

### विभागीय लापारवाही पर विधायक के साथ पंचायत अध्यक्षों की बैठक

**सोनपुर** पूर्व विधायक ड़ रामानुज प्रसाद के नेतृत्व में राजद के सभी पंचायत अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक विधायक कार्यालय, सोनपुर में हुई। जिसमे चर्चा का मुख्य मुद्दा पात्र लोगों का राशनकार्ड से नाम काटा जाना, सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कर (टैक्स) लगाने, सैटेलाइट सिटी के नाम पर भूमि अधिग्रहण, टोपों लैंड, कटाव एवं बाढ़ था। बैठक के पश्चात पूर्व विधायक ड़रामानुज प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सोनपुर सहित पूरे बिहार में बड़े पैमाने पर गरीबों और जरूरतमंदों लोगों का नाम राशन कार्ड से काटा जा रहा है। जन वितरण प्रणाली से नाम हटने के कारण मजदूरों एवं गरीब परिवारों के सामने भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गया है। श्री प्रसाद ने आरोप लगाया है कि अपात्र लोगों के नाम काटने की आड़ में बिना समुचित जांच-पड़ताल के अत्यंत गरीब और भूमिहीन मजदूरों का नाम भी राशन कार्ड से काट दिया गया है। साथ ही उन्होंने ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कर (टैक्स) लगाने का फैसला ग्रामीण जनता जो पहले से ही महंगाई एवं बेरोजगारी की मार झेल रही है, उस पर अतिरिक्तआर्थिक बोझ उनके जीवन पर बुरा प्रभाव डालेगी। उन्होंने ने जिला पदाधिकारी,सारण से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर जल्द से जल्द राशन कार्ड से काटे गए जरुरतमंद लोगों का नाम राशनकार्ड में जोड़ने की मांग की है। उक्त बैठक में प्रखंड अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो, बिंदेश्वरी पासवान, साधु यादव, रमेश राय, लोग उपस्थित थे


संबोधित करते विधायक।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम 22 को



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में छात्रों की गूंज अभियान कार्यक्रम के तहत 22 जुलाई को महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, कोचिंग संस्थानों छात्रावासों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश भर में हो रहे प्रश्न पत्र लीक, परीक्षाओं में बिलम्ब, भर्ती प्रक्रियों में अनिशचता, बढ़ती शिक्षा लागत, और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना विद्यार्थी कर रहे हैं। इसलिए इस अभियान को देश भर के विद्याथीओं को पहुंचाने तथा उनकी प्रवेक्षक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु 22 जुलाई, बुधवार को देश व्यापी विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम के तहद सहरसा में भी आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल और मार्गदर्शन करने हेतु अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यालय, दिल्ली से तीन पर्यवेक्षक भी सहरसा आ रहे हैं।आज के बैठक में एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कैशर कुमार सिंह, प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, इंटक अध्यक्ष सत्य नारायण चैपाल, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, सौर प्रखंड अध्यक्ष राम शरण कुमार, वरीय कोंग्रेसी रंजन कुमार, युवा महासचिव मृणाल कामेश, पूर्व राष्ट्रीय युवा संयोजक मनीष कुमार, युवा कांग्रेस के आलोक राज, एनएसयूआई के अध्यक्ष नितीश कुमार,बाबुल कुमार सिंह, बैधनाथ झा, सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।

### अवधेश कुमार झा बने प्रदेश संयुक्त महामंत्री, किया सम्मानित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद की मासिक बैठक कायस्थ टोला स्थित वरिष्ठ साहित्यकार श्यामानंदलाल दास के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में परिषद के महासचिव आनंद झा एवं अन्य साहित्यकारों के द्वारा सामूहिक रूप से परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार झा अवध को प्रदेश संयुक्त महामंत्री बनने की खुशी में उन्हें सम्मानित किया गया। बैठक के दौरान साहित्य परिषद की स्थापना दिवस समारोह को आगामी 23 अगस्त रविवार को धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और साहित्यकारों की पुस्तक एवं परिषद की पत्रिका साहित्य सृजन का लोकार्पण भी होगा। अनेकों साहित्यकारों को साहित्य सृजन सम्मान से विभूषित किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में कवि सम्मेलन के दौरान कवि लेखक साहित्यकारों ने राष्ट्रवादी कविता पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्यामानंदलाल दास,अवधेश कुमार झा अवध,आनंद झा, मुर्तजा नारियारवी, रघुवंश झा,मनोज कुमार, ओमप्रकाश मुन्ना, ई रामेश्वर ठाकुर, डॉ मुरारी सिंह ने काव्य पाठ किए।



### 489 छात्राओं का भविष्य दो कमरों में कैद, बारिश में टपकती छत से पढ़ाई पर संकट।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** सरकारी स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बनमा ईटहरी प्रखंड के सरबेला स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। 489 छात्राओं वाले इस विद्यालय में 24 शिक्षक पदस्थापित हैं, लेकिन पूरे विद्यालय का संचालन महज दो कक्षों के सहारे हो रहा है। कक्षाओं की कमी के कारण छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें बैठने तक में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब बारिश शुरू होती है। विद्यालय परिसर में निमार्णाधीन तीन मंजिला भवन का कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है। तीसरी मंजिल का निर्माण अधूरा रहने से बारिश का पानी वहीं जमा हो जाता है, जिससे दूसरी मंजिल के कमरों की छत टपकने लगती है। ऐसे में बरसात के दिनों में कक्षाओं का संचालन बाधित हो जाता है और छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुमार गौरव ने बताया कि भवन निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने, अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराने तथा विद्यालय की अन्य मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया गया है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है। इधर, स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से अविलंब हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अधूरे भवन का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए और पर्याप्त कक्षों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि छात्राओं की पढ़ाई बाधित न हो तथा उन्हें बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।



### चार धाम 12 ज्योतिर्लिंग पद यात्रा के 42वें दिन जगन्नाथपुरी पहुंचे धीरज, श्री जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के किए दर्शन

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** नगर क्षेत्र के सोहा गांव निवासी धीरज कुमार अपनी चार धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंग पदयात्रा के 42वें दिन ओडिशा के जगन्नाथपुरी पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा के दिव्य दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्हें विश्व प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक जगन्नाथ रथयात्रा के दर्शन का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। धीरज ने अपनी पदयात्रा की शुरूआत 5 जून को अंचल क्षेत्र स्थित महाभारतकालीन मां चंडी मंदिर, विराटपुर से की थी। यात्रा के 10वें दिन वे देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम पहुंचे, जहां उन्होंने ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। इस प्रकार अब तक वे एक धाम और एक ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर चुके हैं। आगे की यात्रा में धीरज को गुजरात के सोमनाथ एवं नागेश्वर, आंध्र प्रदेश के मल्लिकार्जुन, मध्य प्रदेश के महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर, उत्तराखंड के केदारनाथ एवं बद्रीनाथ, उत्तर प्रदेश के काशी विश्वनाथ, महाराष्ट्र के भीमाशंकर, त्र्यंबकेश्वर और घृष्णेश्वर तथा तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम एवं रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने हैं। धीरज की यह कठिन पदयात्रा श्रद्धा, आस्था और संकल्प का प्रतीक बनती जा रही है। स्थानीय लोगों ने उनकी धार्मिक यात्रा की सफलता की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



### पंचायत भवन के दो कमरों में चल रहा एनपीएस जमालनगर

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के नवसृजित प्राथमिक विद्यालय जमालनगर मुसहरी को आज तक अपना भवन नसीब नहीं हो सका है। विद्यालय पंचायत भवन के मात्र दो कमरों में संचालित हो रहा है, जिससे छात्रों और शिक्षकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश के बाद विद्यालय परिसर में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। जानकारी के अनुसार विद्यालय भवन निर्माण के लिए जमीन पूर्व में ही चिन्हित की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन के अभाव में बच्चों को सीमित संसाधनों के बीच शिक्षा ग्रहण करनी पड़ रही है।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अंजना चैधरी ने बताया कि पूर्व प्रधानाध्यापक के कार्यकाल में विद्यालय भवन निर्माण के लिए राशि आवंटित हुई थी, लेकिन किसी कारणवश भवन निर्माण नहीं हो सका और आवंटन की राशि वापस लौट गई।

# डीआईजी व एसपी के निर्देश पर विशेष सूखे नशा के विरुद्ध अभियान के तहत कई तस्कर गिरफ्तार

## बड़ी मात्रा में स्मैक, गांजा, कफ सिरप बरामद



गिरफ्तार तस्कर

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** पुलिस उप महानिरीक्षक कोसी क्षेत्र के निर्देश एवं पुलिस अधीक्षक, सहरसा के नेतृत्व में जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष सूखे नशा के विरुद्ध अभियान के तहत कुल चारों तस्कर गिरफ्तार किया गया है। जिसमें बैजनाथपुर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 83.81 ग्राम स्मैक, 300 एमएल कोडिनयुक्त कफ सिरप तथा 5 हजार रुपये नकद के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बैजनाथपुर थाना क्षेत्र के गहबरिया वार्ड संख्या-12 निवासी मो. हजरत अपनी किराना दुकान में स्मैक की बिक्री कर रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं पुअनि खुशबू कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से 83.81 ग्राम स्मैक, 300 एमएल कोडिनयुक्त कफ सिरप तथा 5,000 रुपये नकद बरामद किए गए। वही सदर थाना पुलिस ने 150 ग्राम स्मैक के साथ पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांधी पथ स्थित हाथी टोला वार्ड संख्या-08 में एक मकान से बड़े पैमाने पर स्मैक की खरीद-बिक्री की जा रही है। सूचना के सत्यापन के लिए सदर अस्पताल चैकी प्रभारी पुअनि गुंजन कुमार एवं सदर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर छापेमारी की। इसे दौरान पुलिस ने 150 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए अंशु कुमार, विकास स्वर्णकार, कन्हैया कुमार, सन्नी कुमार एवं गोलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या-855/26 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा-8,21(बी) के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है। जबकि 17.55 किलोग्राम गांजा के साथ दो अंतरजिला तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बेगूसराय जिले के रहने वाले हैं। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति रेलवे स्टेशन रोड से शंकर चैक की ओर गांजा लेकर जा रहे हैं तथा उसकी खरीद-बिक्री की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके बैग से 17.55 किलोग्राम गांजा, दो मोबाइल फोन तथा 440 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविन्द्र कुमार एवं परमानंद यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध सदर थाना कांड संख्या-848/26 दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वही बिहरा थाना पुलिस ने 5.72 ग्राम स्मैक व मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 5.72 ग्राम स्मैक एवं एक मोटरसाइकिल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बिहरा थाना कांड संख्या-249/2026 दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट की धारा-8/21(बी) के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा नशा कारोबार के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी प्रकार की नशा तस्करी या अवैध गतिविधि में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं के भविष्य पर राजनीति को लेकर भाजपा नेता नें कांग्रेस को अतीत की घटना को कराया याद



कुमार अमरज्योति

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** भाजपा के मीडिया प्रभारी कुमार अमरज्योति ने कहा कि कांग्रेस आज परीक्षा में पेपर लीक के मुद्दे पर राजनीति कर युवाओं को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस को पहले अपने शासनकाल के दौरान विभिन्न राज्यों और परीक्षाओं में सामने आई अनियमितताओं तथा पेपर लीक की घटनाओं का जवाब देश के युवाओं को देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को युवाओं के भविष्य की चिंता कम और राजनीतिक लाभ की चिंता अधिक दिखाई देती है। जिस पार्टी के शासनकाल में परीक्षा प्रणाली पर बार-बार सवाल उठे, वही आज नैतिकता का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रही है। यह दोहरा मापदंड है।कुमार अमरज्योति ने कहा कि भाजपा का स्पष्ट मत है कि परीक्षा में पेपर लीक करने वाले, उनके संरक्षक और इस अपराध में शामिल प्रत्येक व्यक्ति के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। युवाओं की मेहनत के साथ खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कानून बनाए हैं। भाजपा की प्राथमिकता है कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक आधारित हो, ताकि प्रतिभाशाली युवाओं का भविष्य सुरक्षित रहे। अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस यदि वास्तव में युवाओं के हित की बात करना चाहती है, तो उसे राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर परीक्षा प्रणाली को और अधिक मजबूत बनाने के प्रयासों में सकारात्मक सहयोग देना चाहिए। युवाओं का भविष्य राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होने कहा कि कांग्रेस देश विरोधी ताकत के साथ मिलकर भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश मे जुटा है।

## एआई तकनीक जानने में मदद करेगी सहरसा के अंकित आनंद की लिखी किताब

### गौतमनगर निवासी अमेरिका में हैं रणनीतिक डेटा मैनेजमेंट लीडर



अंकित आनंद सम्मानित करते

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** एआई तकनीक और मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स को जानने में काफी मददगार साबित होगी सहरसा के लाल की लिखी किताब। सहरसा शहर के गौतमनगर वार्ड नंबर 16 निवासी अंकित आनंद अमेरिका में रणनीतिक डेटा मैनेजमेंट लीडर हैं। अंकित आनंद ने ऑल एनालिटिक्स के संस्थापक डॉ.स्कॉट बर्क और डेटा फॉर एआई के सह लेखक किंशुक दत्त के साथ मिलकर द डिप्लोएड डेटा साइंटिस्ट एमलोप्स एंड एनालिटिक्स इन प्रैक्टिस लिखा है। जो विश्वस्तरीय बाजार सहित एमेजन पर उपलब्ध होते धूम मचा रही है। 17 वर्षों से अधिक समय से अमेरिका में रणनीतिक डेटा मैनेजमेंट लीडर का अनुभव हासिल किए पुस्तक के लेखक अंकित आनंद ने बताया कि द डिप्लोएड डेटा साइंटिस्टरू एमलोप्स एंड एनालिटिक्स इन प्रैक्टिस के अध्ययन से एआई तकनीक और मशीन लर्निंग ऑपरेशन्स के मूल ढांचे को आसानी से जाना जा सकता है। इसमें नोटबुक्स, प्रयोग और एक बार बनाए गए मॉडल से आगे बढ़ने वाले डेटा वैज्ञानिकों, मशीन लर्निंग इंजीनियरों, डेटा लीडर्स और एनालिटिक्स पेशेवरों की जानकारी के लिए बहुत कुछ है। मशीन लर्निंग प्रोजेक्ट के विफल होने और अक्सर इसके लिए दोषी एल्गोरिदम का नहीं होने की जानकारी व्याख्यान के साथ परोसी गई है। यह पुस्तक दिखाती है कि मॉडलों को जीवंत डेटा उत्पादों की तरह कैसे देखा जाय। डेटा रणनीति और डेटा कॉन्ट्रैक्ट्स से लेकर मॉडल इंजीनियरिंग, सीआई, सीडी पाइपलाइनों, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, मॉडल ऑब्जर्वेबिलिटी, प्रोडक्शन मशीन लर्निंग तक पूरे एमएलओपीएस जीवनचक्र का अन्वेषण करें। ऐसे सिस्टम डिजाइन करें जो स्कीमा परिवर्तन, डेटा ड्रिफ्ट, छिपी विफलता, अविश्वसनीय डेटा फीड्स और बदलती व्यावसायिक आवश्यकताओं को संभव सके। आधुनिक डेटा प्लेटफार्म, डेटा वेयरहाउस, डेटा लेक्स, लेकहाउस, स्ट्रीमिंग आर्किटेक्चर, स्वचालित पुनःप्रशिक्षण, मॉडल रजिस्ट्री और उन उपकरणों पर व्यवहारिक दृष्टिकोण लागू करें जो डेटा टीम को भरोसेमंद एआई सिस्टम बनाने में सहायता प्रदान करें। बड़े भाषा मॉडल परिनियोजन की प्रक्रिया को बदलने वाले बेहतर एंटरप्राइज एआई एप्लिकेशन बनाएं जो अनुशासन, परीक्षण, ऑब्जर्वेबिलिटी, लागत प्रबंधन और जवाबदेही की आवश्यकता पूरा करने वाला हो। यह पुस्तक पाठकों को डेटा विज्ञान, मशीन लर्निंग, डेटा गवर्नेंस, एआई रणनीति, मॉडल परिनियोजन, क्लाउड आर्किटेक्चर और व्यावसायिक मूल्य को एक व्यावहारिक रोडमैप में जोड़ने में सहायता प्रदान करेगा। चाहे आप अपना पहला प्रोडक्शन मॉडल बना रहे हों या एंटरप्राइज एआई के लिए जिम्मेदार टीम का नेतृत्व कर रहे हों, यह पुस्तक आपको डेटा विज्ञान को ऐसे सिस्टम में बदलने के लिए सोच, तरीके और भाषा प्रदान करती है जो वास्तव में काम करते हैं। बता दें कि सहरसा शहर के गौतमनगर निवासी शिक्षाविद आरएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ.अनिलकांत मिश्र और उषा मिश्र के छोटे पुत्र अंकित आनंद सैनिक स्कूल के काफी मेघावी छात्र रहे हैं। पुस्तक के जरिए उन्होंने अपनी लेखन क्षमता का कुशल परिचय दिया है। लोगों का कहना है अंकित ने सहरसा ही नहीं पूरे कोसी क्षेत्र और बिहार का नाम विश्व में रौशन किया है। अंकित के शिक्षाविद पिता की लिखित कई पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी है, जो समाज के लिए प्रेरणादायक रही।

## सहरसा की बेटी शांभवी झा ने राजधानी पटना में मचाया धूम, सभी ने दी शाबाशी



सहरसा की बेटी को सम्मानित करते मंत्री

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** कहरा प्रखंड के चैनपुर सहरसा व डॉ रहमान चैक निवासी पंडित तरुण झा की बेटी शांभवी झा का गायन पटना के सचिवालय स्थित अधिवेशन भवन में मंगल पाण्डेय केवल सच सम्मान 2026 के दौरान संपन्न हुआ।इस अवसर पर श्रोता एवं कई बिहार सरकार के मंत्रियों एवं कई गणमान्य को शांभवी ने अपने गायन से मंत्रमुग्ध कर झूमने पर मजबूर किया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कला संस्कृति मंत्री व खनन मंत्री प्रमोद कुमार, शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी व सहरसा के विधायक आई पी गुप्ता व संपादक ब्रजेश मिश्रा व नीलेन्दु झा ने बच्ची के गाने की तारीफ कर शुभकामनायें दी !ज्ञात हो कि शांभवी झा कोशी के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य व ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान के संस्थापक पंडित तरुण झा एवं वरिष्ठ कवियत्री अंजु झा की पुत्री है। शांभवी के गुरू प्रो.गौतम सिंह एवं भारती सिंह ने भी शुभकामना दिया। शांभवी ने कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच एवं अनेक सांस्कृतिक महोत्सव में श्रोताओं को अपने गायन से मंत्र मुग्ध किया है। शांभवी के इस प्रस्तुति पर इनके गांव चैनपुर सहित पुरे सहरसा में हर्ष व्याप्त है !

### सावन तीज हरियाली महोत्सव की तैयारी में जुटी रौनियार समाज की सुहागन महिलाएं

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सनातन धर्म में सावन महिने का बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। ग्रीष्मकालीन समय में सुर्य की तपती धरती पर इस श्रावण महिनें में श्रृष्टि के कण कण में जब बारिश होती है तो चारो ओर हरियाली ही हरियाली नजर आती है। जो शुभता व पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। इस महीने का महिलाओं को साल भर इंतजार रहता है।महिलाएं हरे रंग की परिधान एवं साज श्रृंगार कर प्रकृति के साथ तादात्म्य होकर झुला कजरी हरियाला तीज त्यौहार मनाती है। इस अवसर अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के महिला जिलाध्यक्ष प्रीतम गुप्ता ने बताया कि रौनियार समाज की सुहागन महिलाओं द्वारा हरियाली महोत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। वही सुहागन महिलाओं के बीच हरी साड़ी चुड़ी एवं अन्य श्रृंगार की सामग्री का वितरण भी किया जा रहा है। इस अवसर पर रौनियार समाज की महिलाओं द्वारा सावन तीज हरियाली महोत्सव का आयोजन विजय रिसोर्ट में मनाया जाएगा। उन्होने बताया कार्यक्रम के दौरान धार्मिक अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है।जिसमें सभी महिलाए गीत संगीत नृत्य के साथ भजन व भोजन का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया जाएगा

## स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही, सोनवर्षा सीएचसी में वर्षों से महिला चिकित्सक का अभाव, प्रसूताओं का इलाज भगवान भरोसे



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवषार्राज के एनएच-107 बायपास रोड स्थित करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में वर्षों से महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से क्षेत्र की महिलाओं, विशेषकर गर्भवती एवं प्रसूता मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक नगर पंचायत एवं 19 पंचायतों की बड़ी आबादी इस अस्पताल पर निर्भर है, लेकिन यहां मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का भी अभाव बना हुआ है। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन सोनवर्षा सीएचसी की स्थिति इन दावों की पोल खोलती नजर आती है। अस्पताल में एक महिला चिकित्सक डॉ रचना भारती है जो जेनरल फिजिशियन है स्त्री रोग चिकित्सक नहीं होने के कारण प्रसव पीड़ा से जूझ रही महिलाओं का इलाज अधिकांशतः नर्सों और पुरुष चिकित्सकों के भरोसे किया जाता है। गंभीर मामलों में मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे समय पर उपचार नहीं मिलने का खतरा बना रहता है। जबकि मालूम हो कि सीएचसी में प्रति माह लगभग 500 प्रसव कराया जाता है। काफी संख्या में यहां महिलाएं दूर दराज से आती है बस केवल भगवान भरोसे होता प्रसव। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला मरीज अपनी स्त्री रोग संबंधी समस्याएं पुरुष चिकित्सकों के सामने खुलकर नहीं बता पाती हैं। एएनएम से वे अपनी परेशानी साझा जरूर करती हैं, लेकिन विशेषज्ञ महिला चिकित्सक के अभाव में उन्हें संतोषजनक उपचार नहीं मिल पाता। प्रसव, परिवार नियोजन (बंध्याकरण) और महिलाओं से जुड़ी अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी सीमित संसाधनों के बीच संचालित की जा रही हैं। अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ-साथ ड्रेसर की भी कमी बताई जा रही है। संसाधनों और विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मामूली रूप से घायल मरीजों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर करना पड़ता है। इससे गरीब और ग्रामीण मरीजों की परेशानी और बढ़ जाती है।क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए सीएचसी पहुंचते हैं, जिनमें महिलाओं की संख्या आधे से अधिक होती है। इसके बावजूद महिला चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होना स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही मानी जा रही है। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी डॉ. लक्ष्मण कुमार ने बताया, ‟हमारे यहां महिला चिकित्सक नहीं हैं। आज तक इस पद पर किसी महिला डॉक्टर की स्थाई पोस्टिंग नहीं हुई है। इससे परेशानी होती है, लेकिन उपलब्ध संसाधनों के साथ किसी तरह काम चलाया जा रहा है।”अब क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग से सोनवर्षा सीएचसी में शीघ्र महिला चिकित्सक की नियुक्ति करने और अस्पताल में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि महिलाओं को बेहतर एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### नए भवन में जल्द शिफ्ट होगा बनमा ईटहरी थाना

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** बनमा ईटहरी थाना का नया भवन अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। भवन परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार बाउंड्री वॉल का कार्य पूरा होते ही थाना को नए भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। नए थाना भवन के चालू होने से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही फरियादियों को भी आधुनिक सुविधाओं के बीच अपनी शिकायत दर्ज कराने और पुलिस से संबंधित सेवाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। भवन में कार्यालय, रिकॉर्ड रूम, हाजत समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नए भवन में थाना के संचालन से पुलिस व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। इससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर पुलिसिंग के साथ सुविधाजनक माहौल भी मिलेगा। विभागीय स्तर पर बाउंड्री वॉल निर्माण पूरा होने का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद नए भवन में थाना के शिफ्टिंग की औपचारिक प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

# सड़क में बना खतरनाक रेनकट, दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** बारिश के पानी के तेज बहाव के कारण सड़क किनारे दर्जनों खतरनाक रेनकट बन गए हैं, जो राहगीरों और वाहन चालकों के लिए सीधे तौर पर मौत का बुलावा दे रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

जानकारी के मुताबिक, बेलदौर के बीपी मंडल पुल से लेकर बारूण गांव तक की सड़क पर दर्जनों स्थानों पर गहरे रेनकट बन गए हैं। बेलदौर जीरोमाइल पथ पर स्थित रोहियामा गांव के समीप तो बारिश के कारण बेहद जबरदस्त और खतरनाक कटाव हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस मुख्य मार्ग से होकर दिन-रात सैकड़ों भारी और बड़े वाहनों की आवाजाही होती है। अचंभे की बात यह है कि इसी पथ से होकर क्षेत्र के तमाम आला अधिकारियों की गाड़ियां भी रोजाना गुजरती हैं। सब कुछ देखते हुए भी किसी भी पदाधिकारी का ध्यान इस जानलेवा समस्या की ओर आकृष्ट नहीं हो रहा है। अगर इस लापरवाही के कारण कोई बड़ा हादसा होता है और किसी की जान जाती है, तो उसकी जवाबदेही और जिम्मेदारी किसकी होगी। सड़क की इस जर्जर और खतरनाक स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि किसी बड़ी अनहोनी से पहले इन रेन कट को बोल्डर या मिट्टी भरकर तुरंत दुरुस्त किया जाए, जिससे राहगीर सुरक्षित सफर कर सकें।



सड़क पर बना गहरा गड्ढा।

# ससुराल बुलाकर दामाद की हत्या का आरोप

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र स्थित पितोंझिया रेलवे ट्रैक के पास 31 वर्षीय अर्पण कुमार का शव मिलने के एक सप्ताह के बाद मामले में नया मोड़ तब आया जब परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मृतक की मां गुलो देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बहू और उसके पिता ने साजिश के तहत अर्पण को ससुराल बुलाया और उसकी निर्मम हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक के पास फेंक दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अर्पण ने इसी वर्ष 24 जनवरी को प्रेम प्रसंग में अंतरजातीय विवाह किया था। शादी के बाद वह अपनी पत्नी के साथ गुजरात के गांधीधाम में रहकर मजदूरी करता था। हालांकि, पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद 20 जून को पत्नी अपने मायके गोगरी थाना क्षेत्र के दुखाटोला लौट आई थी।

**एक हफ्ते पहले पितोंझिया रेलवे ट्रैक के पास मिला था 31 वर्षीय अर्पण कुमार का शव**

**मृतक की मां ने पत्नी और ससुर पर लगाया हत्या का आरोप**

परिजनों का आरोप है कि इसके बाद अर्पण को फोन कर दुखा टोल बुलाया गया। अर्पण 11 जुलाई को ट्रेन से सीधे अपने ससुराल पहुंचा था। 16 जुलाई को मृतक की सास ने अर्पण की मां को फोन कर बताया कि उनका बेटा घर में झगड़ा कर रहा है, जिसके बाद उसे कमरे में बांधकर रखा गया है। इसके बाद से अर्पण से संपर्क टूट गया। 18 जुलाई को पीतोंझिया रेलवे ट्रैक के पास शव मिलने पर उसकी पहचान हुई। परिजनों ने पत्नी सीता देवी उर्फ काजल कुमारी, सास रूपम देवी और अन्य पर हत्या का आरोप लगाते हुए पसराहा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है और आवेदन के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वास्थ्य मंत्री निशांत का 51वां जन्मोत्सव मनाया गया



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** शहर के कचहरी रोड स्थित जनता दल (यू) जिला कार्यालय में सोमवार को बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार का 51वां जन्मदिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने की, जबकि मंच संचालन जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा द्वारा केक काटकर किया गया। इसके उपरांत उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को केक खिलाकर स्वास्थ्य मंत्री के जन्मदिवस की शुभकामनाएँ दीं तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर जदयू जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने कहा कि, माननीय स्वास्थ्य मंत्री नीशांत कुमार बिहार की नई सोच, नई उर्जा और जनसेवा के सशक्त प्रतीक हैं। उनके नेतृत्व में राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति और नई पहचान मिल रही है। वे बिहार के वर्तमान ही नहीं, बल्कि उज्ज्वल भविष्य के भी प्रतिनिधि हैं। हम सभी ईश्वर से उनके दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर जनसेवा के लिए शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं। जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज कुमार पटेल व प्रदेश महासचिव उमेश सिंह पटेल तथा जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि निशांत कुमार का व्यक्तित्व सादी, सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का उत्ष्ट उदाहरण है। उन्होंने अल्प समय में स्वास्थ्य विभाग में जनहितकारी कार्यो की नई कार्यसंस्ति स्थापित करने का प्रयास किया है। उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुढ़ एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में सार्थक पहल हो रही है। उनके जन्मदिवस पर हम उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करते हैं। समारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य मंत्री के सम्मान में जोरदार नारे लगाए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर जनसेवा की कामना व्यक्त की। इस अवसर पर जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल जयसवाल,निर्मला कुमारी, मानसी प्रखंड अध्यक्ष राजनीति प्रसाद सिंह,जिला महासचिव राजीव रंजन, बिससूत्री सदस्य मो0 फिरदोस आलम, महासचिव पंकज चौधरी,महिला जदयू जिलाध्यक्ष राका सहाय, जदयू नेता हर्षवर्धन कुशवाहा, राजवर्धन कुशवाहा,जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के नगर परिषद अध्यक्ष ड धीरेंद्र कुमार, जयप्रकाश मौर्य, वन्दना भारती,उमा देवी, चन्दन कुमार एवं मिराज हुसैन सहित पार्टी के दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल में पूर्व विधायक का किया गया इलाज



**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** खगड़िया सदर के पूर्व विधायक छत्रपति यादव इन दिनों गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। शरीर में खून की कमी और कमजोरी को लेकर उन्हें सोमवार अपरा सदर अस्पताल में भर्ती कर एफ सी एम (फेरिक कार्बोक्सिमाल्टोज)का डोज दिया गया। इलाज में शामिल चिकित्सकों ने बताया कि मनुष्य के शरीर में हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी होने पर एफ सी एम दिए जाने की सलाह दी जाती है, जिससे शरीर में खून बढ़ाने की क्षमता को मदद करता है और धीरे -धीरे शरीर में ताकत बढ़ने लगती है। इलाज में शामिल सदर अस्पताल के उपाधीक्षक ड राजेश कुमार चौधरी, ड बलबन एवं ओटी इंचार्ज लाल बाबू ने बताया की मरीज की स्थिति को देखते हुए इन्हें एफ सी एम का डोज दिया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक छत्रपति यादव के परिजन समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### सर्वजन यादव समाज के रविवारीय बैठक का आयोजन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सर्वजन यादव समाज का रविवारीय बैठक अलौली प्रखंड के हरिपुर बुधौरा में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता किरण देव यादव ने किया। बैठक में सर्वप्रथम बंटी यादव, दुलारचंद यादव, चिंटू यादव, टीनू यादव को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। तथा नीट परीक्षा में उत्तीर्ण, एसडीम, एस आई, आईपीएस, जज , एसडीएम आदि पद पर चयनित समाज के छात्रों जितिका यादव, गायत्री यादव, वैभव वात्सल्य, गरिमा यादव, करिश्मा यादव, आराधना यादव को बधाई शुभकामनाएं दिया। बैठक में किरण देव यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि जब अन्य कई समाज के नाम पर रेजीमेंट का गठन हुआ है तो फिर अहीर रेजिमेंट क्यों नहीं बनाया जा रहा है,जबकि अहीर यादव समाज के लोगों ने आजादी की लड़ाई से लेकर चीन, पाकिस्तान, कारगिल सहित अन्य युद्ध में देश के सीमा पर सैनिक के रूप में अनगिनत शहादत दी है। श्री यादव ने राष्ट्रपति, पीएम, गृहमंत्री से अहीर रेजिमेंट का गठन करने की मांग किया। बैठक में महेश्वर यादव, दानवीर यादव रामचंद्र यादव, ब्रजेंद्र, लालमणि, जितेंद्र, रीना, परिमल, जनार्दन, विजय, नयन, सुमन, उार आदि ने भाग लिया।

### शिक्षा सुधार एवं जन-जागरूकता को लेकर अधिकार सेना यूथ फाउंडेशन की शांतिपूर्ण पदयात्रा

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** के डी एस कलेज परिसर से प्रखंड मुख्यालय परिसर तक अधिकार सेना यूथ फाउंडेशन के बैनर तले युवाओं ने शिक्षा सुधार एवं जन-जागरूकता को लेकर शांतिपूर्ण पदयात्रा निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने हाथों में तिरंगा, पोस्टर और बैनर लेकर शिक्षा व्यवस्था में सुधार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा पेपर लीक जैसी घटनाओं पर रोक लगाने की मांग उठाई। यह पदयात्रा अधिकार सेना फाउंडेशन के अध्यक्ष उगन ष्णवंशी के नेतृत्व मे निकाली गयी। उगन कृष्णवंशी ने कहा कि शिक्षा किसी भी देश के विकास की आधारशिला है। यदि शिक्षा व्यवस्था पारदर्शी और मजबूत होगी, तभी युवाओं का भविष्य सुरक्षित होगा।छात्र नेता अभिषेक आनंद नर सरकार से प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष तरीके से आयोजित करने, पेपर लीक की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार लाने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए।पदयात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी चुनाव में भारी हंगामा

**विवाद बढ़ने पर चुनाव प्रक्रिया स्थगित**

दैनिक नवसंदेश

**चौथम।** करुवा मोर स्थित मधुर मिलन विवाह भवन में आंगनबाड़ी कार्यकारिणी के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में सेविकाओं ने भाग लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकारिणी का गठन करते हुए अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव कराना था। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया गया। इस कमेटी में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मंत्री प्रभाकर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार, पार्टी के अंचल मंत्री अनिल कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे। बैठक के दौरान अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार सामने आने पर कमेटी ने मतदान कराने का निर्णय लिया। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसमें पूर्व अध्यक्ष गौरी देवी को बढ़त मिली। इसके बाद बैठक में गौरी देवी के नाम की अध्यक्ष पद के लिए घोषणा की गई। उपस्थित सेविकाओं और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई भी दी। हालांकि, चुनाव प्रक्रिया के दौरान कोषाध्यक्ष पद को लेकर अचानक विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस पद के दावेदारी को लेकर सेविकाओं के बीच मतभेद उभर आया, जिससे बैठक में शोर-शराबा और हंगामे का माहौल बन गया। बढ़ते विवाद को देखते हुए कमेटी के सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित करने की घोषणा की।

हालांकि, अध्यक्ष पद को लेकर भी कमेटी की ओर से कोई स्पष्ट और आधिकारिक लिखित निर्णय सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं, कई सेविकाओं और उपस्थित लोगों का कहना है कि मतदान में बढ़त मिलने के कारण गौरी देवी को अध्यक्ष के रूप में स्वीकार कर लिया गया है। अब सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि कार्यकारिणी के अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए पुनः चुनाव कराया जाएगा या फिर पूर्व की तरह मौजूदा पदाधिकारी ही अपने पदों पर बने रहेंगे। फिलहाल चुनाव को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है, जिससे सेविकाओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।



चुनाव में भाग लेने के लिए विवाह भवन में मौजूद आंगनबाड़ी सेविकाएं।

**शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद अध्यक्ष पद के चुनाव में गौरी देवी थीं आगे**

**कोषाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर शुरू हुआ विवाद**

# ग्रामीणों ने बैट्री चोर को रंगेहाथ पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** पिरनगरा गांव में ग्रामीणों ने शातिर चोर को ट्रक से बैटरी खोलते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। पकड़े गए चोर की पहचान सहरसा जिले के बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव निवासी मुस्ताक आलम के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी मुस्ताक आलम पिरनगरा गांव निवासी अखिलेश यादव के पुत्र अमित कुमार के दरवाजे पर खड़े ट्रक से बैटरी खोल रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर उस पर पड़ गई और उन्होंने उसे रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके तुरंत बाद ग्रामीणों ने आपातकालीन टोल-फ्री नंबर 112 पर कॉल कर पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही जैसे ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची, आरोपी ग्रामीणों के चंगुल से छूटकर भागने का प्रयास करने लगा। हालांकि, सतर्क ग्रामीणों ने उसे दौड़ाकर दोबारा पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया।स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, पकड़ा गया युवक शातिर किस्म का अपराधी है। वह पिछले काफी समय से बेलदौर थाना क्षेत्र के कई गांवों में लगातार बैटरी चोरी करने के साथ-साथ ग्रामीणों की बकरी और खस्सी की चोरी की घटनाओं को भी अंजाम दे रहा था। उसकी गिरफ्तारी से इलाके के पशुपालकों और वाहन मालिकों ने राहत की सांस ली है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया अमित कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा की गई कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इलाके में चोरी की अन्य घटनाओं में उसकी संलिप्तता को लेकर भी छानबीन की जा रही है।

# पुलिस ने महिला सहित तीन को किया गिरफ्तार

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** थाना की पुलिस ने पुराने आपराधिक मामले में कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। यह कार्रवाई चौथम थाना कांड संख्या 260/23, धारा 406 एवं 409 के तहत दर्ज मामले में की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में निर्मल कुमार उर्फ मास्टर अब्दुल हसीम, अभिनंदन कुमार तथा चांदनी देवी शामिल हैं। तीनों अभियुक्त बेगूसराय जिले के बछवाड़ा थाना क्षेत्र के नारेपुर बेगमसराय गांव के निवासी बताए गए हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि यह मामला लेन-देन में धोखाधड़ी, अमानत में खयानत एवं विश्वासघात से संबंधित है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के बाद से तीनों अभियुक्त फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए तीनों अभियुक्तों से आवश्यक पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है तथा आवश्यकता पड़ने पर अन्य संबंधित बिंदुओं की भी जांच की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व मुखिया की पत्नी का निधन

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** थाना क्षेत्र के माली पंचायत के पूर्व मुखिया इंद्रदेव यादव की पत्नी जयमाला देवी (55 वर्ष) की इलाज के दौरान मौत हो गई। निधन के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि पूर्व मुखिया की पत्नी जयमाला देवी अपने होटल से मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान एनएच-107 मुख्य पथ पर उनके घर के समीप ही मोटरसाइकिल चालक का अचानक संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना में उनके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं।घटना के तुरंत बाद परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कराया था। पटना के एक अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझते हुए दो दिनों के बाद इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। जयमाला देवी अपने पीछे पति, तीन पुत्र और दो पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। पूर्व मुखिया की पत्नी के निधन की खबर सुनते ही माली पंचायत समेत आसपास के गांवों में सन्नाटा पसर गया। घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मुखिया इंद्रदेव यादव के आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लग गया। दर्जनों सगे-संबंधियों, ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर इस दुख की घड़ी में उन्हें ढांढ़स बंधाया और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# कठिन मेहनत के बाद ललिता देवी ने समाज में पाई मुकाम

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** जब एक महिला को सही मार्गदर्शन, सामूहिक सहयोग और आर्थिक अवसर मिलता है, तो वह न केवल अपने परिवार का भविष्य बदलती है बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा बन जाती है।



यह बातें मानसी प्रखंड के बख्तियारपुर गांव की रहने वाली ललिता देवी पर पूरी तरह लागू होती है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले तक ललिता देवी का परिवार अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन व्यतीत कर रहा था। उनके परिवार में पति और तीन बच्चे हैं। परिवार की आय का कोई स्थायी स्त्रोत नहीं था, जिसके कारण घर का खर्च चलाना भी चुनौतीपूर्ण हो गया था। सीमित आय के कारण परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना मुश्किल होता था। कई बार बच्चों की पढ़ाई, भोजन, कपड़े और अन्य जरूरी जरूरतों के बीच समझौता करना पड़ता था। आर्थिक तंगी के कारण भविष्य को लेकर परिवार हमेशा चिंतित रहता था। इसी दौरान एक दिन उनकी मुलाकात जीविका की सामुदायिक समन्वयक (सीएम) दीदी से हुई। सीएम दीदी ने उन्हें जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। सीएम की बातों से प्रेरित होकर ललिता देवी ने वर्षा स्वयं सहायता समूह की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने समूह की नियमित बैठकों में भाग लेना शुरू किया तथा बचत की आदत विकसित की। समूह की बैठकों में उन्हें वित्तीय अनुशासन, बचत, ऋण प्रबंधन और छोटे व्यवसाय के संचालन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं।

# अधिकारियों ने की बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**गोगरी (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड अंतर्गत ट्राईसम भवन में सोमवार को अंचल अधिकारी आमिर हुसैन की अध्यक्षता में संभावित बाढ़ को लेकर पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाढ़ प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जनप्रतिनिधियों से उनके-अपने पंचायतों की समस्याओं एवं बाढ़ से पूर्व की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान सभी पंचायतों में नावों की उपलब्धता, जीआर सूची में नाम होने के बावजूद कई पीड़ित परिवारों को सहायता राशि नहीं मिलने, पलीथिन शीट की व्यवस्था, कम्युनिटी किचन सेंटर, पशुओं के लिए चारा, बिजली, चापाकल, शौचालय, बच्चों के लिए दूध, भोजन बनाने हेतु रसोइयों की नियुक्ति, साफ-सफाई के लिए स्वच्छता कर्मियों की तैनाती तथा ब्लीचिंग पाउडर सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए डीसीएलआर राजकुमार ने कहा कि बाढ़ से पहले सभी तैयारियों की समीक्षा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बाढ़ के दौरान किसी भी व्यक्ति को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ की स्थिति में आम जनता और जनप्रतिनिधियों को घबराने की आवश्यकता नहीं है, प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा रहेगा। बैठक में नगर परिषद की कार्यपालक पदाधिकारी सोनी कुमारी, अस्पताल प्रभारी डॉ. चंद्रप्रकाश, गोगरी प्रमुख अशोक पंत, बोरना मुखिया प्रतिनिधि नासिर इकबाल, रामपुर मुखिया कृष्णा यादव, बलतारा मुखिया मृत्युंजय सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

# सीपीआईएम ने पीएम और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का किया पुतला दहन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सीपीआईएम के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर खगड़िया में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका गया। सीपीआईएम जिला कार्यालय से दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता नरेन्द्र मोदी और धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला के साथ धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए मार्च निकाला।

यह मार्च सीपीआईएम जिला कार्यालय से निकाल कर अनुमंडल कार्यालय तक गया,बाद में फ्लाई ओवर ब्रिज पर दोनों पुतले को आग के हवाले कर विरोध जताया। मौके पर पार्टी राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय कुमार ने प्रतिरोध सभा को संबोधित करते हुए कहा आज देश भारी संकट के भंवरजाल में फंस चुका है। पिछले 13 वर्षो से केन्द्र की सत्ता संभाल रही भाजपा सरकार लगातार देश की लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करने में लगी है। तमाम संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्तता समाप्त कर उसका इस्तेमाल लोगों के जनतांत्रिक अधिकारों पर हमले करने,चुनाव जीतने और उससे भी आगे विपक्षी सांसदों व विधायकों को तोड़ कर अपने मन माफिक जनविरोधी नीतियों को लागू करवा रही है। उन्होंने कहा यही वजह है कि देश में लगातार छात्रों व युवाओं को नौकरी और रोजगार दिलाने बाली बड़ी-बड़ी प्रतियोगी परीक्षाओं का पेपर सुनियोजित तरीके से लीक किया जा रहा है,ताकि उन्हें देश गरीब और मध्यम वर्ग से आने वाले बच्चों को नौकरी नहीं देना पड़े। संजय कुमार ने कहा पिछले दिनों नीट पेपर लीक हो गया,जिसमें 22 लाख बच्चे शामिल थे,जिसका परीक्षा तो लिया गया,लेकिन साजिश के तहत पेपर लीक कर उसे रद्द कर दिया गया। इनमें से ज्यादातर बच्चों के माता-पिता कड़ी मेहनत और मजदूरी कर अपने बच्चे को पढ़ाया लिखाया,नीट के प्रतियोगी परीक्षा के काबिल बनाया,मगर एक झटके में पेपर लीक कराकर उन बच्चों की कमर तोड़ दी। बच्चों के भविष्य के सामने अंधेरा छा गया,जिस सदमें को कई बच्चे बर्दाश्त नहीं कर पाया और अब तक उनमें से 22 बच्चों ने आत्महत्या कर लिया। नीट के बाद भी कई परीक्षाओं के पेपर लीक की घटनाएं घटी,मगर केन्द्र की मोदी सरकार इतनी बड़ी घटना जिसने देश लाखों बच्चों का भविष्य बर्बाद कर दिया,उसकी जिम्मेदारी तय नहीं कर पाई। ऐसे में देश भर के लाखों छात्रों,युवाओं ने ककरोच जनता पार्टी और विभिन्न छात्र संगठनों के बैनर तले इसके मुख्य जिम्मेदार शिक्षा मंत्री के इस्तीफे को लेकर पिछले 30 दिन पूर्व दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना शुरू किया,जिसके समर्थन में 22 दिन पूर्व भारत के महान शिक्षाविद साइंटिस्ट व सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। केन्द्र की मोदी सरकार को तुरंत छात्र नेताओं और सोनम वांगचुक से बात कर अपनी स्थिति स्पष्ट करना चाहिए,जो ऐसा नहीं कर अपने घोर तानाशाही रास्ते पर आगे बढ़ते हुए धरना स्थल से 18 जुलाई को पुलिसिया ताकत का इस्तेमाल करते हुए सोनम वांगचुक को अस्पताल पहुंचा दिया। कार्यक्रम में सीपीआईएम जिला सचिवमंडल सदस्य कुन्दन मेहता, वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिंह, जिला कमिटी सदस्य अमर यादव,संजीव कुमार,माला देवी,अनिल वर्मा, रामविलाश वर्मा, मंजीत कुमार सहित सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।




**पुतला दहन कार्यक्रम में सीपीआईएम के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने लिया हिस्सा**

## संक्षिप्त खबरें

### कुख्यात अपराधी गिरफ्तार,देशी कट्टा बरामद

**फतुहा।** नदी थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में वांछित एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। सोमवार को फतुहा एसडीपीओ-1 अवधेश कुमार ने एक प्रेस कन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान गुड्डू कुमार के रूप में हुई है, जो रंजीत पासवान का पुत्र और नदी थाना क्षेत्र के गुलमहियाचक गांव का निवासी है। एसडीपीओ अवधेश कुमार के अनुसार, गुड्डू कुमार नदी थाना कांड संख्या 93६2026 और कांड संख्या 94६2026 (आर्म्स एक्ट) में लंबे समय से वांछित था। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गुलमहियाचक रेलवे लाइन के पास जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद गुड्डू कुमार से सघन पूछताछ की गई। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके किराए के मकान में छापेमारी की। कमरे में एक अलमीरा के नीचे छुपाकर रखे गए झोले से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। अलमीरा में रखे एक टीन के डिब्बे से श8 एमएम केएफश अंकित एक जिंदा कारतूस और एक खोखा भी मिला। बरामद कट्टे का बट लकड़ी का बना है, जिसकी बैरल की लंबाई 7 अंगुल, बट की लंबाई 4 अंगुल और बडी की लंबाई 4 अंगुल है।एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार गुड्डू कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। वह वर्ष 2022 में धनरूआ थाना में दर्ज लूट के एक मामले (कांड संख्या 06६2022) में भी आरोपी था। इस ताजा बरामी के संबंध में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत नदी थाना कांड संख्या 290६2026 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस छापेमारी दल में एसआई सद्दाम हुसैन, एसआई विवेक कुमार, एसआई जय किशोर चौधरी, एसआई सुभाष कुमार और पीटीसी राजेश कुमार समेत नदी थाना के सशस्त्र व महिला बल शामिल थे।

### पटना में खाकी पर दागरू साम्यागढ़ ओपी प्रभारी 27 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सोमवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाढ़ अनुमंडल के साम्यागढ़ ओपी प्रभारी सौरभ कुमार को कथित रूप से 27 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। थाना परिसर में हुई इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और पूरे इलाके में घटना चर्चा का विषय बन गई। सूत्रों के अनुसार, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो को रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। प्रारंभिक सत्यापन के बाद टीम ने योजनाबद्ध ढंग से ट्रैप बिछाया। शिकायतकर्ता से कथित रूप से 27 हजार रुपये रिश्वत लेते ही टीम ने ओपी प्रभारी को मौके पर ही दबोच लिया। कार्रवाई के दौरान थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी पुलिस पदाधिकारी को अपने साथ पटना ले गई। मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। निगरानी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद पूरे प्रकरण की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।यह कार्रवाई एक बार फिर यह संदेश देती है कि सरकारी व्यवस्था में भ्रष्टाचार के मामलों पर निगरानी एजेंसियां लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं और दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### समयागढ़ ओपी प्रभारी पर रिश्वत लेने का आरोप, विजिलेंस की कार्रवाई से मचा हड़कंप

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल के समयागढ़ ओपी प्रभारी पर कथित रूप से रिश्वत लेने के आरोप में विजिलेंस द्वारा कार्रवाई किए जाने की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विजिलेंस की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को हिरासत में लिया है। हालांकि, कार्रवाई के कारणों और बरामी को लेकर आधिकारिक स्तर पर विस्तृत जानकारी जारी नहीं की गई है। विजिलेंस की ओर से मामले की जांच जारी है ।

### घर के बाहर खड़ी स्प्लेंडर बाइक चोरी

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बाढ़ थाना क्षेत्र के पछियारी मलाही गांव में अज्ञात चोरों ने घर के बाहर खड़ी एक स्प्लेंडर बाइक चोरी कर ली। पीड़ित मोहन राय ने बताया कि उनकी बाइक घर से गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं मिला तो उन्होंने बाढ़ थाना में लिखित शिकायत देकर बाइक बरामद करने और चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# मूसलाधार वर्षा ने राजधानी सहित कई ट्रेनों की रफ्तार पर लगाया ब्रेक

## भागलपुर -जमालपुर- किऊल रेलखंड पर दो घंटे परिचालन ठप, आधा दर्जन ट्रेनें विलंबित


मुख्य मार्ग पर दो फीट तक पानी।


सिगल फेल होने पर अन-पेपर चलानी पड़ी ट्रेनें।


कारखाना जलमग।

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मूसलाधार वर्षा ने जनजीवन के साथ-साथ रेल परिचालन को भी बुरी तरह प्रभावित कर दिया। राजधानी एक्सप्रेस सहित कई महत्वपूर्ण ट्रेनों की रफ्तार थम गई। भागलपुर जमालपुर किऊल रेलखंड के कजरा स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक पर भारी जलजमाव होने के कारण सुबह करीब 8रू20 बजे से 10रू30 बजे तक लगभग दो घंटे रेल परिचालन पूरी तरह ठप रहा। ट्रैक से पानी निकालने और सुरक्षा जांच के बाद ही परिचालन बहाल किया जा सका। जलजमाव के कारण रेलवे सिगल प्रणाली भी प्रभावित हुई। ऐसे में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ट्रेनों का परिचालन ओन पेपर प्रणाली के तहत धीमी गति से कराया गया। इससे अप एवं डाउन दिशा की कई ट्रेनों के परिचालन में देरी हुई और यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा। प्लेटफर्म और प्रतीक्षालय यात्रियों से खचाखच भरे रहे।
विलंबित ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस, किऊल जमालपुर पैसेंजर, बांका राजेंद्रनगर इंटरसिटी, पटना दुमका एक्सप्रेस, साहिबगंज दानापुर इंटरसिटी तथा विक्रमशिला एक्सप्रेस प्रमुख रूप से शामिल रहीं। कई यात्रियों की आगे की यात्रा और जरूरी कार्य प्रभावित हुए।
इधर, जमालपुर रेल कारखाना भी वर्षा की मार से अछूता नहीं रहा। कारखाना के कई शप में वर्षा का पानी भर जाने से करीब दो घंटे तक उत्पादन एवं मरम्मत कार्य बाधित रहा। बाद में प्रशासन ने मोटर पंप के माध्यम से पानी निकालकर कार्य को पुनः शुरू कराया।
शहर की सड़कों पर भी जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। मुंगेर जमालपुर मुख्य मार्ग पर नालों की समुचित सफाई नहीं होने के कारण करीब दो फीट तक पानी जमा हो गया। इससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही और सड़क किनारे स्थित कई घरों में भी वर्षा का पानी घुस गया। लोगों ने नगर प्रशासन से जलनिकासी व्यवस्था को स्थायी रूप से दुरुस्त करने की मांग की है।

# पीडीएस चावल की गुणवत्ता पर उठे सवाल, टूटे दानों से लाभुक और डीलर दोनों असंतुष्ट

### लाभुकों ने निष्पक्ष गुणवत्ता जांच और नियमित निगरानी की उठाई मांग, डीलरों ने कहानिर्धारित आपूर्ति का ही करते हैं वितरण

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत वितरित किए जा रहे चावल की गुणवत्ता को लेकर लाभुकों और जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं (डीलरों) के बीच असंतोष की स्थिति सामने आ रही है। कई लाभुकों का कहना है कि उन्हें मिलने वाले चावल में टूटे दानों की मात्रा अपेक्षात अधिक है, जिससे खाद्यान्न की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डीलरों का कहना है कि वे भी इस स्थिति से असहज हैं, क्योंकि वितरण के दौरान अधिकांश शिकायतों का सामना उन्हें ही करना पड़ता है।स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि अनुमंडल क्षेत्र के लगभग एक लाख लाभुकों तक इसी प्रकार का चावल पहुंच रहा है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक स्तर पर कोई पुष्टि नहीं की गई है। इसके बावजूद कई उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि सरकारी योजना के अंतर्गत खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, तो उसकी गुणवत्ता भी निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।जनवितरण प्रणाली के कई विक्रेताओं ने बताया कि वे भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) अथवा अधित एजेंसियों से जो चावल प्राप्त करते हैं, उसी का वितरण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार करते हैं। उनका कहना है कि खाद्यान्न की गुणवत्ता तय करना या उसमें सुधार करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ऐसे में गुणवत्ता संबंधी शिकायतों का समाधान भी वे अपने स्तर पर नहीं कर सकते। डीलरों का कहना है कि लाभुकों की नाराजगी का सामना उन्हें करना पड़ता है, जबकि आपूर्ति की गुणवत्ता पर उनका कोई नियंत्रण नहीं होता।लाभुकों का कहना है कि सरकार गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हर महीने रियायती दर पर अनाज उपलब्ध कराती है। इसलिए यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वितरित किया जाने वाला चावल गुणवत्ता के तय मानकों पर भी खरा उतरे। कई लोगों ने सुझाव दिया कि समय-समय पर खाद्यान्न की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की शंका या शिकायत का निष्पक्ष समाधान हो सके।सामाजिक कार्यकर्ताओं का भी मानना है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसी महत्वपूर्ण योजना में पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। उनका कहना है कि यदि नियमित रूप से गुणवत्ता परीक्षण, नमूना जांच और आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी की जाए, तो लाभुकों का विश्वास और मजबूत होगा तथा शिकायतों में भी कमी आएगी।विशेषज्ञों के अनुसार पीडीएस की सफलता केवल समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी गुणवत्ता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि किसी स्तर पर गुणवत्ता को लेकर शिकायतें सामने आती हैं, तो संबंधित एजेंसियों द्वारा उसकी निष्पक्ष जांच और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाना जनहित में आवश्यक माना जाता है।इस संबंध में लाभुकों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि चावल की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाए, वितरण से पूर्व गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि इससे न केवल लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिलेगा, बल्कि डीलरों को भी अनावश्यक शिकायतों और विवादों का सामना नहीं करना पड़ेगा।सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता तभी और मजबूत होगी, जब लाभुकों तक समय पर, पर्याप्त मात्रा में और निर्धारित गुणवत्ता का खाद्यान्न पहुंचे। ऐसे में पीडीएस व्यवस्था में गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता को और सुढ़ करना समय की आवश्यकता माना जा रहा है।

# महारास एवं श्रीकृष्ण विवाहोत्सव की भक्ति रसधारा में सराबोर हुए श्रद्धालु

**जमालपुर (मुंगेर)।** महामाया शक्तिधाम मंदिर के चतुर्थ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन श्रद्धालु भगवान श्रीष्ण की दिव्य लीलाओं के श्रवण और भक्ति रस में सराबोर हो गए। वृंदावन धाम से पधारीं सुप्रसिद्ध कथाव्यास ड़ लवी मैत्रेयी शर्मा ने भगवान श्रीष्ण की माखन चोरी, कंस वध, महारास और श्रीष्ण विवाहोत्सव का अत्यंत भावपूर्ण एवं आध्यात्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा पंडाल राधे-राधे और जय श्रीष्ण के जयघोष से गुंजायमान रहा। कथाव्यास ने कहा कि माखन चोरी की लीला यह संदेश देती है कि भगवान भक्त के निष्कपट प्रेम, सरलता और समर्पण से प्रसन्न होते हैं। वहीं कंस वध का प्रसंग धर्म की स्थापना और अधर्म के विनाश का प्रतीक है। उन्होंने महारास की व्याख्या करते हुए कहा कि यह कोई लौकिक घटना नहीं, बल्कि जीव और परमात्मा के दिव्य मिलन तथा अनन्य भक्ति का सर्वोच्च स्वरूप है।कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रीष्ण विवाहोत्सव मनाया। भजनों, पुष्पवर्षा और मंगलगीतों के बीच श्रद्धालु नृत्य एवं संकीर्तन में भावविभोर हो उठे। कथा के समापन पर ड़ लवी मैत्रेयी शर्मा ने भगवान श्रीष्ण के प्रेम, सत्य, करुणा और लोककल्याण के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।अंत में स्थानीय कलाकार अंकिता शर्मा एवं शिवम शर्मा ने बाबा श्याम और भोलेनाथ के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आगामी कथा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान महेश संघई, मंत्री गिरधर संघई, सुजीत संघई, जयशंकर शर्मा, योगेश अग्रवाल, राजकुमार शर्मा, कमलेश खेतान, माधव मस्कारा, गोपाल शर्मा सहित अर्पित टोला, आलोक गर्ग, सुरेश बुदिया, सीताराम हवेलीवाला, पुरुषोत्तम मेहारिया, हर्ष तथा महामाया शक्तिधाम मंदिर के अनेक कार्यकर्ता और श्रद्धालु उपस्थित थे।


कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु।

# निर्माणाधीन मकान से लाखों के सामान की चोरी, पुलिस जांच में जुटी

### मोटर, तार, ग्राइंडर मशीन, लोहा व पाइप समेत अन्य सामान ले उड़े चोर

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर स्थित पशुपालन गली में एक निर्माणाधीन मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के निर्माण सामग्री और उपकरणों की चोरी कर ली। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है।मकान मालिक सुनील यादव ने बताया कि उनके निर्माणाधीन मकान में प्रतिदिन सुबह से शाम तक काम होता है। काम समाप्त होने के बाद भवन में ताला लगाकर वे अपने पुराने घर फुलका चले जाते हैं। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर मकान में प्रवेश किया और पानी की मोटर, बिजली के तार, ग्राइंडर मशीन, लोहे के सामान, पाइप समेत कई महंगे उपकरण चोरी कर फरार हो गए। सुबह जब वे निर्माण स्थल पहुंचे तो ताला टूटा मिला और सामान गायब था।सुनील यादव ने बताया कि अपने स्तर से जानकारी जुटाने पर कुछ लोगों ने स्थानीय बस्ती के कुछ युवकों पर संदेह जताया है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को घटना की मौखिक जानकारी दे दी गई है और जल्द ही लिखित आवेदन भी सौंपा जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। लोगों ने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है।थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। शिकायत प्राप्त होते ही जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।


चोरी की घटना के बाद बंद पड़ा निर्माणाधीन मकान।

# फरार आर्म्स एक्ट आरोपी के ठिकाने पर पुलिस का छापा, देसी कट्टा व 34 कारतूस बरामद

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने आर्म्स एक्ट के फरार आरोपी मुन्ना यादव के घर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। तलाशी के दौरान एक देसी कट्टा और 34 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार, फरार आरोपी की तलाश में की गई छापेमारी के दौरान अवैध हथियार और कारतूस बरामद हुए। बरामी के बाद दोनों गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट समेत संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि हथियार और कारतूस का नेटवर्क किन लोगों से जुड़ा है।पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है तथा मामले की गहन जांच की जा रही है। अवैध हथियारों के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

# शिवम हत्याकांड : न्याय की मांग को लेकर बाजार बंद व आंदोलन का एलान, पुलिस जांच पर परिजनों ने उठाए सवाल

**जमालपुर(मुंगेर) (एनएसब)।** जमालपुर के चर्चित छात्र शिवम हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर अब आंदोलन तेज होने जा रहा है। मृतक छात्र के परिजनों, समाज के लोगों और पिता वीरेंद्र बिंद के नेतृत्व में बाजार बंद कराने तथा पुलिस के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस अब तक मामले का खुलासा नहीं कर सकी है और जांच की गति बेहद धीमी है।मृतक के पिता, माता सुनीता देवी और भाई अमरदीप ने बताया कि शिवम 15 जुलाई को लापता हुआ था। 16 जुलाई को जमालपुर थाना में गुमशुी का आवेदन दिया गया, जबकि 17 जुलाई को सीताकुंड गंगा घाट से उसका शव बरामद हुआ। 18 जुलाई को पोस्टमार्टम कराया गया, लेकिन 20 जुलाई तक भी पुलिस किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी है। परिजनों ने कहा कि उन्हें जमालपुर पुलिस की जांच पर भरोसा नहीं रह गया है।परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने अब तक शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की गंभीरता से जांच नहीं की है, जिससे यह पता चल सके कि शिवम खलासी मोहल्ला, मोहनपुर से किस रास्ते और किस समय जुबली बेल चौक तक पहुंचा। उनका कहना है कि उन्होंने शिवम से जुड़े कई महत्वपूर्ण साक्ष्य और जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराई, लेकिन अब तक उन्हें जांच की प्रगति से संतुष्ट नहीं किया गया।परिजनों ने यह भी दावा किया कि शिवम जिस कोचिंग संस्थान में पढ़ता था, वहां एक छात्रा से हुए विवाद से जुड़े कुछ पत्र भी पुलिस को सौंपे गए हैं। उनका कहना है कि पुलिस स्पष्ट करे कि यह हत्या है या आत्महत्या। केवल पोस्टमार्टम और वैज्ञानिक जांच का हवाला देकर मामले को लंबा खींचा जा रहा है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि पहले बाजार बंद कराया जाएगा, इसके बाद न्याय की मांग को लेकर थाना घेराव सहित व्यापक आंदोलन किया जाएगा।


शोकाकुल छात्र शिवम के माता-पिता भाई-बहन।

## संक्षिप्त खबरें

# एसटीएफ के शिकंजे में संतोष डॉन पटना-नालंदा के कुख्यात भू-माफिया की गिरफ्तारी से अपराध जगत में हड़कंप

### दो दर्जन से अधिक गंभीर मामलों का आरोपी खुसरूपुर पुलिस के हवाले, हत्या की कोशिश, रंगदारी और भूमि कब्जे के मामलों में लंबे समय से था वांछित

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। बिहार पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने संगठित अपराध और भू-माफिया नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना और नालंदा के कुख्यात भू-माफिया संजय कुमार उर्फ संतोष कुमार उर्फ श्संतोष डनश को गिरफ्तार कर लिया। लंबे समय से पुलिस और जांच एजेंसियों के निशाने पर रहे संतोष डन की गिरफ्तारी को बिहार पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद उसे आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए खुसरूपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया।खुसरूपुर थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में फतुहा-2 के एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध पटना, नालंदा तथा आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में हत्या की कोशिश, रंगदारी, रंगदारी के लिए हत्या, अवैध भूमि कब्जा, आर्म्स एक्ट और अन्य गंभीर धाराओं के दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से संगठित अपराध के नेटवर्क का संचालन कर रहा था।2015 के बाद तेजी से बढ़ा अपराध का नेटवर्क पुलिस के मुताबिक संतोष डन वर्ष 2015 के आसपास अपराध की दुनिया में सक्रिय हुआ और देखते ही देखते उसने पटना और नालंदा के कई इलाकों में अपना प्रभाव कायम कर लिया। जांच में उस पर गरीब किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा करने, फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी एवं निजी भूमि हड़पने, कारोबारियों से रंगदारी वसूलने, विरोध करने वालों को धमकाने तथा गोलीबारी जैसी घटनाओं में संलिप्त रहने के आरोप सामने आए हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपी ने अपने गांव में भी कई संपत्तियों पर अवैध कब्जा कर रखा था और रिश्तेदारों के नाम पर बड़ी मात्रा में संपत्ति अर्जित करने की जानकारी जांच में सामने आई है।ईओयू की छापेमारी के बाद तेज हुई कार्रवाई आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने इसी वर्ष जून में संतोष डन के कथित आर्थिक नेटवर्क की जांच के तहत उसके 25 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। जांच टीम ने नालंदा जिले के रहुई प्रखंड स्थित खिदरचक और पचासा गांव के आवासों के अलावा खुसरूपुर के पचरुखिया, जगमालबीघा, सुकरबेगचक, मुस्तफापुर और चौड़ा समेत कई स्थानों पर मौजूद कथित बेनामी संपत्तियों का सत्यापन किया था। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में चल एवं अचल संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज जांच के दायरे में आए थे। कई थानों में दर्ज हैं मुकदमे पुलिस अभिलेखों के अनुसार संतोष डन के विरुद्ध सबसे अधिक मामले खुसरूपुर थाना क्षेत्र में दर्ज हैं। इसके अतिरिक्तफतुहा, भगवान बिगहा, सोहसराय सहित विभिन्न थानों में भी उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट, जानलेवा हमला, रंगदारी और अन्य गंभीर अपराधों के मुकदमे लंबित हैं। गिरफ्तारी को माना जा रहा बड़ी उपलब्धि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से संगठित भूमि माफिया नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई को बल मिलेगा। वहीं क्षेत्र के लोगों में भी इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर उसके नेटवर्क, सहयोगियों और कथित अवैध संपत्तियों से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच आगे बढ़ाई जाएगी।कुख्यात भू-माफिया की गिरफ्तारी ने एक बार फिर यह संदेश दिया है कि संगठित अपराध और अवैध भूमि कारोबार के खिलाफ चल रही कार्रवाई लगातार जारी है तथा कानून से बच निकलना आसान नहीं होगा।


भूमि माफिया, संतोष कुमार उर्फ संतोष डॉन।

# चौहरमल मंदिर विस्थापन विवाद शांत एसडीपीओ ने संभाला मोर्चा चार हिरासत में

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। पंडारक थाना क्षेत्र में चौहरमल मंदिर के विस्थापन को लेकर उत्पन्न तनाव और हंगामे के बाद पुलिस-प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित कर लिया। सूचना मिलते ही पंडारक के एसडीपीओ आयुष श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे, घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच की।एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस की तत्परता और प्रशासनिक हस्तक्षेप से स्थिति पूरी तरह शांत है। मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्र में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है।प्रशासन ने लोगों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# राजनीति का चरित्र : सत्ता की सीढ़ी या जनसेवा की साधना

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** राजद के कद्दावर नेता व पूर्व प्रत्याशी कर्मवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया के छोटे भाई राजद के जुझारू कर्मठ कार्यकर्ता रणवीर यादव ने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता बदलना स्वाभाविक है, लेकिन राजनीति का नैतिक चरित्र ही जनता का स्थायी विश्वास अर्जित करता है। सिद्धांत, पारदर्शिता और जनसेवा ही स्वस्थ लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान हैं।लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत केवल चुनाव नहीं, बल्कि जनता का विश्वास होता है। यही विश्वास राजनीति को वैधता देता है और यही विश्वास किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी होता है। लेकिन जब आम जनमानस में यह धारणा बनने लगती है कि षराजनीति के चरित्र में एक ही खूबी है कि उसका कोई चरित्र नहीं होता,ष तब यह केवल एक व्यंग्य नहीं रह जाता, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर आत्मचिंतन का विषय बन जाता है।राजनीति का जन्म समाज को दिशा देने के लिए हुआ था, सत्ता पर अधिकार जमाने के लिए नहीं। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों की भूमिका केवल सरकार बनाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे समाज की आकांक्षाओं, जनभावनाओं और विकास की दिशा के प्रतिनिधि भी होते हैं। इसलिए राजनीति का मूल्यांकन केवल चुनावी जीत और हार से नहीं, बल्कि उसके चरित्र, उसकी विश्वसनीयता और जनता के प्रति उसकी जवाबदेही से होना चाहिए।भारतीय लोकतंत्र ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। विचारधाराएँ बदलीं, गठबंधन बने और टूटे, राजनीतिक समीकरण बदले, नई पीढ़ियाँ नेतृत्व में आईं और समय के साथ राजनीति का स्वरूप भी परिवर्तित हुआ। लोकतंत्र में परिवर्तन स्वाभाविक है, क्योंकि समाज भी निरंतर बदलता है। किंतु परिवर्तन और अवसरवाद के बीच एक बहुत महीन रेखा होती है। जब निर्णयों का आधार जनहित हो, तब परिवर्तन लोकतंत्र की शक्ति बनता है, लेकिन जब प्राथमिकता केवल सत्ता प्राप्ति या उसे बनाए रखने तक सीमित रह जाए, तब राजनीति के चरित्र पर प्रश्न उठना स्वाभाविक हो जाता है।जनता राजनीति से चमत्कार नहीं चाहती। वह केवल इतना चाहती है कि चुनाव के समय किए गए वादे शासन की नीतियों में भी दिखाई दें। भाषणों में व्यक्त आदर्श प्रशासनिक निर्णयों में भी झलकें। लोकतंत्र में जनता की सबसे बड़ी अपेक्षा ईमानदार नीयत, पारदर्शी कार्यशैली और जवाबदेह नेतृत्व होती है। यही वह आधार है, जिस पर जनविश्वास टिका रहता है।राजनीति का वास्तविक चरित्र भाषणों से नहीं, बल्कि निर्णयों से पहचाना जाता है। जनता यह देखती है कि कठिन परिस्थितियों में नेतृत्व कितना संयमित रहता है, आलोचना का सामना कितनी गरिमा से करता है और विरोधी विचारों का कितना सम्मान करता है। लोकतंत्र में असहमति कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। स्वस्थ लोकतंत्र वही है, जहाँ मतभेद हों, लेकिन मनभेद न होंय राजनीतिक प्रतिस्पर्धा हो, लेकिन सामाजिक सौहार्द प्रभावित न हो।आज देश की जनता पहले से कहीं अधिक जागरूक है। सूचना के अनेक माध्यमों ने नागरिकों को अधिक सजग बनाया है। अब राजनीतिक निर्णयों, नीतियों और वादों की तुलना लगातार होती है। ऐसे समय में केवल भावनात्मक अपील या चुनावी घोषणाएँ पर्याप्त नहीं हैं। जनता ठोस परिणाम, पारदर्शिता और निरंतर जवाबदेही चाहती है। यही कारण है कि आज राजनीति में नैतिकता केवल आदर्श नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आवश्यकता बन चुकी है।राजनीति में चरित्र का अर्थ केवल व्यक्तिगत ईमानदारी नहीं है। इसका अर्थ हैवचन और कर्म में समानता, सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, संवैधानिक संस्थाओं का सम्मान, जनभावनाओं के प्रति संवेदनशीलता और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देना। सत्ता का वास्तविक सम्मान उसी नेता को मिलता है, जो उसे अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी मानता है।इतिहास गवाह है कि पद और सत्ता समय के साथ बदलते रहते हैं, लेकिन जनसेवा, सी, नैतिकता और सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व सदैव स्मरणीय रहता है। समाज अंततः उन्हीं व्यक्तित्वों को सम्मान देता है, जिन्होंने सत्ता को साधन माना और जनता के विश्वास को अपना सबसे बड़ा दायित्व समझा।

# सरकारी खजाने पर डाका, बिना काम करोड़ का भुगतान

दैनिक नवसंदेश

**जगदीशपुर।** नगर पंचायत जगदीशपुर में विकास योजनाओं के नाम पर बड़ा घोटाला उजागर हुआ है। जांच रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2019-20 से 2023-24 के बीच करोड़ों रुपये की ऐसी योजनाओं का भुगतान कर दिया गया, जो धरातल पर कहीं दिखाई ही नहीं देतीं या उसकी स्वीकृति नहीं ली गई थी। यह मामला अब जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है।

तालाबों के जीर्णोद्धार, घाट निर्माण और बैठक (बैठका) निर्माण के नाम पर भारी धनराशि निकाली गई, लेकिन मौके पर जांच करने पर काम का कोई निशान नहीं मिला। नियम के अनुसार हर निर्माण कार्य का जीपीएस फोटोग्राफ अनिवार्य है, लेकिन फाइलों से ये फोटोग्राफ गायब हैं, जो स्पष्ट रूप से धांधली की ओर इशारा करते हैं। कई योजनाओं में न तो निविदा प्रक्रिया का सही पालन किया गया और न ही सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन लिया गया। कई मामलों में बिना कार्यादेश के ही लाखों रुपए का भुगतान संवेदकों को कर दिया गया।

एक परियोजना में 24 कुओं के सौंदर्यीकरण का दावा किया गया था, लेकिन स्थल निरीक्षण में मात्र 01 कुआं ही सौंदर्यीकरण के योग्य पाया गया। जांच में



**इस वित्तीय अनियमितता की जांच में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, अभियंता और मुख्य पार्षद की भूमिका संदिग्ध**

**विभागीय जांच में पुष्टि के बाद नगर विकास एवं आवास विभाग ने तत्कालीन मुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी और संबंधित अभियंताओं पर एफआईआर दर्ज करने का दिया आदेश**

स्पष्ट हुआ कि इस पूरी वित्तीय अनियमितता में तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी, अभियंता और मुख्य पार्षद की भूमिका संदिग्ध है। संबंधित फाइलों और दस्तावेजों की मांग करने पर भी वर्तमान प्रबंधन द्वारा कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई, जो इनकी लापरवाही को दर्शाता है। जांच टीम ने स्पष्ट इन योजनाओं की जांच की सिफारिश की है। साथ ही, जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मियों पर तत्काल अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। विभागीय जांच में पुष्टि के बाद नगर विकास एवं आवास विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए तत्कालीन मुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी और संबंधित अभियंताओं पर प्राथमिकी एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। विदित हो कि जदयू के राष्ट्रीय महासचिव और मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा द्वारा की गई शिकायत पर विभाग ने जांच समिति गठित की थी। जांच में पाया गया कि जल-जीवन-हरियाली अभियान और अन्य मदों में कई अनियमितताएं उजागर हुई हैं। वित्तीय नियमों की अनदेखी और टेंडर प्रक्रिया में भी गंभीर खामियां पाई गई हैं। विभाग ने नगर पंचायत प्रशासन को थाने में प्राथमिकी दर्ज कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोरम के अभाव में पंचायत समिति की बैठक स्थगित

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर प्रखंड पंचायत समिति की सोमवार को प्रस्तावित बैठक को कोरम के अभाव में स्थगित कर दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बैठक प्रारंभ की गई। लेकिन पर्याप्त संख्या में पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचने के कारण किसी भी एजेंडे पर चर्चा नहीं हो सकी। 52 सदस्यीय पंचायत समिति में बैठक के लिए कम से कम 26 सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक थी। हालांकि बैठक में महज 15 से 16 सदस्य ही उपस्थित हो सके। कोरम पूरा नहीं होने पर अधिकारियों ने बैठक स्थगित करने की घोषणा कर दी। बैठक में विभिन्न पंचायतों से जुड़े विकास कार्यो, पेयजल, सड़क, नाली, आवास, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य जनहित के मुद्दों पर चर्चा प्रस्तावित थी। हालांकि सदस्यों की कम उपस्थिति के कारण किसी भी विषय पर विचार-विमर्श नहीं हो सका और न ही कोई प्रस्ताव पारित किया जा सका। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी पंचायत समिति शत्रुंजय कुमार सिंह ने बताया कि कोरम पूरा नहीं होने के कारण बैठक स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति की अगली बैठक बुधवार को आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। ताकि विकास योजनाओं एवं जनहित से जुड़े मामलों पर आवश्यक निर्णय लिए जा सकें।

### जिला जनता दरबार में 27 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा ईज अफ लिविंग के अंतर्गत "जिला जनता दरबार" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 27 आवेदकों द्वारा अपनी-अपनी समस्याएँ प्रस्तुत की गईं, जिनकी जिला पदाधिकारी महोदय ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत जिला पदाधिकारी महोदय ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध एवं प्रभावी निष्पादन सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र न्यायोचित राहत एवं आवश्यक सेवाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

### नहर में डूबे किशोर का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव में नहर में डूबे ननिहाल आये किशोर का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। उसका शव सोमवार की सुबह नगोपुर गांव स्थित चचरी पुल के समीप नहर से बरामद हुआ। मृत किशोर कोईलवर थाना क्षेत्र के मोखलिसा गांव निवासी रवि कुमार का 12 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार है। वह अपनी मां के साथ इमादपुर ननिहाल आ गया था। शनिवार की दोपहर जब वह चचरी पुल पर कर रहा था। इस दौरान पैर फिसल जाने के कारण नहर में गिरकर डूब गया। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा शनिवार की देर शाम तक उसकी काफी तलाश की गई। बावजूद इसके सफलता नहीं मिली। सोमवार की सुबह उसके शव को नहर से बाहर निकल गया।

### छात्र आंदोलन पर लाठीचार्ज अघोषित इमरजेंसी : विनोद वर्मा

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** देश की राजधानी दिल्ली में छात्रों के शांतिपूर्ण संसद मार्च पर हुए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े जाने की घटना की सामाजिक कार्यकर्ता सह अधिवक्ता विनोद वर्मा ने तीखे शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने इस कार्रवाई को सरकार की कायरता और तानाशाही का प्रमाण बताया है।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी रघुनाथ पांडेय

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** भारत छोड़ो आंदोलन में तत्कालीन शाहाबाद क्षेत्र का नेतृत्व करने वाले चर्चित स्वतंत्रता सेनानी स्व रघुनाथ पांडेय की 30 वीं पुण्यतिथि समारोह के साथ मनाई गई। अध्यक्षता स्व पांडेय के पुत्र व अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी उतराधिकारी महासंघ के संयोजक कृष्णकांत पांडेय ने की। मौके पर डॉ. लालमोहर सिंह, संतोष कुमार, डा़ अनिल सिंह, विजय सिंह आदि ने स्व पांडेय के कृतित्व की चर्चा की।

### उप विकास आयुक्त ने की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा संबंधित विभागों एवं बैंक प्रतिनिधियों के साथ की। बैठक में योजना के अंतर्गत लंबित आवेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने लंबित आवेदनों का नियमानुसार शीघ्रातिशीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभुकों को योजना का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। साथ ही, संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि स्वीकृत लाभुकों के यहां सोलर पैनलों का इंस्टलेशन बिना विलंब के पूरा करें। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों से योजना की नियमित निगरानी करने तथा लाभुकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया, जिससे अधिक से अधिक पात्र परिवार प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुत बिजली योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

### जनतंत्र और शिक्षा के सवाल पर सांकेतिक उपवास संपन्न



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जंतर-मंतर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद् सोनम वांगचुक के साथ अलोकतांत्रिक पुलिसिया कार्रवाई, शिक्षा की बदहाल स्थिति, लगातार हो रहे पेपर लीक तथा प्रशासनिक असंवेदनशीलता के विरोध में सिविल सोसायटी, आरा के तत्वावधान में सोमवार को जयप्रकाश स्मारक, मुक्ताकाश मंच, आरा में एक दिवसीय सांकेतिक उपवास धरना आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत लोकनायक जयप्रकाश की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता अशोक मानव तथा सामाजिक कार्यकर्ता विजय मेहता के उपवास के साथ हुआ। वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण विरोध प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। जनतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, शिक्षा व्यवस्था में सुधार, पेपर लीक पर प्रभावी रोक तथा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। शिक्षा और जनतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों पर समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। यदि आज समाज मौन रहेगा तो आने वाली पीढ़ियों का भविष्य और अधिक संकट में पड़ सकता है। धरना को सुशील कुमार, ड ब्रजेश कुमार सिंह, यशवंत सिंह, जाकिर हुसैन, प्रो निलाम्बुज सरोज, मो0 मुमताज, शिवप्रकाश रंजन, शोभा मंडल, अमित कुमार बंटी, दिलराज प्रितम, अभ्युदय आदि ने संबोधित किया। इस दरम्यान आइसा और सामाजिक संगठन जनमित्र से जुडे लोगों ने आंदोलन के प्रति समर्थन व्यक्ति किया। इसके अलावे सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, युवाओं, एवं जागरूक नागरिकों ने अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस जनआंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की।

## आकाशीय बिजली का कहर वार्ड सदस्य समेत चार मरे

दैनिक नवसंदेश

**हादसे के दौरान दंपति समेत पांच लोग घायल भी हुए**

**आरा।** विभिन्न थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह आकाशीय बिजली कहर बनकर टूटा। इस दौरान आकाशीय बिजली के चपेट में आने से वार्ड सदस्य समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दंपति समेत पांच लोग घायल हो गए। घटना आयर थाना क्षेत्र के असुधन, चरपोखरी थाना क्षेत्र के खरांटी, गडहनी थाना क्षेत्र के मदुरी, हसन बाजार थाना क्षेत्र के बसमनपुर तथा बक्सर के बड़की नैनीजोर गांव में घटी।

आयर के असुधन ठनका गिरने से वार्ड सदस्य की मौत हो गई। मृतक असुधन गांव वार्ड नंबर-11 निवासी सुदर्शन सिंह के 45 वर्षीय पुत्र सह वार्ड सदस्य भिखारी सिंह है। वह बरनांव पंचायत के वार्ड नंबर-11 के सदस्य थे। घायलों में असुधन निवासी ललन सिंह एवं उनकी पत्नी शिवकुमारी देवी शामिल है। चरपोखरी थाना के खराटी गांव में ठनका गिरने से कामता सिंह का 33 वर्षीय पुत्र गोविंद कुमार की मौत हो गड़हनी के मदुरी में बिरेन्द्र चौधरी की 18 वर्षीया पुत्र नंदनी की मौत हो गई। घायलों में मृतका की 15 वर्षीया छोटी बहन चांदनी कुमारी एवं उसी गांव की एक अन्य किशोरी शामिल है। हसन बाजार के बसमनपुर में ठनका गिरने से ज्ञानचंद सिंह के 57 वर्षीय पुत्र जमींदार सिंह की मौत हो गई। बक्सर जिले की नैनिजोर थाना के बड़की नैनिजोर गांव में नैनिजोर थाना के बड़की नैनिजोर गांव निवासी खेदन पासवान के 55 वर्षीय पुत्र छोटन पासवान घायल हो गए।

## डीएम के निर्देश पर 12 घंटे में अनुग्रह राशि का भुगतान

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार चरपोखरी अंचल अंतर्गत वज्रपात की घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित परिजन को त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र 12 घंटे के भीतर आपदा राहत मद के अंतर्गत अनुग्रह अनुदान राशि का चेक उपलब्ध करा दिया गया। चरपोखरी के अंचलाधिकारी द्वारा आवश्यक औपचारिकताएँ प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए मृतक के आश्रित को निर्धारित सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। जिला प्रशासन प्रातिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा सभी संबंधित अधिकारियों को ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

### जिला प्रशासन ने की अपील

मानसून के दौरान वज्रपात की घटनाओं की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील किया है कि गरज-चमक एवं वज्रपात के समय घर से बाहर न निकलें। खुले मैदान, पेड़, बिजली के खंभों तथा जलाशयों के आसपास जाने से बचें तथा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करें। सतर्कता एवं सावधानी ही वज्रपात से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

## कायमनगर बाजार में जिला प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-922 के अंतर्गत कायमनगर बाजार क्षेत्र में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाकर सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से लंबे समय से प्रभावित यातायात व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है। यह अभियान भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) एवं अंचलाधिकारी, कोईलवर उदय प्रताप सिंह के संयुक्त नेतृत्व में चलाया गया। अभियान के दौरान सड़क किनारे राष्ट्रीय राजमार्ग की भूमि पर किए गए अस्थायी और स्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान गिधा थानाध्यक्ष के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती रही, जिससे पूरे अभियान के दौरान विधि-व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी रही। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमानुसार की गई। संबंधित अतिक्रमणकारियों को पहले ही नोटिस देकर भूमि खाली करने का पर्याप्त अवसर दिया गया था। निर्धारित समय सीमा के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर विधिक प्रक्रिया के तहत यह कार्रवाई की गई। प्रशासन ने आम नागरिकों, दुकानदारों और व्यवसायियों से अपील की है कि वे राष्ट्रीय राजमार्ग अथवा अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि, सड़क एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** वरीय उप समाहर्ता, सामान्य शाखा, श्रीमती हिना की अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल एवं गरिमामय आयोजन को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं समन्वित रूप से आवश्यक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वजारोहण कार्यक्रम की तैयारी एवं समय-निर्धारण, विधि-व्यवस्था संधारण, विशिष्ट अतिथियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, वीर कुंवर सिंह स्टेडियमध्मैदान की घेराबंदी, कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सकीय दल की उपलब्धता, अग्शिमन वाहन की तैनाती, मैदान एवं संपर्क मार्गो की साफ-सफाई, विभागीय झांकियों की प्रस्तुति, यातायात प्रबंधन तथा पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

## डॉ. प्रमोद बने बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ, भोजपुर इकाई के जिलाध्यक्ष पद के लिए रविवार को संघ कार्यालय, आरा में हुए उपचुनाव में डॉ. प्रमोद कुमार राय को जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। यह उपचुनाव पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार के बीपीएससी के माध्यम से प्रधानाध्यापक पद पर चयनित होने के कारण रिक्तहुए पद को भरने के लिए आयोजित कराया गया। मुख्य चुनाव पदाधिकारी रोहतास माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला सचिव सतीश कुमार पांडेय तथा सहायक चुनाव पदाधिकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय बखरी के प्रधानाध्यापक राजीव रंजन चतुर्वेदी थे। जिला कार्यसमिति के कुल 27 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें डॉ. प्रमोद को 20 तथा उनके प्रतिद्वंद्वी डॉ. चंद्र प्रकाश उर्फ शशि यादव को 7 मत मिले। संघ के जिला सचिव संतोष कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष मुक्तेश्वर उपाध्याय, राज्य कार्यकारिणी सदस्य आनंद प्रकाश पांडेय, प्रमंडल उपाध्यक्ष भीम राय, प्रमंडल कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## दो वाहनों से तीन लाख रुपए की विदेशी शराब बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग जिले में शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चला या जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को मिली सूचना पर निरीक्षक प्रकाश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। वाहन जांच के क्रम में बक्सर-पटना फोरलेन पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दौलतपुर ओवरब्रिज के पास से लग्जरी कार में बने गुप्त तहखाने से 864 पीस में कुल 155.520 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। वाहन पर बिहार का निबंधन संख्या अंकित पाया गया। टीम ने वाहन के चालक जहानाबाद जिले के ढकनी बिधा निवासी कुणाल कुमार, को गिरफ्तार कर लिया। वाहन जांच के क्रम में मोहनिया-आरा स्टेट हाईवे पर जगदीशपुर थाना के दुलौर मोड़ के पास से टोयटा कार से 450 पीस में कुल 81 लीटर विदेशी शराब बरामद की गयी। वाहन पर दिल्ली का निबंधन संख्या अंकित है। टीम ने वाहन चालक पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर कनशो वार्ड नंबर-10 निवासी निशांत कुमार के साथ एक अन्य व्यक्ति को पटना जिले के पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के गोसाईं टोला सदाकत आश्रम निवासी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य करीब 3 लाख रुपये आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से पटना की ओर ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, निरीक्षक अनिल कुमार, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, सहायक अवर निरीक्षक मदन लाल यादव एवं सहायक अवर निरीक्षक धीरज कुमार के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।

## स्वच्छता अभियान में गरीबी बाधक नहीं

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** गीधा सामुदायिक में 'नई आशा' द्वारा संचालित अलका सिलाई सह पढ़ाई केंद्र की छात्राओं के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें मेहंदी लगाने सहित स्वयं स्वच्छ

**नई आशा ने किया स्वच्छता एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन**



रहते हुए परिवार एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने की जानकारी दी गयी। प्रषिक्षक के बतौर आरा की प्रसिद्ध ब्यूटीशियन एवं हेयर ड्रेसर श्रीमती सबिता प्रसाद ने कहा जीवन में साफ-सफाई का विशेष महत्व है। आप स्वयं स्वच्छ रहते हुए अपने अगल-बगल भी स्वच्छता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सुंदर दिखने एवं साफ-सफाई के बीच पैसे का बहुत स्थान नहीं है, क्योंकि जो व्यक्ति या परिवार अपने घर एवं आसपास सफाई रखते हुए नित्य ान करता है, वह कई रोगों से बच जाता है। लोग उससे घृणा नहीं करते। श्रीमती सबिता ने कहा कि गरीबी कोई अभिषाप नहीं है। लेकिन सिर्फ गरीबी का रोना रोते रहना महापाप है। आप सफाई एवं ान को अपनी दिनचर्या में षामिल कर लें फिर देखें कि कैसे बदलाव आता है। उन्होंने कहा कि आज थोड़ा षिक्षित व्यक्ति भी कोई प्रषिक्षण लेकर अपने परिवार का अच्छी तरह जीवन यापन कर सकता है। पहले लोग काली मिट्टी, तालाब की चिकनी मिट्टी या मुलतानी मिट्टी से बाल धोते थे और षरीब में लगाते थे। आज उसे क्ले थेरेपी, मड बाथ और डिटॉक्स कहा जाता है। षरीर और बाल दोनों के लिए मिट्टी काफी उपयोगी है। बड़े-बड़े होटलों और वेलनेस रिसॉट लोग हजारों रूपए खर्च मड बाथ (मिट्टी ान) करते है। उन्होंने कहा कि आप प्रतिदिन ान करें। अपने कपड़ों को बदलें। मुहल्ले के लोग आपका अनुकरण करेंगे। समय से भोजन और ान करें। सलीके से अपने कपड़ों को धोकर पहनें। इस दरम्यान मेंहदी प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। छात्राओं ने भी संवाद किया। मौके पर लवली देवी, संगीता देवी, आशा कुमारी आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों ने बैठकों के बहिष्कार का किया ऐलान

**कोइलवर (दैनिक नवसंदेश)।** कोईलवर नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति में असंतोष खुलकर सामने आया है। समिति के तीन सदस्यों ने कार्यपालक पदाधिकारी को लिखित आवेदन सौंपकर आगामी बैठकों के बहिष्कार की घोषणा की है। सदस्यों का आरोप है कि बैठकों में केवल पूर्व निर्धारित एजेंडों पर चर्चा कर औपचारिक रूप से कार्यवाही समाप्त कर दी जाती है, जबकि वार्डो से जुड़ी जनसमस्याओं और विकास कार्यो पर चर्चा का अवसर नहीं दिया जाता। वार्ड संख्या-3 के सदस्य शिवकुमार सिंह, वार्ड संख्या-9 के अरविंद कुमार सिंह तथा वार्ड संख्या-12 के वीरेंद्र प्रसाद राम द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं को समिति के समक्ष रखना चाहते हैं, लेकिन उन्हें ऐसा




करने का मौका नहीं मिलता। नगर पंचायत अध्यक्ष पर बैठक संचालन में मनमानी करने तथा सदस्यों के सुझावों और मुद्दों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी से मामले में आवश्यक पहल कर समिति की कार्यप्रणाली में सुधार सुनिश्चित करने की मांग की है। कार्यपालक पदाधिकारी शहाब याहिया ने

**जनसमस्याओं पर चर्चा का अवसर नहीं मिलने का आरोप**

बताया कि सशक्त स्थायी समिति के तीन सदस्यों का आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसमें बैठक के दौरान 'अन्यान्य' का एजेंडा शामिल नहीं किए जाने की शिकायत की गई है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार बैठक में अन्यान्य विषयों को शामिल करना या नहीं करना मुख्य पार्षद के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए प्राप्त आवेदन को आवश्यक कार्रवाई के लिए मुख्य पार्षद को अग्रसारित किया जाएगा। सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तावित सशक्त स्थायी समिति की बैठक समिति के सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण कोरम पूरा नहीं हो सका, जिसके चलते बैठक को स्थगित करना पड़ा।

## जल जमाव में तैरती दिखी नगर परिषद प्रशासन की अकर्मण्यता



**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** पीरो नगर परिषद के कई इलाके बरसात की पहली बारिश में ही पूरी तरह डूब गए। इन इलाकों से जल निकासी की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है। ऐसे में बरसात की कौन कहे सामान्य दिनों में भी जल जमाव की स्थिति बनी रहती है। इस बार बरसात में स्थिति ज्यादा ही बदतर हो गई है। कुछ इलाके तो ऐसे भी हैं जहां जानबूझकर ऐसी स्थिति पैदा की गई है। नगर के वार्ड नंबर 17 अंतर्गत मिल्की मोड के पास बरसात के मौसम में हर साल तालाब जैसा नजारा देखने को मिलता है। यहां बनाया गया नाला सड़क के लेबल से इतना ज्यादा ऊंचा है कि सड़क का पानी नाले में नहीं जा पाता है। वहां सड़क का लेबल नीचे होने से आसपास का सारा पानी जमा हो जाता है। ऐसे में वाहन से लेकर पैदल चलने वाले लोग बमुश्किल घुटना भर पानी के बीच से ही रास्ता तय करने को मजबूर है। नगर के वार्ड नंबर 16 में गौरीशंकर पैलेस के पीछे जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनता की चौखट पर पहुंचा प्रशासन, 29 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन एक बार फिर संवेदनशील नजर आया। समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिड़ वाई भूटिया एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने आमजनों की शिकायतों को गंभीरता से सुना।




कुल 29 शिकायतों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में परिमार्जन, जमाबंदी, सेवांत लाभ, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, अतिक्रमण, लगानबंदी, भूमि मुआवजा, मनरेगा, निजी बैंक खाते से अनाधिकृत निकासी, जीविका चयन प्रक्रिया तथा अन्य विभिन्न जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि, अतिक्रमण, जमाबंदी, परिमार्जन, मुआवजा, सेवांत लाभ तथा बैंक खातों से अवैध निकासी जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार निष्पादित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा को पेंशन भुगतान में तेजी लाने, जिला शिक्षा पदाधिकारी को लंबित सेवांत लाभ एवं अवकाश वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने तथा अन्य विकासात्मक योजनाओं से संबंधित मामलों की जांच कर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक की समस्या का संवेदनशील, पारदर्शी और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रत्येक आवेदन का पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ गुणवत्तापूर्ण निष्पादन किया जाए, ताकि आम जनता का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

### उद्योग और निवेश को मिलेगी नई रफ्तार, DBRAP के प्रभावी क्रियान्वयन पर जिला प्रशासन का जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में उद्योगों के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और सरकारी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। जिला पदाधिकारी श्रीमती छिरिङ वाई भूटिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ से वीडियो




कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग विभाग द्वारा संचालित के अंतर्गत ऊइफ्थ्अढ के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य जिले में निवेश को प्रोत्साहित करना, उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना तथा व्यवसायों को आवश्यक अनुमतियाँ और सरकारी सेवाएँ सरल एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को विभागीय स्तर पर निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक संबंधित विभाग अपने कार्यालय से एक नोडल पदाधिकारी नामित कर उनका विवरण जिला उद्योग केंद्र को उपलब्ध कराए। इससे ऊइफ्थ्अढ के अंतर्गत विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और सभी कार्यों का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकेगा। बैठक में जिला उद्योग केंद्र के पदाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

### जनगणना-2027 की तैयारी तेजः जहानाबाद में चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू, सटीक आंकड़ों पर रहेगा विशेष जोर

**जहानाबाद (एनएसबी)।** भारत की जनगणना-2027 की तैयारियों को गति देते हुए जहानाबाद में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (ऊ२३१३ उील्ल२४२ ल्लंल्लुङ्क्षिङ्ग'झ्रऊल्ल्इ) तैयार करने के लिए चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना अधिकारी श्रीमती




छिरिङ वाई भूटिया ने ग्राम प्लेक्स में दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण का उद्घाटन किया और अधिकारियों को समयबद्ध, त्रुटिरहित एवं गुणवत्तापूर्ण डाटा संकलन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। 20 से 23 जुलाई, 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण में चार बैचों में संबंधित पदाधिकारियों एवं क्षेत्र अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका जिले की सामाजिक, आर्थिक, जनसांख्यिकीय तथा आधारभूत संरचना का महत्वपूर्ण दस्तावेज होती है। इसलिए प्रत्येक अधिकारी पूरी जिम्मेदारी के साथ शत-प्रतिशत शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी क्षेत्र अधिकारी मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से निर्धारित समय-सीमा के भीतर त्रुटिरहित डाटा अपलोड करें तथा प्रत्येक दिशा-निर्देश का कड़ाई से पालन करें। प्रथम बैच के प्रशिक्षण में नगर परिषद जहानाबाद, नगर पंचायत मखदुमपुर, काको एवं घोषी तथा प्रखंड मखदुमपुर के प्रतिनियुक्त क्षेत्र अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों और अपर चार्ज अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि 1 अगस्त से 30 अगस्त, 2026 तक सभी प्रतिनियुक्त क्षेत्र अधिकारी अपने-अपने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ऊल्ल्इ-2027 मोबाइल ऐप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से जनसांख्यिकीय, सामाजिक, आर्थिक और नागरिक सुविधाओं से संबंधित आंकड़ों का व्यवस्थित संकलन एवं अपलोड करेंगे। इन आंकड़ों के आधार पर जिले की अद्यतन एवं सटीक जिला जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार की जाएगी।

### युवाओं के सपनों को मिलेगी नई उड़ानः 23 जुलाई को जहानाबाद में लगेगा विशाल जिला स्तरीय रोजगार मेला

**जहानाबाद (एनएसबी)।** बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा अवसर लेकर जिला नियोजनालय, जहानाबाद 23 जुलाई, 2026 को जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में जिला स्तरीय वार्षिक रोजगार मेले का आयोजन करने जा रहा है। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में 13 प्रतिष्ठित कंपनियाँ विभिन्न पदों के लिए हजारों रिक्तियों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के शिक्षित एवं कुशल युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों से जोड़कर बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में ₹7,000 से ₹25,000 प्रतिमाह तक वेतन, साथ ही कई पदों पर पीएफ, कैंटीन, आवास, बस सुविधा, इंसेंटिव और कमीशन जैसी अतिरिक्त सुविधाएँ भी प्रदान की जाएंगी। नियुक्ति बिहार सहित दिल्ली, नोएडा, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद और देश के अन्य राज्यों में की जाएगी।

# दो युवकों की सड़क हादसे में मौत, गांव में पसरा मातम

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र के वालिदाद गांव के दो युवकों की सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों युवक मधुश्रवा स्थित भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करने जा रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतकों की पहचान नीतीश कुमार पिता- विश्वकर्मा नट एवं प्रेम कुमार पिता- अनिल नट दोनों निवासी ग्राम वालिदाद, थाना मेहंदिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह दोनों युवक बाइक से मधुश्रवा स्थित भगवान शिव मंदिर जा रहे थे। जैसे ही वे एनएच-139 के हरदिया मोड़ के समीप पहुंचे, विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई।जिससे दोनों युवक सड़क के दूर सड़क चार्ट मे जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस एवं स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कलेर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के



रोते बिलखते परिजन।

बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल अरवल रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल में भी चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए दोनों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना भेज दिया। हालांकि पटना ले जाने के दौरान रास्ते में ही दोनों ने दम तोड़ दिया।दोनों युवकों की मौत की सूचना जैसे ही वालिदाद गांव पहुंची, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों की चीख-पुकार से माहौल गमगीन हो गया। मृतकों के घर लोगों का तांता लगा रहा और ग्रामीण शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते रहे।ग्रामीणों ने बताया कि मृतक नीतीश कुमार के पिता विश्वकर्मा नट की भी लगभग दो वर्ष पूर्व वालिदाद गांव के समीप कब्रिस्तान के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। अब उसी परिवार पर दोबारा दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## हादसे में मृत दोनों किशोरों के परिजनों से मिले मुखिया दी आर्थिक सहायता

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया थाना क्षेत्र के वालिदाद गांव के दो किशोरों नीतीश कुमार एवं प्रेम कुमार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद इस्माइलपुर-कोयल पंचायत के मुखिया आनंद सिन्हा ने दोनों मृतकों के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी में हरसंभव साथ देने का भरोसा दिलाया।मुखिया आनंद सिन्हा ने दोनों मृतक किशोरों के आश्रित परिवारों को ₹2,500-₹2,500 की आर्थिक सहायता अपने स्तर से प्रदान की। इस दौरान



परिजनों से मिलते मुखिया।

उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। कम उम्र में दो किशोरों की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। मुखिया आनंद सिंह ने कहा, "यह बहुत बड़ी दुखद घटना है। इस दुख की घड़ी में मैं दोनों परिवारों के साथ हूं। मेरी ओर से हरसंभव सहयोग किया जाएगा। साथ ही सरकारी स्तर से जो भी सहायता पीड़ित परिवारों को मिलनी चाहिए, उसे दिलाने में मैं पूरा सहयोग करूंगा।"मुखिया के साथ मौजूद लोगों ने भी शोकाकुल परिवारों को सांत्वना दी। दोनों मृतक किशोरों के घर पर लोगों का तांता लगा रहा और पूरे गांव में मातम का माहौल बना हुआ है।

## जिलाधिकारी ने जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम में सनी लोगों की समस्याएं



लोगों की समस्याओं को सुनते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम, विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 04 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कब्जा, नल जल योजना, अंचलाधिकारी कार्यालय, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याए रखी, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम रामपुर वैना निवासी विपत दास द्वारा बताया गया कि विगत सात वर्षों से नल जल योजना चला रहा हूँ, जिसका अबतक अनुरक्षक का पेमेंट भुगतान नहीं किया गया है। भुगतान करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायती राज पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम करपी निवासी इंताक मंसुरी द्वारा बताया गया कि मेरे रैयती जमीन पर नुनु यादव एवं अन्य लोगों ने कब्जा कर लिया गया है, कब्जा से मुक्त करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी करपी को नियमानुसार जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। अरवल प्रखण्ड स्थित ग्राम हरना निवासी धनंजय कुमार द्वारा बताया गया कि कस्तुरबा गाँधी विद्यालय में आदेशपाल के चयन से संबंधित है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार स्वयं जाँच कर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निदेशित किया गया।

## लगातार वर्षा से खेती ने पकड़ी रफ्तार, मजदूरों की कमी से बढ़ी किसानों की परेशानी

**मेहंदिया (एनएसबी)।** जिले में खरीफ मौसम की खेती इन दिनों पूरे जोर-शोर से चल रही है। लगातार हो रही वर्षा और सिंचाई व्यवस्था में सुधार के कारण धान की रोपाई का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सुबह की पहली किरण से लेकर शाम ढलने तक किसान अपने परिवार और उपलब्ध मजदूरों के साथ खेतों में मेहनत करते दिखाई दे रहे हैं। हर गांव में खेतों का नजारा बदला हुआ है और किसान समय रहते धान की रोपाई पूरी करने में जुटे हैं।इस वर्ष समय पर हुई अच्छी बारिश के साथ-साथ मुख्य सोन नहर एवं उसकी विभिन्न वितरनी नहरों से नियमित रूप से पानी की आपूर्ति होने के कारण अधिकांश किसानों के खेतों तक आसानी से सिंचाई का पानी पहुंच गया है। जिन क्षेत्रों में पहले पानी की समस्या रहती थी, वहां भी इस बार खेतों में पर्याप्त नमी है। इसका लाभ उठाते हुए किसान किसी भी कीमत पर खेती का कार्य अगले एक सप्ताह के भीतर पूरा कर लेना चाहते हैं, ताकि फसल समय पर तैयार हो सके और बेहतर उत्पादन मिल सके।

लेकिन खेती के इस सबसे महत्वपूर्ण समय में किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती खेतिहर मजदूरों की कमी बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों के बड़ी संख्या में मजदूर रोजगार की तलाश में सूरत, गुजरात, दिल्ली, मुंबई, पंजाब और अन्य महानगरों का रुख कर चुके हैं। इसके कारण गांवों में मजदूरों की उपलब्धता काफी कम हो गई है। जिन गांवों में पहले आसानी से मजदूर मिल जाते थे, वहां अब किसानों को घंटों तलाश करनी पड़ रही है।मजदूरों की कमी का सीधा असर मजदूरी दर पर भी



खेत में कार्य करते मजदूर।

पड़ा है। जो मजदूर उपलब्ध हैं, वे पहले की अपेक्षा अधिक मजदूरी की मांग कर रहे हैं। कई स्थानों पर मजदूरी को लेकर किसान और मजदूरों के बीच लंबी बातचीत करनी पड़ रही है। मजबूरी में किसान अधिक मजदूरी देने के लिए तैयार हो रहे हैं, क्योंकि धान की रोपाई का यह सबसे उपयुक्त समय माना जाता है। यदि इस अवधि में रोपाई पूरी नहीं हुई तो उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। स्थिति यह है कि मजदूरों को खेतों तक लाने के लिए किसानों के बीच भी आपाधापी मची हुई है। कई किसान सुबह-सुबह ही मजदूरों को अपने खेत में काम कराने के लिए पहुंच जाते हैं। कहीं अधिक मजदूरी का प्रलोभन दिया जा रहा है तो कहीं भोजन और अन्य सुविधाएं देकर मजदूरों को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। एक ही गांव में मजदूरों को लेकर किसानों के बीच प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिल रहा है।किसानों का कहना है कि मौसम फिलहाल खेती के लिए पूरी तरह अनुकूल है। खेतों में पर्याप्त पानी उपलब्ध है और यदि अगले कुछ दिनों के भीतर रोपाई पूरी हो जाती है तो अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ जाएगी। इसलिए वे बढ़ी हुई मजदूरी का अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाने के बावजूद समय पर खेती का कार्य पूरा करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि धान की रोपाई समय पर पूरी होना अच्छी उपज के लिए बेहद आवश्यक है। ऐसे में मजदूरों की कमी किसानों के सामने बड़ी चुनौती बन गई है। यदि यही स्थिति बनी रही तो खेती की लागत और बढ़ सकती है, जिसका असर किसानों की आय पर भी पड़ेगा।फिलहाल अरवल जिले में एक ओर जहां लगातार वर्षा और नहरों से मिल रहे पानी ने किसानों के चेहरों पर उम्मीद की नई किरण जगाई है, वहीं दूसरी ओर मजदूरों की कमी और बढ़ती मजदूरी ने उनकी चिंता भी बढ़ा दी है। मौसम का पूरा लाभ उठाने के लिए किसान दिन-रात खेतों में जुटे हैं और हर हाल में जल्द से जल्द धान की रोपाई पूरी करने का प्रयास कर रहे हैं।

## शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र व युवाओं ने पदयात्रा निकाल किया प्रदर्शन




प्रदर्शन में शामिल छात्र।

**कुर्था (एनएसबी)।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग के समर्थन में सोमवार को कुर्था में छात्रों और युवाओं ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए पदयात्रा निकाली। बड़ी संख्या में छात्र-युवा सड़कों पर उतरे और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा व्यवस्था में सुधार तथा पेपर लीक की घटनाओं पर रोक लगाने की मांग की। पदयात्रा की शुरूआत जगदेव कॉलेज, कुर्था से हुई। इसके बाद छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर पैदल मार्च करते हुए कुर्था हाई स्कूल तक पहुंचे। इस दौरान कुर्था-गया मुख्य मार्ग पर प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा व्यवस्था, कथित पेपर लीक मामलों और छात्रों के भविष्य से जुड़े मुद्दों को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन कर रहे युवाओं का आरोप था कि देशभर में लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाओं से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हो रहा है, जबकि सरकार इन मामलों पर प्रभावी रोक लगाने में विफल रही है। युवाओं ने यह भी आरोप लगाया कि पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होने से छात्रों का सरकार पर भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के आंदोलन का भी समर्थन जताया। उनका कहना था कि लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे लोगों के साथ पुलिस द्वारा की जा रही सख्ती लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं की आवाज को दबाने का कोई भी प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। युवाओं ने रोजगार और नौकरी के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा कि सरकार उनकी समस्याओं की अनदेखी कर रही है। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि छात्रों की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा नहीं दिया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। हालांकि, पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। अंत में प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से पेपर लीक की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने, शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने तथा छात्रों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।

## छात्र-युवा आक्रोश दिवस पर निकाला विरोध मार्च

**अरवल (एनएसबी)।** जिला सचिव के नेतृत्व में आक्रोश मार्च आइसा,आरवाईए के बैनर तले भाकपा माले कार्यालय से विभिन्न मार्ग होते बाबा साहेब के प्रतिमा के पहुंचकर सभा में तब्दील हो गई। सभा अध्यक्षता शुऐब आलम ने किया। अमन कुमार यादव सामाजिक कार्यकर्ता, नीतीश कुमार, शाह शाद, जितेन्द्र यादव ने संबोधित किया।

संबोधित करते हुए जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि देश में हो रहे पेपर लिख के खिलाफ देश के राजधानी दिल्ली संसद भवन से कुछ दूरी पर जंतर मंतर पर छात्र संगठन आइसा , देश के जाने-माने वैज्ञानिक सोनम वांगचुक एवं अनशन पर बैठकर मोदी सरकार में पेपर लिखकर खिलाफ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा एवं देश में सभी शैक्षणिक संस्थान एवं इंस्टिट्यूट में बेहतर पढ़ाई की मांग कर रहे हैं लेकिन मोदी सरकार द्वारा अभी तक अनशनकारियों से बात नहीं कर और जबरदस्ती अनशनकारी को उठा ले जाना यह लोकतंत्र का काला धब्बा है जबकि बाबा साहब के संविधान में आंदोलन कार्यो के वार्ता सरकार को करवाना होता है और इस आधार पर उनकी मांग को पूरा करना होता है लेकिन संविधान को खत्म करने वाली मोदी सरकार देश में अराजकता फैल रही है।

2014 में मोदी जी छात्र युवा नौजवानों को 2 करोड़ प्रत्येक वर्ष नौकरी देने का वादा कर सत्ता में हासिल हुए लेकिन सत्ता मिलते ही शैक्षणिक संस्थान और इंस्टिट्यूट में




आक्रोश मार्च में शामिल लोग।

शिक्षा बजट कटौती कर बेहतर पढ़ाई देने से वंचित किया और नई शिक्षा नीति लाकर देश के नौजवानों को बर्बाद करने में लगे हैं। आज देश के नौजवानों को व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से

**पेपर लीक एवं शिक्षण संस्थानों की बर्बाद कर रहा है मोदी सरकार : जितेंद्र यादव**

**लोकतंत्र में आंदोलन की अधिकार को सरकार अपनी संसाधनों से कुचल रहा है : जितेन्द्र यादव**

अंधकार में रखकर नफरत फैलाने का काम कर रही है । रेगुलेशन यूजीसी लागू नहीं ओबीसी, एबीसी अनूसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति को शिक्षण संस्थानों उन छात्रों अत्याचार करवाया जा रहा है।

देश के अलग-अलग राज्यों एवं केंद्रीय भर्ती 90 परीक्षा में पेपर लीक की हुआ है। यह सब के जिम्मेवार भाजपा आरएसएस सरकार नौजवानों को गुलाम बनाकर पूंजी पत्तियों के फैक्ट्री में बंधुआ मजदूर बनाने वाला है। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा व्यापम घोटाला हुआ था।जिसमें 70 गवाहों को हत्या करवाया गया था।

कामरेड जितेंद्र यादव ने बोले कि बोलने की आजादी खत्म कर रहा है डबल इंजन सरकार। सवाल पूछने पर झूठे मुकदमे में पूर्व विधायक व लोकप्रिय नेता महानंद सिंह के ऊपर फिर दर्ज किया गया। जिसके खिलाफ 21 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रतिरोध मार्च महागठबंधन की ओर से की जाएगी।हम आप से अपील करने आये है कि बोलने की आजादी और अधिकार के लिये तानाशाह सरकार के खिलाफ इस मार्च में शामिल हों। भाकपा माले के रामकुमार शर्मा ,रमाकांत शर्मा,फराज,अरविंद कुमार,चितरंजन कुमार अनिल कुमार एवं सैकड़ों छात्र नौजवान मौजूद थे।